

■ केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- समझौते में हम कृषि क्षेत्र की सुरक्षा करने में रहे सफल
- 12



■ अमेरिका के औद्योगिक एवं कृषि उत्पादों की श्रृंखला पर शुल्क शून्य करेगा भारत
- 12



■ ड्रोन हमले की घटना के बाद ईरान अमेरिका वार्ता की उम्मीद धूमिल
- 13



■ आरसीबी की निगाह दूसरे खिताब पर, मिथक तोड़ने उतरेगी दिल्ली
- 14


आज का मौसम

22.0° अधिकतम तापमान

11.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.51 सूर्यास्त 05.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्थी 12:22 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 5 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 172, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## सीतापुर में जाली प्रपत्रों पर नौकरी पाने वाले चौबीस शिक्षक होंगे बर्खास्त

संवाददाता, सीतापुर

- नौ साल पहले भी एसटीएफ की जांच में 28 शिक्षकों के प्रमाणपत्र जाली मिले थे, जिसके बाद उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया गया था।

**अमृत विचार :** जनपद में जाली दस्तावेजों के आधार पर शिक्षक की नौकरी पाने वाले चौबीस आरोपियों पर गाज गिरना तय हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए इन फर्जी शिक्षकों को छह माह के भीतर सेवा से बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। विभाग द्वारा इन सभी के खिलाफ बर्खास्तगी की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

वर्ष 2024 की 12460 शिक्षक भर्ती के तहत तैनात करीब 11 हजार शिक्षकों के अभिलेखों का सत्यापन दो चरणों में कराया गया था। दूसरे चरण की जांच में चौबीस शिक्षकों के टीईटी और डीएलएड जैसे महत्वपूर्ण प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए। इसके बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन्हें निलंबित कर संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई थी। फर्जीवाड़े का यह पहला मामला नहीं है। नौ साल पहले भी एसटीएफ की जांच में 28 शिक्षकों के प्रमाणपत्र जाली मिले थे, जिसके बाद उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया गया था।

> जाली प्रपत्रों के मामले पिछले वर्ष सत्यापन में पकड़े गए थे। नियमानुसार निलंबन और एफआईआर की कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है। अब हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर जल्द ही बर्खास्तगी की कार्रवाई संपन्न की जाएगी।
> – **अखिलेश प्रताप सिंह,** बेसिक शिक्षा अधिकारी

## लंबित आवास मामलों के निस्तारण को लागू करें ओटीएस : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी पात्र आवंटियों तक ओटीएस योजना की जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार के निर्देश
- डिफॉल्टर मामलों के निस्तारण में गति लाएं, प्रक्रिया को पूरी तरह यूजर-फ्रेंडली बनाएं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में वर्षों से लंबित आवासीय और व्यावसायिक आवंटन मामलों के निस्तारण के लिए सरकार नई 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस-2026)' लागू करने का निर्देश दिया। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि लंबित देयों और विवादों के कारण आम नागरिकों को परेशानी होती है और विकास योजनाओं की गति भी प्रभावित होती है।



लखनऊ में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ओटीएस-2026 योजना को जन-केंद्रित, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाया जाए, ताकि वास्तविक आवंटियों को राहत मिल सके और विभाग को राजस्व प्राप्त हो। एकमुश्त भुगतान करने वाले आवंटियों को देयों पर उपयुक्त छूट देने के साथ किस्तों में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का निस्तारण तय समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में लागू ओटीएस योजना से बड़ी संख्या में मामलों का समाधान हुआ था, लेकिन कोविड काल के दौरान कई आवंटी अंतिम भुगतान नहीं कर पाए। इन्हीं मामलों को ध्यान में रखते हुए नई योजना लाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि डिफॉल्टर मामलों के निस्तारण में तेजी लाई जाए और पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन व यूजर-फ्रेंडली बनाया जाए। साथ ही, योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी पात्र आवंटी इसकी जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि नई ओटीएस योजना से हजारों आवंटियों को राहत मिलेगी और आवास विभाग की योजनाओं को नई गति मिलेगी।

### ब्रीफ न्यूज

### उड़ानें रद्द होने के मामले में इंडिगो के खिलाफ जांच का आदेश

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने परिचालन अड़चनों के कारण दिसंबर में हजारों उड़ानें रद्द किए जाने के मामले में बुधवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के खिलाफ विस्तृत जांच का आदेश दिया। घटना के करीब दो महीने बाद जारी इस आदेश में सीसीआई ने कहा कि बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कर इंडिगो ने अपनी निर्धारित क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बाजार से हटा लिया, जिससे कृत्रिम अभाव की स्थिति पैदा हुई और व्यस्त मांग के दौरान यात्रियों की हवाई यात्रा तक पहुंच सीमित हुई।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र नौ से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 2026-27 नौ फरवरी से शुरू होकर 20 फरवरी तक चलेगा। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की ओर से दोनों सदनों को एक साथ संबोधित करने के साथ ही सत्र की शुरुआत होगी। उसी दिन राज्यपाल का अभिभाषण पढ़ा जाएगा और अध्यादेश, अधिसूचनाएं, नियम आदि औपचारिक कार्य सदन के पटल पर रखे जाएंगे। बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सदन में प्रस्तुत किया जाएगा। सत्र के दौरान बजट और उससे संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा होगी और यह 20 फरवरी तक संचालित रहेगा।

### मुक्तिनाथ तीर्थयात्रा के लिए नेपाल-भारत के बीच सीधी बस सेवा

**काठमांडू।** नेपाल की बेनी नगरपालिका को भारत की राजधानी नई दिल्ली से जोड़ने वाली सीधी बस सेवा शुरू की गई है। अधिकारियों के मुताबिक, इस बस सेवा के जरिए प्रसिद्ध हिंदू और बौद्ध तीर्थस्थल मुक्तिनाथ की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। बेनी को नेपाल के गंडकी प्रांत के मुस्तांग जिले में स्थित प्राचीन विष्णु मंदिर मुक्तिनाथ का प्रवेश द्वार माना जाता है। मुक्तिनाथ मंदिर, हिंदू और बौद्ध दोनों समुदाय के लोगों के लिए पवित्र है। मुक्तिनाथ को 'मुक्ति के देवता' के रूप में जाना जाता है। हिंदू और बौद्ध धर्म के अनुयायी इसे क्रमश: हिंदू देवता विष्णु और बौद्ध देवता अवलोकितेश्वर से संबंधित पवित्र स्थान मानकर इसकी पूजा करते हैं।

# भारी हंगामे के बीच लोकसभा दिन भर के लिए स्थगित, मोदी का संबोधन टला

## नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के अंश न पढ़ने देने पर बना रहा गतिरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को भी लोकसभा जंग का मैदान बनी रही और उसकी कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद शाम पांच बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। भारी हंगामे के बीच विपक्षी सदस्यों ने आसन के सामने कागज भी शाम पांच बजे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देना था, लेकिन प्रधानमंत्री का संबोधन भी टल गया।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के अप्रकाशित पुस्तक के अंश पढ़ने की अनुमति नहीं मिलने और आठ विपक्षी सदस्यों के निलंबन के मुद्दे पर लोकसभा में गतिरोध बना रहा। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया ही था कि विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

विपक्षी सदस्यों ने आसन के समीप और सत्तापक्ष की पंक्तियों के सामने आकर नारेबाजी की। बिरला की रोकटोक के बाद भी विपक्षी सदस्यों का शोरशराबा नहीं थमा तो उन्होंने पांच मिनट बाद ही बैठक दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वक्तव्य पढ़ा। कुछ देर बाद ही हंगामे के बीच बिरला ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद शाम पांच बजे और फिर पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।



लोकसभा में बुधवार को विपक्ष के सांसदों ने आसन के सामने आकर की नारेबाजी।

### राहुल ने कहा गद्दार, बिट्टू बोले- कांग्रेस नेता देश के दुश्मन

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तब कुछ नोकझोंक हुई जब संसद परिसर में कांग्रेस नेता ने उन्हें गद्दार कहकर संबोधित किया और जवाब में बिट्टू ने कांग्रेस नेताओं को देश के दुश्मन बताया। संसद के मकर द्वार के निकट निलंबित आठ विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन के दौरान गुजर रहे कांग्रेस नेता रह चुके बिट्टू टिप्पणी करते सुने गए कि ये जंग जीतकर आए हैं। इस पर राहुल गांधी ने कहा, देखिए यहां एक गद्दार चला आ रहा है...मेरे गद्दार मित्र, चिंता मत करो, वापस आ जाओ। इस पर बिट्टू ने कहा कि ये देश के दुश्मन हैं।

### पुस्तक के जवाब में पुस्तक, निशिकांत दुबे ने की नेहरू को घेरने की कोशिश



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे भी बुधवार को सदन में नरवणे की पुस्तक के जवाब में कुछ पुस्तकें लेकर पहुंचे और उनका जिक्र करते हुए नेहरू-गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया। इस दौरान पीठासीन सभापति तेन्नेटी ने किसी पुस्तक या पत्र का उल्लेख न करने संबंधी अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देश का उल्लेख किया, लेकिन दुबे किताबों को दिखाते हुए उनके लेखकों और उनमें लिखी सामग्री के बारे में टिप्पणी करते रहे।

### बिरला ने समझाया, नहीं माने

बिरला ने नाराजगी जताते हुए कहा, इस देश में आप सरकार में रहे हैं। फिर भी सदन की मर्यादाओं को तोड़ रहे हैं। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा, आप चुनकर आते हैं। सदन के अंदर और बाहर विरोध का तरीका होता है। हालांकि इसके बाद भी हंगामा नहीं थमा।

## ऑनलाइन गेम का टास्क... तीन बहनें नौवीं मंजिल से कूदीं, मौत

- गाजियाबाद के साहिबाबाद में हुई दिल दहलाने वाली घटना, नाबालिग थीं तीनों कोरियन 'लव गेम' की लत की थीं शिकार



निशिका प्राची पाखी

गाजियाबाद, एजेंसी

ऑनलाइन टास्क आधारित कोरियन गेम 'लव गेम' की लत की शिकार तीन नाबालिग बहनों ने गाजियाबाद के साहिबाबाद में मंगलवार देर रात नौवीं मंजिल के एक फ्लैट की बालकनी से कूदकर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक कुछ दिनों पहले परिवार ने उनके इस गेम को खेलने पर रोक लगा दी थी, जिसकी वजह से वे परेशान थीं। संभवतः इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया।

शालीमार गार्डन के एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि तीनों बहनें ऑनलाइन कोरियन गेम 'लव गेम' की आदी थीं, माता-पिता उनके बहुत ज्यादा गेम खेलने पर आपत्ति जताते थे। कोरियन टास्क-बेस्ड गेम में खिलाड़ियों को लक्ष्य दिए जाते हैं, उसी से गेम आगे बढ़ता है। पुलिस की जांच में पता चला कि लड़कियां कोरियन सामग्री से काफी प्रभावित थीं और ज्यादातर समय मोबाइल फोन पर बिताती थीं। एसीपी के मुताबिक मंगलवार देर रात 2:15 बजे सूचना मिली थी कि साहिबाबाद के टीला मोड़ थना क्षेत्र में 'भारत सिटी' के एक टावर की नौवीं मंजिल से तीन लड़कियों ने छलांग लगा दी है। मौके पर पहुंची पुलिस भूतल पर गिरकर बुरी तरह घायल निशिका (16), प्राची (14) और पाखी (12) को एंबुलेंस से लोनी के एक अस्पताल ले गई जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। लड़कियों के पिता चेतन कुमार ने बताया कि घटना के दौरान पूरा परिवार सो रहा था। लड़कियां पानी पीने के बहाने उठीं, अंदर से दरवाजा बंद किया और बालकनी से कूद गईं। उन्होंने बताया कि लड़कियों के पास मोबाइल फोन थे।

### कोविड काल में लगी लत, दो साल पहले छोड़ दी पढ़ाई

पुलिस के मुताबिक, बहनें कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन गेम की आदी हो गई थीं। यह लत उन्हें इतनी बुरी तरह लगी कि दो साल पहले उन्होंने स्कूल जाना भी छोड़ दिया। एसीपी ने बताया कि तीनों नहाने से लेकर खाने तक और सोने से लेकर स्कूल जाने तक सब कुछ एक साथ करती थीं। पहले भी पढ़ाई में उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। पुलिस को लड़कियों की एक डायरी मिली है जिसमें एक नोट में लिखा है, इस डायरी में लिखी हर बात पढ़ लेना, सब यहीं है। रोते हुए चेहरे के इमोजी के साथ लिखा था, आई एम रियली सॉरी... सॉरी पापा।




## उधमपुर में जैश के टॉप कमांडर समेत दो आतंकवादी किए ढेर

जम्मू, एजेंसी

- करीब 20 घंटे के अभियान के बाद सुरक्षा बलों को मिली सफलता

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक गुफा में छिपे जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक स्वघोषित शीर्ष कमांडर रुबानी उर्फ अबू मविया समेत दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को बुधवार को सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में मार गिराया।

अधिकारियों के मुताबिक दोपहर के वक्त जब सुरक्षा बलों ने गुफा पर धावा बोला तो कई जोरदार धमाके सुनाई दिए। मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान रुबानी उर्फ अबू मविया के रूप में हुई, जो कई वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय था। एक आतंकवादी का शव गुफा के पास से बरामद किया गया, दूसरे का शव गुफा के अंदर मिला। अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार शाम रामनगर के जाफड़ वन क्षेत्र में संयुक्त दस्ते ने गुफा के भीतर आतंकवादियों का पता लगाया, जिसके बाद करीब 20 घंटे तक मुठभेड़ हुई। मारे गये आतंकवादियों के पास से एक एम4 कार्बाइन और एक एके असॉल्ट राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

## जनगणना के दूसरे चरण से पहले अधिसूचित किए जाएंगे जाति संबंधी प्रश्न

- सरकार ने संसद में कहा- द्वितीय चरण में की जाएगी जाति की गणना

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि जनगणना के द्वितीय चरण में जाति की गणना की जाएगी और जाति से संबंधित प्रश्न दूसरा चरण शुरू होने से पहले अधिसूचित किए जाएंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लिखित जवाब में कहा कि जनगणना 2027 करवाने की मंशा अधिसूचित कर दी गई है। भारत में जनगणना दो चरणों में होती है और प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण कार्य में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्तियों, सुविधाओं आदि की जानकारी एकत्र की जाती है।

## लखनऊ व हरदोई के डीपीआरओ निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विकास कार्यों की खराब प्रगति पर निदेशक ने की कार्रवाई
- उप निदेशक पंचायत को सौंपी जांच, एक माह में मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** लखनऊ के प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) जितेंद्र कुमार गोंड और हरदोई के प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी विनय कुमार सिंह बुधवार को निलंबित कर दिए गए। दोनों को मुख्यालय संबद्ध करके जांच उपनिदेशक को सौंपी गई है, एक माह में जांच रिपोर्ट भी मांगी है। यह कार्रवाई निदेशक पंचायती राज अमित कुमार ने समय पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना पूर्ण न करना, आरजीएसए, एसबीएम, अंत्येष्टि स्थल व अन्य योजनाओं की खराब प्रगति मिलने पर की है।

संबंधित द्वारा अन्य समिति संबंधी प्रकरणों में रुचि नहीं ली गई। साथ ही उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की। दोनों इन प्रकरणों में लापरवाही बरतने के साथ प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। जितेंद्र कुमार के आरोपों की जांच उपनिदेशक पंचायत मुख्यालय योगेंद्र कटियार और विनय कुमार की जांच के लिए उपनिदेशक देवीपाटन मंडल गिरीश चंद्र रजक को नामित किया गया है।

वहीं, लखनऊ में केंद्र से मिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का बजट ग्राम पंचायतों के खातों में नहीं भेजा गया। इससे नये व पुराने कार्य प्रभावित हैं।

## ममता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- लोकतंत्र को बचा लें

नई दिल्ली, एजेंसी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एसआईआर पर सुनवाई के दौरान खुद सुप्रीम कोर्ट में दलीलें पेश कीं और चुनाव आयोग पर राज्य को निशाना बनाकर लोगों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए शीर्ष कोर्ट से लोकतंत्र की रक्षा करने की अपील की।

सुप्रीम कोर्ट ने ममता बनर्जी की याचिका पर चुनाव आयोग और बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी कर नौ फरवरी तक जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने पश्चिम बंगाल की सेवारत मुख्यमंत्री की दलीलों पर गौर करते हुए टिप्पणी की कि पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए। ममता बनर्जी ने कोर्ट में दलीलें देते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन असम में अलग मापदंड अपनाए जा रहे हैं। ममता ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग आधार कार्ड स्वीकार नहीं कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि कई जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया है।

## नीट पीजी के कटऑफ पर्सेंटाइल घटाने पर केंद्र को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी 2025-26 में दाखिले के लिए पात्रता कटऑफ पर्सेंटाइल में भारी कमी करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को केंद्र से जवाब मांगा।

कोर्ट ने केंद्र, एनबीईएमएस, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग को नोटिस जारी किए हैं। देश भर में 18,000 से अधिक सीट खाली रहने के कारण बोर्ड ने नीट पीजी 2025 की पात्रता पर्सेंटाइल को संशोधित किया है। आरक्षित श्रेणियों के लिए इसे 40 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया है जिससे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी स्नातकोत्तर मेडिकल सीट के लिए काउंसलिंग के तीसरे दौर में शामिल हो सकेंगे।

**मेडिकल डिवाइस पार्क** | मैन्युफैक्चरिंग का हब बना यीडा, 101 इकाइयों को मिला भूमि आवंटन

## औद्योगिक इकाइयों के लिए 188 .15 एकड़ भूमि आरक्षित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 22 नए प्लॉट्स आवंटन के लिए प्रस्तावित, 11 फरवरी तक किया जा सकेगा आवेदन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में मेडिकल डिवाइस पार्क तेजी से आकार ले रहा है।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में विकसित हो रहे इस पार्क में अब तक 101 औद्योगिक इकाइयों को प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं, जिनमें से 12 इकाइयों ने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। नए प्लॉट्स के लिए आवेदन लेना शुरू हो गए हैं।



यीडा के अधिकारियों के अनुसार, मेडिकल डिवाइस पार्क में कुल 188.15 एकड़ भूमि औद्योगिक इकाइयों के लिए आरक्षित है, जहां 203 इंडस्ट्रियल प्लॉट विकसित किए गए हैं। इनमें से आधे से अधिक प्लॉट्स का आवंटन हो चुका है। 49 इकाइयों ने साइट का कब्जा ले लिया है, जबकि 62 लीज डीड निष्पादित की जा चुकी हैं। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, 23 इकाइयों के भवन मानचित्र स्वीकृत हो चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले कुछ माह में यहां उत्पादन गतिविधियां शुरू होने की संभावना है।

### योगी मॉडल को मिलेगी अंतर्राष्ट्रीय पहचान

उद्योग विशेषज्ञों ने कहा, योगी सरकार के विजन के अनुरूप यमुना एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित एयरपोर्ट और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस सिस्टम से यह क्षेत्र मेडिकल डिवाइस सेक्टर में निवेशकों के लिए आकर्षण बन रहा है। सरकार की नीतियों से आने वाले वर्षों में यूपी, मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग का पावरहाउस बन सकता है। प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

### समग्र औद्योगिक इकोसिस्टम पर फोकस

मेडिकल डिवाइस पार्क को एक समग्र औद्योगिक इकोसिस्टम के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत वेयरहाउस, ग्रीन एरिया, कामर्शियल जोन, कॉमन फैसिलिटी एरिया और पार्किंग व सड़क अवसंरचना का विकास किया गया है। पार्क में 18 .66 एकड़ ग्रीन एरिया, 9 .02 एकड़ वेयरहाउस प्लॉट और 4 .84 एकड़ कामर्शियल क्षेत्र शामिल हैं।

### 22 नए प्लॉट्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

यीडा ने निवेशकों के लिए नए अवसर खोलते हुए 22 अतिरिक्त औद्योगिक प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत 10 .32 एकड़ भूमि पर विकसित प्लॉट्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिनमें 1000 वर्गमीटर के 11 प्लॉट, 2100 वर्गमीटर के 9 प्लॉट तथा 5940 वर्गमीटर के 2 प्लॉट शामिल हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेश में कैंसर ट्रीटमेंट नेटवर्क स्थापित

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैंसर के इलाज के लिए अब उत्तर प्रदेश के मरीजों को दिल्ली या मुंबई जाने की जरूरत नहीं है। लखनऊ से वाराणसी तक विकसित कैंसर ट्रीटमेंट नेटवर्क राज्य को देश का सबसे बड़ा और सुलभ कैंसर उपचार केंद्र बनाता है। राजधानी लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान और वाराणसी में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र और होमी भाभा कैंसर अस्पताल टाटा मेमोरियल मॉडल पर काम कर रहे हैं। कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में 220 बेड, आधुनिक रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी और सर्जरी की सुविधाओं के साथ मरीजों को एक छत के नीचे समग्र इलाज उपलब्ध है। वाराणसी के केंद्र पूर्वांचल के लिए जीवनरेखा साबित हुए हैं, जहां रेफरल सिस्टम, विशेषज्ञ परामर्श और तकनीकी सहयोग के जरिए त्वरित इलाज दिया जाता है। उत्तर प्रदेश में कैंसर स्क्रीनिंग, ओपीडी और सफल सर्जरी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### श्रमिकों को अधिकारों की दी जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन और श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से लखनऊ में संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रमुख सचिव (श्रम एवं सेवायोजन) डॉ. एमके शन्मुगा सुंदरम ने कहा कि श्रम संहिताओं का उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा के साथ उन्हें मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। एपीसेन रोड स्थित कार्यालय में बुधवार को प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थितियां संहिता 2020 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में श्रमिक प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया और 45 दिवस के भीतर नियमावली पर सुझाव व आपत्तियां प्रस्तुत करने की व्यवस्था की जानकारी दी गई। संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ और एवरेडी फ्लैशलाइट कंपनी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। इसके अतिरिक्त श्रम सलाहकार एसोसिएशन, औद्योगिक न्यायाधिकरण और श्रम विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### विधिक माप विज्ञान नियमों में संशोधन पर किया संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ:** ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियमावली, 2011 में प्रस्तावित संशोधनों पर विचार-विमर्श किया गया है। नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, उप्र. की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में हितधारकों के साथ व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। बैठक में जनविश्वास अधिनियम-2023 के तहत लघु अपराधों को डिक्रिमिनलाइज कर सजा की बजाय अर्थदंड व्यवस्था लागू करने पर चर्चा हुई। इसके माध्यम से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आम जनहित की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों में फिक्की, सीआईआई, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स, एसोसिएटेड चैंबर, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, उद्योग व्यापार मंडल और तेल कंपनियों जैसे इंडियन ऑयल, नायरा एनर्जी, एचपीसीएल ने भाग लिया। प्रत्येक प्रस्तावित संशोधन की धारा पर विस्तृत प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया और सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की गईं।

# 13 जिलों की अग्निवीर भर्ती कल से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में तैयारी शुरू
- रिक्रूटिंग जोन उप्र. और उत्तराखंड के तहत होगी रैली



**अमृत विचार :** रिक्रूटिंग जोन उप्र. और उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (मुख्यालय) लखनऊ अंतर्गत 13 जिलों की अग्निवीर भर्ती रैली 6 से 20 फरवरी तक होगी। छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर (टेक्निकल), अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल और अग्निवीर (ट्रेड्समैन) की भर्ती रैली की तैयारी शुरू हो गई है। परिसर में टेंट से लेकर अन्य इंतजाम अभ्यर्थियों के लिए किए जा रहे हैं।

रैली में वे अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्होंने जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास किया है। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस (एआरओ) लखनऊ के तहत 13 जिले औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के लगभग 13 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। अभ्यर्थियों को जारी किए गए एडमिट कार्ड पर बताई गई तारीख और समय पर 2 बजे (आधी रात) एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रिपोर्ट करना होगा।

### 18 को अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती

18 फरवरी को अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस की अलग से भर्ती रैली आयोजित होगी। इसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों से करीब एक हजार अभ्यर्थी भाग लेंगे। महिला अभ्यर्थियों को सुबह 4 बजे रिपोर्ट करना होगा। प्रक्रिया एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम में संपन्न होगी।

# यूपी में बढ़ा राज्य पक्षी सारस का कुनबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**20,628** कुल संख्या शीतकालीन गणना में दर्ज

**3304** सर्वाधिक इटावा में पाए गए

**अमृत विचार :** प्रदेश के 68 वन प्रभागों में शीतकालीन गणना में कुल 20,628 सारस पाए गए हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा है। वर्ष 2024 में शीतकालीन गणना के दौरान प्रदेश में 19,994 सारस दर्ज किए गए थे। जबकि वर्ष 2023 में प्रदेश में 19,196 सारस पाए गए थे। वन विभाग द्वारा कराई जाने वाली राज्यव्यापी गणना में प्रदेश में राज्य पक्षी सारस की संख्या लगातार बढ़ रही है।

वन विभाग के अनुसार, प्रदेश में सारस की गणना वर्ष में दो बार ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन की जाती है। ताजा गणना में इटावा वन प्रभाग में सर्वाधिक 3304 सारस पाए गए। वहीं, प्रदेश के 10 वन प्रभागों में सारसों की संख्या 500 से अधिक रही।

शीतकालीन गणना के आंकड़ों के मुताबिक, इटावा के बाद मैनपुरी में 2899, औरैया में 1283, शाहजहांपुर में 1078, गोरखपुर में 950, कन्नौज में 826, कानपुर देहात में 777, हरदोई में 752, सिद्धार्थनगर में 736 और संतकबीर नगर में 701 सारस पाए गए।



प्रदेश के 29 वन प्रभागों में सारसों की संख्या 100 से 500 के बीच रही। इनमें रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, बरेली, बाराबंकी, बांदा, फिरोजाबाद, बस्ती, अमेठी, अलीगढ़, बिजनौर, गौतमबुद्धनगर और बहराइच समेत कई जिले शामिल हैं।

गणना के दौरान 29 वन प्रभागों में सारसों की संख्या 100 से कम दर्ज की गई। इनमें पीलीभीत सामाजिक वानिकी, हमीरपुर, अयोध्या, कुशीनगर, हाथरस, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, आजमगढ़, जौनपुर, मऊ, रामपुर और हापुड़ जैसे जिले शामिल हैं।

वन विभाग के अनुसार, इस शीतकालीन गणना कार्यक्रम में प्रदेशभर से करीब 10 हजार नागरिकों ने सहभागिता की।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वन विभाग वन्यजीव संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन गणनाओं से सारस संरक्षण की स्थिति पर नियमित निगरानी रखी जा रही है।

# अयोध्या में बनेगी 'वैदेही आर्ट गैलरी'

## मुख्यमंत्री योगी ने श्रीअयोध्या धाम में गैलरी की स्थापना के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रतीकात्मक चित्र

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीअयोध्या धाम में माता सीता के जीवन और आदर्शों पर केंद्रित 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सीता मइया भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों की प्रतीक हैं और नई पीढ़ी को उनके दिव्य चरित्र से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित वैदेही आर्ट गैलरी केवल एक कला-संग्रहालय नहीं होगी, बल्कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से माता सीता के जीवन, त्याग, करुणा, धैर्य और शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने वाला सांस्कृतिक केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि गैलरी की अवधारणा ऐसी होनी चाहिए कि आगंतुक केवल जानकारी न प्राप्त करें, बल्कि सीता माता के जीवन-संदेश को अनुभव भी कर सकें। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया कि यह गैलरी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निकट वरिष्ठ (वशिष्ठ) भवन परिसर में विकसित की जाए, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अयोध्या को वैश्विक सांस्कृतिक नगर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी।

- सीता मइया के जीवन संदेश से होगा साक्षात्कार
- मिथिला की संस्कृति और कला के विविध आयाम दिखेंगे

साथ ही निर्देश दिए कि गैलरी में मिथिला की संस्कृति, लोकपरंपराओं और कला के विविध स्वरूपों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाए, जिससे माता सीता की विरासत को समग्र रूप में प्रस्तुत किया जा सके।

### लौटा गुप्तारघाट का वैभव, जल्द खुलेगा ओपन एयर थियेटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार के प्रयासों से अयोध्या के गुप्तारघाट का वैभव पुनः लौट रहा है। तीसरे चरण के विकास कार्य अंतिम दौर में हैं और ओपन एयर थियेटर संभवतः होली तक जनता के लिए खुल जाएगा। इस परिसर में रावण वध, हनुमान और जटायु की भव्य मूर्तियां स्थापित की जा चुकी हैं, जो रामायण की कहानी को जीवंत रूप में दर्शाएंगी। मान्यता है कि भगवान श्री राम ने इसी घाट से जल समाधि ली थी। पहले दो चरणों में घाट का सौंदर्यीकरण, वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाएं, आधुनिक पार्क और योग-ध्यान केंद्र तैयार किए जा चुके हैं। तीसरे चरण में 18.34 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग, पाथवे, टिकट घर, गार्ड रूम, टॉयलेट ब्लॉक, किचन, इंटरप्रिटेशन सेंटर, भित्ति चित्र और बाउंड्री वॉल का काम तेजी से चल रहा है।

# विभिन्न श्रेणी की ई-बसों के किराये की दरें तय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** परिवहन निगम ने प्रदेश में विभिन्न जिलों में संचालित अपने इलेक्ट्रिक वाहनों और बसों का किराया बुधवार को तय कर दिया है। इनमें साधारण नान एसी, वातानुकूलित, स्लीपर और हाईएंड स्कैनिया समेत विभिन्न कैटेगरी की ई-बसें शामिल हैं। किराये की यह दरें तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। इस आशय के आदेश प्रधान प्रबंधक संचालन अनिल कुमार की ओर से सभी क्षेत्रीय और सेवा प्रबंधकों को जारी कर दिए गए हैं।

प्रदेश के करीब सात शहरों में इन बसों का संचालन धीरे-धीरे शुरू हो रहा है। तकरीबन 220 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। इनमें प्रमुख रूप से प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर, लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, साहिबाबाद आदि जगहों पर ई-बसों का संचालन किया जा रहा है। इसे लेकर अलग-अलग सिंगमेंट की ई-बसों का किराया लागू कर दिया गया है।

### कैटेगरी व किराये की दरें (पैसे प्रति किमी)

| | |
|---|---|
| साधारण सेवा-इलेक्ट्रिक नॉन एसी | - 130.00 |
| जनरथ 3 बाई टू-इलेक्ट्रिक 3 बाई टू एसी | - 163.86 |
| जनरथ टू-बाई- टू- इलेक्ट्रिक टू बाई टू एसी | - 193.76 |
| एसी स्लीपर- इलेक्ट्रिक स्लीपर एसी | - 258.78 |
| हाई एंड वॉल्वो-स्कैनिया-हाई एंड इलेक्ट्रिक एसी | - 286.14 |

# सिल्क एक्सपो बना शुद्ध रेशम का भरोसेमंद मंच

## एक्सपो में लगे 55 स्टालों पर देशभर के उत्पाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के पारंपरिक रेशम उद्योग को नई पहचान मिल रही है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में मंत्री राकेश सचान ने रेशम विभाग द्वारा आयोजित सिल्क एक्सपो-2026 का शुभारंभ किया और बताया कि शुद्ध सिल्क की पहचान के लिए पहली बार एक्सपो में सिल्क टेस्टिंग लैब स्थापित की गई है, जहां लोग मौके पर ही रेशम की शुद्धता की जांच करा सकते हैं। इससे उपभोक्ताओं को असली और मिलावट-मुक्त सिल्क खरीदने में सुविधा मिलेगी।

गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुधवार को रेशम उद्योग मंत्री ने बताया कि एक्सपो में शुद्ध रेशम की पहचान और मिलावट से बचाव पर विशेष फोकस किया गया है। साथ ही कहा कि योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश में रेशम उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले जहां उत्पादन 27 मीट्रिक टन था, वह अब बढ़कर 450 से 500 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को रेशम उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है।

6 फरवरी तक चलने वाले इस सिल्क एक्सपो में उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के बुनकरों के 55 स्टाल लगाए गए हैं। यहां बनारसी, चंदेरी, कांजीवरम, मैसूर सिल्क, पैठणी और धर्मावरम साड़ियों समेत शुद्ध रेशमी उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है।



स्टाल पर रेशम का वस्त्र दिखाता कारोबारी।

इस अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान प्रदान किया गया और रेशम मित्र-2025 पत्रिका का विमोचन भी हुआ।

# पर्यटन क्षेत्र बनेगा मजबूत ग्रोथ इंजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में पर्यटन क्षेत्र को मजबूत ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रदेश में 100 करोड़ से अधिक पर्यटकों के आगमन, राज्य की जीवीए में पर्यटन का योगदान 5 प्रतिशत और देश के कुल पर्यटन जीवीए में यूपी की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

- देश के कुल पर्यटन जीवीए में यूपी की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य : जयवीर सिंह

गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के विजन के अनुरूप पर्यटन को आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन का प्रमुख माध्यम बनाया जा रहा है। 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पर्यटन अवसंरचना, निजी निवेश और सेवाओं में सुधार पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

पर्यटन रोडमैप के अनुसार, वर्तमान में राज्य की जीवीए में 1.2 प्रतिशत योगदान देने वाला पर्यटन क्षेत्र 2047 तक 5 प्रतिशत तक पहुंचाया जाएगा। देश के पर्यटन जीवीए में यूपी की हिस्सेदारी 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत करने की योजना है। विदेशी पर्यटकों की संख्या 45 लाख से अधिक करने का लक्ष्य भी रखा गया है।

अयोध्या, काशी, मथुरा, नैमिषारण्य, कालिंजर फोर्ट और बाबा नीब करौरी जैसे धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बेहतर कनेक्टिविटी, होमस्टे, 5-स्टार होटल, स्वच्छता और सुरक्षित पर्यटन वातावरण को प्राथमिकता दी जा रही है।




इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025-26 के पुरस्कृत विजेताओं के साथ अधिकारी। अमृत विचार

# स्किल्स प्रतियोगिता में दिखा यूपी के युवाओं का दम, 40 विजेता सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार की पहल से प्रदेश के युवा अब वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो रहे हैं। उप्र. कौशल विकास मिशन के तहत आयोजित इंडिया स्किल्स कॉम्पीटिशन 2025-26 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के 40 विजेताओं को विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा 20 विभिन्न स्किल ट्रेड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रत्येक ट्रेड से दो विजेताओं का चयन किया गया।

कौशल विकास मिशन मुख्यालय में बुधवार को सम्मान समारोह में कौशल विकास प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचने का अवसर देती हैं। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि सभी चयनित विजेता 4 और 5 फरवरी को लखनऊ में आयोजित विशेष बूट कैंप में भाग लेंगे, जहां उन्हें नॉर्थ रीजनल स्किल्स प्रतियोगिता की तैयारी कराई जाएगी।

मालूम हो कि वर्ष 2026 के लिए प्रदेश से 1.09 लाख से अधिक पंजीकरण हुए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक पंजीकरण वाला राज्य बन गया है। इस वर्ष प्रदेश ने 20 स्किल्स में भागीदारी कर कौशल विकास के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

कार्यक्रम के दौरान कौशल विकास मिशन के सोशल मीडिया सेल का शुभारंभ और नार्थ रीजनल एनआईईएसबीयूटी के साथ एमओयू का हस्तांतरण भी किया गया।

**बाल-प्रेम** | बालहठ के साथ निश्छल मन से अपनी बात जनता दर्शन में मुख्यमंत्री के सामने रखते हैं प्रदेश भर के बच्चे

# बच्चों की जिद में पिघल जाते कठोर समझे जाने वाले सीएम योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सख्त कानून व्यवस्था और अपराध के खिलाफ कठोर रुख के लिए पहचाने जाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक अलग ही रूप बच्चों के बीच देखने को मिलता है। मासूमों की जिद, उनकी बेबाक फरमाइश और निश्छल मुस्कान के सामने मुख्यमंत्री का कोमल हृदय स्वतः झलकने लगता है। यही वजह है कि प्रदेश भर से बच्चे बेझिझक मुख्यमंत्री तक पहुंचते हैं और अपनी बात बालहठ के साथ रखते हैं।

कभी नर्सरी में एडमिशन की जिद, तो कभी चॉकलेट की फरमाइश, बच्चों के ये मासूम दृश्य अक्सर मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान देखने को मिलते हैं। हाल ही में 'जनता दर्शन' में मां के साथ आई बच्ची अनाबी अली का मुख्यमंत्री से संवाद सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना। एबीसीडी और कविता सुनाकर अनाबी ने मुख्यमंत्री का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री ने न सिर्फ उसका उत्साह बढ़ाया, बल्कि शिक्षा से जुड़े निर्देश भी तत्काल दिए।



बच्चे को चॉकलेट देकर दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

### डॉक्टर बनने की इच्छा पर मायरा से प्रभावित हुए योगी

मुख्यमंत्री योगी बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से संवेदनशील हैं। 'जनता दर्शन' के माध्यम से लखनऊ की अनाबी अली, कानपुर की मायरा, गोरखपुर की पंखुड़ी और मुरादाबाद की वाची का स्कूल में प्रवेश कराया गया। मायरा ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई तो मुख्यमंत्री ने तत्काल एडमिशन के निर्देश दिए। पंखुड़ी की फीस माफ कराकर उसे दोबारा स्कूल भेजा गया।

मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में एक बच्चे से "और क्या चाहिए" पूछकर उसके जवाब पर खिलखिलाकर हंसना या गणतंत्र दिवस परेड के दौरान बच्चों को पास बुलाकर दुलारना आदि मौके मुख्यमंत्री के बाल प्रेम को उजागर करते हैं। मुख्यमंत्री का वात्सल्य भाव 26 जनवरी को परेड के दौरान देखने को मिला, एक नन्ही बच्ची को गोद उठा लिया।

बच्चों से यह आत्मीय जुड़ाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें शासन सिर्फ आदेश नहीं, बल्कि संवेदना और अपनत्व का माध्यम भी है।

### मूक-बधिर खुशी को मिला सुरक्षित भविष्य का भरोसा

कानपुर की मूक-बधिर युवती खुशी गुप्ता का मामला भी मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता का उदाहरण है। पैदल चलकर लखनऊ पहुंची खुशी को मुख्यमंत्री ने न सिर्फ स्नेह दिया, बल्कि उसके सुरक्षित भविष्य का भरोसा भी दिलाया। वहीं, मेजर की बेटी अंजना भट्ट की शिकायत पर 24 घंटे के भीतर मकान कब्जा मुक्त कराना मुख्यमंत्री के त्वरित निर्णय का उदाहरण है।

### वृद्ध मां के दर्द से द्रवित हुए योगी

बीते सितंबर में 'जनता दर्शन' में कानपुर की रायपुरवा निवासी एक वृद्ध मां अपने कैंसर पीड़ित बेटे का दर्द लेकर मुख्यमंत्री योगी के पास पहुंची थीं। उनकी तकलीफ देखकर सीएम द्रवित हो गए और कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाकर उसका इलाज प्रारंभ कराया।

# हर बूथ पर बनाए जाएंगे मतदाता सहायता केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्देश जारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता सहायता केंद्र (वोटर असिस्टेंस सेंटर) स्थापित किए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के अनुसार, विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 6 जनवरी 2026 को मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है और उसी दिन से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। प्रक्रिया को अधिक सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से मतदान सहायता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मतदाता सहायता केंद्रों पर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बीएलओ के पास 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, वर्ष 2003 की अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण मतदाता सूची, मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित एवं दोहरी प्रविष्टि से संबंधित सूची उपलब्ध रहेगी।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### सीएचसी अधीक्षक ने संभाली ओपीडी की कमान

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई में अधीक्षक डॉ. मदन बनरवाल द्वारा नियमित रूप से ओपीडी देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। यहां सभी प्रकार के मरीजों का इलाज किया जा रहा है और महिलाओं के लिए भी समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में जो भी कमियां हैं, उन्हें दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### फैसले से अनुदेशकों में खुशी की लहर

बारुन, अयोध्या। अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि की है। इस निर्णय से विकासखंड मिल्कीपुर सहित अन्य क्षेत्रों के अनुदेशकों में खुशी का माहौल है। अनुदेशकों ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। अमित सिंह, वीरेंद्र कुमार, विपिन सिंह, कुमारी छाया, जितेंद्र कुमार सहित कई अन्य अनुदेशकों ने एक-दूसरे का मुहं मीठा कराया।

### पेड़ काटने व अवैध कब्जे में रिपोर्ट दर्ज




मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : इनायत नगर थाने के ग्राम सभा आदिलपुर स्थित सरकारी भूमि पर आम का पेड़ काटने व सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। हलका लेखपाल कृष्णा प्रसाद ने बताया कि एसडीएम मिल्कीपुर के आदेश पर लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के अंतर्गत संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

### दो आरोपियों पर 10-10 हजार का पुरस्कार



अयोध्या, अमृत विचार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने थाना बाबा बाजार व पटरंगा में पंजीकृत अभियोग में फरार चल रहे दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10-10 हजार का पुरस्कार घोषित किया है। इनमें बाबा बाजार में वर्ष 2024 में दर्ज एक मुकदमे का आरोपी बिरजू निवासी ग्राम गोड़ पुरवा मजरे बिहारा व थाना पटरंगा में वर्ष 2026 में दर्ज एक मुकदमें में फरार चल रहा आरोपी अभय सिंह निवासी ग्राम सरैठा थाना पटरंगा शामिल है।

### पाटेश्वरी वार्ड में गंदगी से लोग परेशान, शिकायत

अयोध्या, अमृत विचार : पाटेश्वरी नगर वार्ड के बालकराम कॉलोनी, शक्तिविहार कॉलोनी, नया पुरवा, दिवानी मिसिल आदि कॉलोनियों में इन दिनों कूड़ा न उठाने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पाटेश्वरी वार्ड निवासियों ने इसकी शिकायत महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार से करते हुए साफ-सफाई करवाने की मांग की है। कॉलोनी निवासियों का कहना है कि नगर निगम की स्वच्छता रैंकिंग में ठेकेदार व सफाई कर्मी ही बट्टा लगाने में जुटे हैं। शिकायती पत्र देने वालों में रमाकांत, रामेश्वर, निखिल, दीपक, अर्जुन शंकर आदि हैं।

# सड़क पर उतरे ई-रिक्शा चालक, गोल्फकार्ट संचालकों से मारपीट

## तीन का शांतिभंग में चालान, रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक संचालन पर रोक लगने का मामला, बड़े आंदोलन की तैयारी

अयोध्या कार्यालय।



महापौर गिरीशपति त्रिपाठी से वार्ता करते ई-रिक्शा चालक व यूनियन अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी। अमृत विचार



रामपथ पर नयाघाट पर वाहन खड़ा कर विरोध जताते ई-रिक्शा चालक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रशासन द्वारा पांच फरवरी से लता चौक से टेढ़ी बाजार तक ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाने के आदेश से भड़के चालकों ने बुधवार को रामनगरी में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। नयाघाट इलाके में रामपथ पर ई-रिक्शा खड़े कर प्रदर्शन किया। उसके बाद महापौर आवास पहुंचकर विरोध जताया। महापौर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन देने के बाद सब माने। वहीं, इस दौरान गोल्फकार्ट संचालकों व ई-रिक्शा चालकों के बीच मारपीट भी हुई। पुलिस ने तीन चालकों का शांति भंग की आशंका में चालान किया है।

श्रद्धालुओं के सुरक्षित व सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए मंडलायुक्त राजेश कुमार ने सोमवार को रामपथ पर ई-रिक्शा संचालन पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद मंगलवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पांच फरवरी से रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार चौराहे तक ई-रिक्शा संचालन व पार्किंग पर रोक लगा दी। इस आदेश के बाद ई- रिक्शा चालकों में रोष व्याप्त हो गया। कृष्णानंद फाउंडेशन ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी के नेतृत्व में बुधवार को नयाघाट इलाके में सैकड़ों ई-रिक्शा चालक वाहन समेत एकत्र हुए व प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ चालकों ने रामपथ पर चल रहे गोल्फ कार्ट वाहनों को रोकने का प्रयास किया तो कुछ ही देर में एजेंसी से जुड़े कुछ लोग आए व बहस होने लगी। इस दौरान दोनों पक्ष में मारपीट भी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठी पटक कर दोनों पक्षों को भगाया व तीन ई-रिक्शा चालकों को हिरासत में ले लिया।

इसके बाद सभी ई रिक्शा चालक नयाघाट स्थित महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के आवास पहुंचे व उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखी। जिस पर महापौर ने वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ई रिक्शा चालक माने। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि चार-पांच लोगों ने रामपथ पर जाम लगाने का प्रयास किया। इनमें से तीन लोगों को हिरासत में लेकर उनका शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है।

- महापौर ने दिया वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने का आश्वासन, आज मंडलायुक्त को देंगे ज्ञापन

### सभी की सुविधाओं का रखा जाएगा ख्याल : महापौर

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या धाम में यातायात संचालन को लेकर प्रशासन ने कुछ व्यवस्था बनाई है। इसको लेकर ई-रिक्शा संचालकों में कुछ रोष है, उन्होंने मुझसे मिलकर अपनी समस्याएं रखी है। इसे संदर्भ में मैंने मंडलायुक्त व एसएसपी से बात की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि ई-रिक्शा संचालकों की भी समस्या का समाधान किया जाएगा। इस संदर्भ में गुरुवार को एसएसपी से मिलकर वार्ता की जाएगी। उम्मीद है कि वार्ता से ठोस नतीजे निकलेंगे। कहा कि शहर में ई रिक्शा की संख्या जरूरत से ज्यादा हो गई है, इससे गलियों में भी जाम लग रहा है। जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में समस्या हो रही है। बताया कि इसके लिए प्रशासन नगर निगम के साथ मिलकर रूट निर्धारण की व्यवस्था कर रहा है।

### गोल्फकार्ट संचालकों के दबाव में लिया गया निर्णय : मुकुंद



मुकुंद माधव त्रिपाठी

कृष्णानंद फाउंडेशन ई रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी ने बताया कि रामपथ पर ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाने का आदेश अनुचित है। आरोप लगाया कि प्रशासन ने यह आदेश गोल्फकार्ट संचालकों के दबाव में आकर लिया है। कहा कि आप देख सकते हैं कि रामपथ पर किस तरह गोल्फकार्ट संचालक मनमानी करते हैं, राम मंदिर के पास इनके चलते ही जाम लगा रहता है। उनकी इस लापरवाही का खामियाजा ई रिक्शा चालकों को भोगना पड़ रहा है। कहा कि ई रिक्शा संचालन न होने से अयोध्या वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कहा कि इस आदेश के विरोध में साधु संतों व स्थानीय लोगों का समर्थन पाने के लिए घर-घर संपर्क किया जाएगा।

### आखिर हमें ही क्यों बनाया जा रहा निशाना

ई-रिक्शा चालक बबलू हसन, विकास सिंह का कहना है कि रामपथ पर 200 से ज्यादा गोल्फकार्ट व पिंक ऑटो का संचालन किया जा रहा है। इन्हें ही राम मंदिर के आसपास जाने की अनुमति है। यही नहीं इनकी सुविधा के लिए श्रीराम जन्मभूमि पथ के ठीक बगल नो पार्किंग बोर्ड के पास ही गोल्फकार्ट पार्किंग बनाई गई है। इन वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित रेट लिस्ट भी नहीं चस्पा है। यह श्रद्धालुओं से मनमाना किराया भी वसूलते है। इसके बाद भी इन पर कार्रवाई नहीं होती है। कहा कि सच्चाई यह है कि प्रशासन इन पर हाथ डालने से कतराता है, इसलिए इसका खामियाजा हमें भोगना पड़ रहा है। चालक अतुल सोनी, लल्लू निषाद, महेश, लालजी आदि का कहना है कि हम किसी तरह से दो पैसा कमाकर अपने परिवार का पेट भर रहे हैं। यह प्रशासन को अखर रहा है।

### अयोध्या वासियों को होगी आने-जाने में परेशानी

वर्तमान में शहर में आवागमन का प्रमुख साधन ई-रिक्शा व ई-बस हैं। गोल्फकार्ट का संचालन सिर्फ लता चौक से श्रीराम अस्पताल तक ही होता है। ई-बसों की संख्या कम होने व भारी भीड़ होने के कारण महिलाए व बुजुर्ग इसमें सफर करने से बचते हैं। वहीं अयोध्या धाम से प्रतिदिन हजारों की संख्या में विद्यार्थी, निजी व सरकारी कर्मी, वकील, महिलाएं अयोध्या शहर आती जाती है, यह प्रमुख रूप से ई रिक्शे से ही सफर करते हैं। अब तक उन्हें श्रीराम अस्पताल, धर्मकांटे के पास से या अपनी गली मोहल्ले से ई-रिक्शा की सुविधा मिल जाती थी। लेकिन अब उन्हें भारी परेशानी होना तय है।

# अवकाश के दिन शिक्षकों को नहीं बुला पाएंगे डीआईओएस

अयोध्या कार्यलय

**अमृत विचार :** अब कोई भी जिला विद्यालय निरीक्षक अवकाश के दिन शिक्षकों को जबरन ड्यूटी पर नहीं बुला सकेगा। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने पिछले दिनों आदेश भी जारी किए थे लेकिन उस आदेश के अमल में हो रही हीलाहवाली पर अब शासन ने कड़ा रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। ऐसे में अब बिना ठोस कारण छुट्टी के दिन शिक्षकों को काम पर बुलाना डीआईओएस को महंगा पड़ सकता है।

पिछले महीनों में ठंड के कारण मुख्यमंत्री ने स्कूलों में छुट्टी के आदेश दिए थे। बाद के कुछ दिनों में शासन स्तर से भी आदेश जारी कर भीषण ठंड के कारण स्कूलों में छुट्टी की गई थी। उस दौरान कई जिलों के डीआईओएस ने अवकाश घोषित होने के बावजूद शिक्षकों के लिए उपस्थिति अनिवार्य कर दी थी। इसका शिक्षक संगठनों ने कड़ा विरोध व शिकायतें की थीं।अब शासन स्तर से इसके लिए निर्देश जारी करने की तैयार की जा रही है। जिसमें अवकाश के दिनों में किसी शिक्षक को ड्यूटी पर बुलाने से पहले जेडी (संयुक्त शिक्षा निदेशक) से अनुमति लेना अनिवार्य किए जाने का प्रस्ताव है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री राजीव यादव ने कहा कि हम छुट्टियों में भी आने को तैयार हैं बशर्ते उसके बदले हमें प्रतिकर अवकाश की सुविधा मिले। डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि शिक्षा निदेशालय से आदेश आया है। किसी भी शिक्षक को जबरन नहीं बुलाया जाता है। अभी संयुक्त शिक्षा निदेशक की ओर से कोई पत्र नहीं आया है।

# प्रायोगिक व मौखिकी की परीक्षाओं के लिए पोर्टल 12 तक खुला

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 की प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह के अनुसार, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के अंतर्गत संचालित स्नातक (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) तथा परास्नातक (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर) की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओं से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल 12 फरवरी तक खुला रहेगा। सभी संबद्ध महाविद्यालयों और संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 12 फरवरी तक प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षाएं नियमानुसार संपन्न कराएं और प्राप्त अंकों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। इसके अलावा, जो महाविद्यालय/संस्थान अभी तक सेशनल/वोकेशनल कोर्स या प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षाएं पूरी नहीं कर पाए हैं, उन्हें भी 12 फरवरी तक ये परीक्षाएं संपन्न कराकर संबंधित अंक पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। परीक्षा नियंत्रक ने सभी संबंधित महाविद्यालयों से अपील की है कि इस अंतिम तिथि का सख्ती से पालन करें ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सके और छात्रों के रिजल्ट में किसी प्रकार की देरी न हो।

# निर्मला हॉस्पिटल की लापरवाही से एक और महिला की मौत का आरोप

अयोध्या कार्यालय।

- मेडिकल काउंसिल के निर्देश पर सीएमओ ने जांच टीम की गठित

**अमृत विचार:** साकेतपुरी स्थित निर्मला अस्पताल की एक नई शिकायत के बाद उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जिसके तहत अब जांच चल रही है।

अयोध्या धाम निवासी अजीत चौरसिया ने आरोप लगाया है कि 14 अगस्त को उन्होंने अपनी मां राधा देवी को गंभीर हालत में निर्मला अस्पताल में भर्ती कराया था। मां को इमरजेंसी डायलिसिस की जरूरत थी, लेकिन अस्पताल में डायलिसिस नहीं की गई। खून जांच रिपोर्ट में उनका हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 4.8 ग्राम बताया गया। डॉक्टरों ने पहले खून चढ़ाने की सलाह दी और उसके बाद ही डायलिसिस की बात कही। इस दौरान मां की हालत और बिगड़ गई। अगले दिन 15 अगस्त को परिजनों ने उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट कर दिया।

जहां 16 अगस्त को राधा देवी की मौत हो गई। अजीत चौरसिया का आरोप है कि अस्पताल की लापरवाही और देरी के कारण उनकी मां की जान चली गई। इस मामले में अजीत ने उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल में शिकायत दर्ज की थी। काउंसिल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या को जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीएमओ के निर्देश पर अब जांच शुरू हो चुकी है। जांच टीम का नेतृत्व एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव कर रहे हैं। डॉ. आशुतोष ने बताया कि जांच टीम में डॉ. अशोक यादव और डॉ. राम किशोर हैं। नवागत सीएमओ ने ही जांच का आदेश दिया है। टीम अस्पताल के रिकॉर्ड, इलाज प्रक्रिया और आरोपों की सत्यता की पड़ताल कर रही है।

# डॉ. रीना की वापसी, वाइस प्रिंसिपल के दावेदार बढ़े

अयोध्या कार्यालय



डॉ. रीना शर्मा।

> डॉ. रीना ने गायनी विभाग में ज्वॉइन किया है। खुशी की बात है। अब हमारा परिवार बढ़ रहा है। सीनियर भी हैं और काम भी अच्छा करती हैं। -डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया, प्राचार्य

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में डॉ. रीना शर्मा की वापसी हो गई है। वह अभी तक सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य का पद संभाल रही थीं। तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर वह अपनी मूल तैनाती पर यहां पहुंची हैं। ऑब्स एंड गायनी विभाग से जुड़ी रहीं डॉ. रीना के पदभार संभालते ही वाइस प्रिंसिपल के दावेदारों में भी इजाफा होने की बात सामने आ रही है, जिस कुर्सी के लिए अभी तक तीन नाम दौड़ रहे थे, उसमें अब डॉ. रीना चौथा और सबसे वरिष्ठ नाम शामिल हो गया है।

हालांकि वाइस प्रिंसिपल के लिए मेडिकल कॉलेज से तीन नाम अपर मुख्य सचिव को भेजा जा चुका है। सूत्रों की मानें वरिष्ठता सूची बनाते हुए डॉ. अल्का सिंह, डॉ.डीके सिंह व डॉ. दीपक सक्सेना को वाइस प्रिंसिपल की कुर्सी का दावेदार मानते हुए नाम भेजा गया है, लेकिन डॉ. रीना की वापसी ने एक नया मोड़ ला दिया है। संकाय सदस्यों में डॉ.रीना सबसे सीनियर मानी जा रही है।

# सील दुकान में युवती बंद होने की सूचना से हड़कंप

अयोध्या कार्यालय।



मौके पर मौजूद पुलिस की टीम। अमृत विचार

- देर शाम सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से सील की गई दुकान में महिला के बंद होने की सूचना पर बुधवार देर शाम हड़कंप मच गया। आनन फानन पुलिस और महापौर को मामले की सूचना दी गई।

अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के निर्देश पर बुधवार दोपहर तीन दुकानें सील की गईं। फतेहगंज के बेचन राम एवं वासुदेव पर लगभग ढाई लाख रुपये गृह कर एवं जलकर बकाया था, जिसकी वसूली के लिए उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई कर अधीक्षक जयप्रकाश व विनय कुमार के नेतृत्व में की गई थी। सीओ सिटी श्रीयस त्रिपाठी ने बताया कि उनके पास शाम को एक अज्ञात नम्बर से फोन आया। बताया कि सील दुकान के अंदर ही एक 27 वर्षीय युवती बंद रह गई है। पुलिस ने इसके बाद नगर निगम को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पुलिस की मौजूदगी में दुकान का शटर उठाया गया तो उसमें से युवती निकली। मौके पर प्रवर्तन दल भी मौजूद था। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने दावा किया कि हमारी नगर निगम की टीम मौके पर गई है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। दुकान खुलवाने के लिए दबाव बनाने का काम किया जा रहा है, जिस दुकान को सील किया गया है। उसके पीछे दरवाजा खुला हुआ है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर 25 प्रतिष्ठानों पर जुर्माना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जनवरी माह में एडीएम सिटी योगानंद पांडेय न्यायालय द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर 25 दुकानदारों के खिलाफ 7.74 लाख रुपये जुर्माना किया गया है।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मानिक चंद्र सिंह ने बताया कि थाना तारुन अंतर्गत दुकानदार अभिषेक पटेल व रौनाही के हर्षवर्धन वर्मा के यहां पनीर का नमूना फेल होने पर 25 हजार, सोहावल के विशाल यादव के यहां भैंस का दूध में मिलावट पाए जाने पर 18 हजार, रमेश चन्द्र जायसवाल के यहां मिलावटी अरहर दाल मिलने पर 22 हजार का जुर्माना हुआ है। इसी तरह मिल्कीपुर के कारोबार शत्रोधन कुमार के पास से मिलावटी भैंस का दूध मिलने पर 22 हजार, शहर में लल्लू लाल यादव मिश्रित दूध मिलने पर 30 हजार, दर्शननगर के प्रमोद यादव के यहां मिलावटी पनीर मिलने पर 30 हजार, बाराबंकी के आदित्य जायसवाल की दुकान से मिलावटी पनीर मिलने पर 30 हजार, मेसर्स प्रिंस ढाबा एंड रेस्टोरेन्ट रुदौली से मिश्रित दूध मिलने पर 35 हजार, सोहावल के सुरेश कुमार के पास से मिलावटी पनीर मिलने पर 20 हजार का जुर्माना किया गया।

सौगात | 18 .34 करोड़ की लागत से तीसरे चरण में हो रहा सौंदर्यीकरण, 90 फीसदी कार्य पूरा

# होली तक मिलेगा ओपन एयर थियेटर, मूर्तियां तैयार

अयोध्या कार्यालय।



गुप्तारघाट पर निर्माणाधीन ओपर एयर थियेटर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुप्तारघाट का वैभव दोबारा लौट रहा है। पर्यटन विकास तेजी से हो रहा है। आने वाले दिनों में गुप्तारघाट का हर एक नजारा त्रेता युग को जोड़ता दिखेगा। सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल पर तीसरे चरण का विकास कार्य अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। विशेष रूप से यहां बन रहा ओपन एयर थियेटर संभवतः होली तक जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इस थियेटर के साथ रावण वध, हनुमान और जटायु की भव्य मूर्तियां भी तैयार हो चुकी हैं, जो रामायण की भावना को जीवंत रूप से दर्शाएंगी।

गुप्तारघाट ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि भगवान श्री राम ने इसी घाट से जल समाधि ली थी और यहां अंतिम बार सरयू नदी में प्रवेश किया था। राम भक्तों के लिए यह स्थान आस्था का केंद्र है। पहले दो चरणों में बड़े पैमाने पर विकास हो चुका है, जिसमें घाट का सौंदर्यीकरण, वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाएं, आधुनिक पार्क, योग-ध्यान केंद्र आदि शामिल हैं। अब तीसरे चरण में कुल लगभग 18.34 करोड़ की लागत से अंतिम छोर का काम चल रहा है।

### तीसरे चरण में हो रहा काम

तीसरे चरण में पार्किंग क्षेत्र, पाथवे, टिकट घर, गार्ड रूम, टॉयलेट ब्लॉक, किचन के फिनिशिंग कार्य प्रगति पर हैं। साथ ही इंटरप्रिटेशन सेंटर, अन्य स्ट्रक्चरल म्यूरल्स (भित्ति चित्र), बाउंड्री वॉल का काम भी तेजी से चल रहा है। सबसे आकर्षक हिस्सा ओपन एयर थियेटर है, जहां फिनिशिंग, विद्युतीकरण और हॉर्टिकल्चर का कार्य जारी है।

### फरवरी में परियोजना पूरा करने का लक्ष्य

यह परियोजना पर्यटन विभाग की है। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है। परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अब तक 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। परियोजना में कुछ विलंब हुआ है, क्योंकि कार्यों में बढ़ोतरी की गई। मूल लक्ष्य से दो महीने पीछे चल रही यह परियोजना अब फरवरी 2026 में पूरी हो जाएगी। होली के आसपास या होली तक (मार्च 2026) यह ओपन एयर थियेटर और पूरा परिसर श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा।

# छह दिन बाद भी पुलिस की पहुंच से दूर हैं दोनों फरार बंदी

अयोध्या कार्यालय।

- प्रदीप कश्यप बने अयोध्या जेल के जेलर

**अमृत विचार :** नैनी जेल में तैनात जेलर प्रदीप कश्यप को अयोध्या जिला कारागार का जेलर बनाया गया है। इससे पहले लखनऊ में तैनात रहे नीरज दुबे यहां डिप्टी जेलर का पदभार संभाल लिया है। जिला कारागार से दो बंदियों के फरार होने के बाद डीजी जेल पीसी मीणा ने 14 अधिकारी व कर्मियों को निलंबित कर दिया था। फिलहाल घटना के छह दिन बाद भी दोनों फरार बंदी पुलिस की पहुंच से दूर है।

जिला कारागार की सुरक्षा में 29 जनवरी की रात सेंध लगाकर विशेष बैरक नंबर एक की कोठरी नंबर चार में एक साथ बंद अमेरमऊ थाना करौंदी कला जिला सुल्तानपुर निवासी शेर अली व मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जिला अमेठी निवासी गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज फरार हो गए थे। जांच में पता चला था कि दोनों विशेष बैरक के रोशनदान को तोड़कर जेल की दीवार तक पहुंचे व कंबल-मफलर की रस्सी बनाकर इमली के एक पेड़ की डाल के सहारे बाहर कूदकर भाग गए। मामले में डीआईजी एसके मैत्रेय की रिपोर्ट पर डीजी जेल ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक उदय प्रताप मिश्रा, जेलर जितेंद्र कुमार यादव, डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी व राजदीप, हेड जेल वार्डर हरिहर प्रसाद, त्रिपुरारी मिश्र व प्रभुनाथ व जेल वार्डर सुरेश कुमार दुबे, जयप्रकाश यादव, सुनील कुमार, रमेश साहनी, रवि यादव, मनोज व दीपक पांडेय को निलंबित कर दिया था। इन सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी संस्तुति की गई थी। वहीं, आरोपियों की तलाश में कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी की तीन टीमें लगी हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी इतने शातिर हैं कि वह अभी किसी मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। इससे उन तक पहुंचने में दिक्कतें आ रही हैं। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि फरार बंदियों की तलाश में टीमें लगी हैं।

# शब-ए-बारात पर की इबादत, मांगी दुआएं

## मस्जिदों और घरों में रही तिलावत की गूंज, बुजुर्गों और पुरखों की याद में बनाया हलवा और बांटा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** शब-ए-बारात की पवित्र रात पूरे जिले में इबादत, रोशनी और दुआओं की महक से महक उठी। मस्जिदें और घर-घर नमाज, तिलावत-ए-कुरआन और तस्बीह से गुलजार रहे। मुसलमानों ने इस रात को अल्लाह की इबादत में गुजारा और मगफिरत-ए-गुनाह के लिए खूब दुआएं मांगीं।

परंपरा के मुताबिक लोगों ने अपने बुजुर्गों और पुरखों की याद में हलवा बनाया और इसे सदका-ए-जारीया के तौर पर बांटा। कब्रिस्तानों में चिरागों की खास रौनक रही। जिले के शहरी इलाकों में 430 और ग्रामीण क्षेत्रों में 800 से अधिक कब्रिस्तानों को रोशन किया गया। शाम ढलते ही कब्रिस्तानों में चिराग जलाए गए, फातिहा पढ़ी गई और मृतकों की मगफिरत के लिए दिली दुआएं की गईं।

मस्जिदों में तरावीह के बाद खास मजलिसें हुईं। जहां मौलाना हाशिम रजा ने शबे बारात की अहमियत, बख्शिश की रात और नेकी के सदके पर रोशनी डाली। बच्चे-बूढ़े, महिलाएं और युवा सब इस रात की बरकत हासिल करने में जुटे रहे। कई घरों में रात भर इबादत का सिलसिला जारी रहा। इस पवित्र रात ने एक बार फिर इंसानियत, मौला और अल्लाह से जुड़ाव का पैगाम दिया। लोग उम्मीद करते हैं कि उनकी दुआएं कबूल हों और आने वाला साल रहमत व बरकत से भरा रहे।



राठहवेली स्थित कब्रिस्तान में शब-ए-बारात पर पूर्वजों की कब्रों को किया गया रौशन।

## 84 लोगों के आंखों का किया नि:शुल्क परीक्षण

**भेलसर, अयोध्या, अमृत विचार:** मरयम लायंस आई हॉस्पिटल रुदौली में आई क्यू सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 84 लोगों का निशुल्क परीक्षण किया, आवश्यकता पड़ने पर चश्मे व दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। साथ ही 38 आयुष्मान धारक मोतियाबिंद के रोगियों का निशुल्क फेंको ऑपरेशन हेतु पंजीकरण किया गया। मुख्य अतिथि लॉयन अनिल खरे ने बताया कि लायंस क्लब रुदौली द्वारा 45 वर्षों से 18 हजार लोगों का नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जा चुका है। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ नेहाल रजा ने लोगों को कार्निया दान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ. जफर खान, डॉ. शिराज अहमद, प्रियांशी दीक्षित व चंद्रदेव भट्ट ने परीक्षण किया।



मिल्कीपुर स्थित आरपीबीपी शुक्ला विद्यालय में चौपाल को सम्बोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह।

## 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के तहत लगी चौपाल

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान के तहत बुधवार को आरपीबीपी शुक्ला इंटर कॉलेज में एक चौपाल का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि अब मजदूरों के पास काम मांगने का कोई कानूनी अधिकार नहीं बचा है। इस अन्याय के खिलाफ सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी।ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत पांडे के नेतृत्व में आयोजित चौपाल का संचालन बृजेश रावत ने किया। चौपाल में पूर्व जिला अध्यक्ष शिवपूजन पाण्डेय, राजेंद्र प्रताप सिंह और रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य संजय तिवारी और कम राज यादव, जिला महामंत्री दिनेश शुक्ला, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संजय तिवारी, पूर्व प्रमुख कमलासन पाण्डेय, मनरेगा जिला कोऑर्डिनेटर प्रदीप निषाद और शिव बहादुर दुबे सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।



मवई में खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विधायक रामचंद्र यादव व शिक्षक। अमृत विचार

## खेल से होता शारीरिक व मानसिक विकास : रामचंद्र

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** बीआरसी मवई में ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को विधायक रामचंद्र यादव ने किया। विधायक ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इससे अनुशासन, आत्मविश्वास, चरित्र और नेतृत्व क्षमता का भी निर्माण होता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मवई खंड शिक्षा अधिकारी रामाकांत राम सहित शिक्षकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एमबीए छात्रों ने किया इफ्को फूलपुर का शैक्षिक भ्रमण

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा एमबीए (एग्री बिज़नेस मैनेजमेंट) के विद्यार्थियों के लिए इफको फुलपुर यूनिट, प्रयागराज का एक दिवसीय शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ शिक्षकों में डॉ. श्रीश अस्थाना, डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ. राकेश कुमार एवं डॉ. रविंद्र भारद्वाज की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं औद्योगिक मार्गदर्शन हेतु डॉ. राकेश कुमार मिश्रा एवं डॉ. कपिल देव, डॉ अनुराग तिवारी भी भ्रमण में सम्मिलित रहे। विद्यार्थियों को उर्वरक उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया, कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की श्रृंखला, प्रबंधन प्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र, विपणन रणनीतियाँ तथा औद्योगिक सुरक्षा मानकों की विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई।

# असलहे के दम पर युवक को गाड़ी में बंधक बनाकर की लूटपाट

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अज्ञात बदमाशों ने असलहे के बल पर एक युवक को उसी की गाड़ी में बंधक बनाकर सोने की चेन, चांदी का कड़ा, आई फोन लूट लिया। बदमाश युवक को करीब दो घंटे तक गाड़ी में घुमाते रहे, अंत में गाड़ी की चाबी पहिए के पास रख फरार हो गए। थाना कैंट पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्जकर विवेचना शुरू कर दी है।

पीड़ित उमेश कुमार मिश्रा निवासी शांतिनगर कॉलोनी सहादतगंज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 जनवरी की रात लगभग 8:30 बजे वह अपने घर से थोड़ी दूर स्थित मुमताज नगर औद्योगिक क्षेत्र के बोर्ड के पास स्थित पान मसाले की गुमटी के पास अपनी एसयूवी खड़ी करके सामान ले रहा था। वापस जब गाड़ी में बैठने के लिए गेट खोला तो एक अजनबी व्यक्ति उसके पास आकर खड़ा हो गया। जब मैंने उससे पूछा कि क्या काम है तो उसने उनके चेहरे पर मुक्के से वार कर गाडी के भीतर धक्का दे दिया। इतने में ही गाडी के अन्य तीनों गेटों से कई लोग अंदर बैठ गए व तीन पिस्टल उनके कनपटी पर सटाकर हाथ पीछे बांधकर आंख पर पट्टी बांध दी। धमकी दी की किसी भी तरह की होशियारी एवं विरोध करने पर गोली मार दी जाएगी। इसके बाद उनकी सोने की चेन, घड़ी, चांदी का कड़ा, एक आई फोन व पांच हजार नकद छीन लिए। इसके बाद उन्हें दूसरी गाड़ी में बैठाकर करीब दो घंटे तक घुमाते रहे। साथ ही उनके परिवार आदि से संबंधित निजी जानकारी भी पूछी। यही नहीं अपने मित्रगणों एवं रिश्तेदारों से किसी भी बहाने पैसा खाते में ट्रांसफर कराने के लिए फोन भी कराया। इसके बाद वह उन्हें उनकी गाड़ी के पास ले गए व कहा कि तुम्हारी कार की चाभी अगले पहिए के पास है लेकर चुपचाप चले जाओ। पुलिस को घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इस संदर्भ में सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## जांच व सही उपचार से ही कैंसर का निदान

- विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने कैंसर के कारणों, लक्षणों, आधुनिक उपचार पद्धतियों एवं स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर जानकारी दी। संचालन कर रहे कैंसर विभागाध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र कुमार सचान ने बताया कि समय रहते जांच व सही उपचार से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पूर्ण रूप से निदान पाया जा सकता है। डायटीशियन मोहुआ मुखर्जी ने बताया कि कैंसर रोगियों को उच्च प्रोटीन युक्त भोजन दें, ताकि शरीर की क्षति की भरपाई हो सके। पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ देना आवश्यक है। मेडिकल छात्रों ने मुंह एवं फेफड़े के कैंसर के कारण व बचाव के उपाय पर एक प्रस्तुति दी। अंत में कैंसर सर्वाइवर को सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. अरविंद कुमार, डॉ.प्रतिभा गुप्ता, डॉ. साकेत गुप्ता, डॉ. प्राची सिंह व अन्य मौजूद रहे।


**महाराजा बलभद्र सिंह रैंकवार महाविद्यालय**
बनकटा, पयागपुर-बहराइच (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9628469000

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में शिक्षाशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषयों में तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है :-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विष्यों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**


# पूर्व सीएमओ डॉ. बानियान की कोर टीम पिच से बाहर!

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में सत्ता बदलते ही अब तक जलवा और जलाल दिखाने वाले कई अधिकारी और कर्मचारी नए सीएमओ की पिच से बाहर दिखाई पड़ रहे हैं। तत्कालीन सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान की कोर टीम के उप कप्तान से लेकर बाउंसर मारने वाले कई डिप्टी सीएमओ हाशिए पर आ सकते हैं। इतना ही नहीं पूर्व सीएमओ के कार्यकाल में गुप्तचर की भूमिका निभाने वाले कई कर्मचारी भी नए दरबार से दूर कर दिए गए हैं या दूरी बनाए हुए हैं।

सूत्रों की मानें तो तत्कालीन सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने के लिए अपनी कोर टीम तैयार की थी। छापे के लिए भी डिप्टी सीएमओ की अलग टीम बनाई थी। इनमें डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. रामममणि शुक्ला, डॉ. संदीप शुक्ला, डॉ. वीपी त्रिपाठी, डॉ. राजेश चौधरी शामिल रहे। इन सभी को योजनाओं का नोडल भी बनाया गया था, लेकिन बीच में एक समय ऐसा आया कि बड़े-बड़े डिप्टी सीएमओ को साइड कर दिया गया। उन्हें किनारे लगाए जाने को लेकर बातें तो तरह-तरह की हुईं, लेकिन आधिकारिक पुष्टि किसी प्रकार की नहीं हुई। इसी तरह सीएचसी पर अधीक्षक की नियुक्ति की बात आई तो भी डॉ. बानियान ने अपनी कोर की तरकश से जबरदस्त बाण निकाले। इनमें डॉ. आनंद सिन्हा और डॉ. फातिमा हसन शामिल रहे। सूत्रों की मानें तो जूनियर होने के बावजूद इन्हें सीनियर वाली कुर्सी दिलाई। कुर्सी मिलने के बाद यह दोनों चिकित्सक डॉ. बानियान की कोर टीम के विश्वसनीय सदस्य माने जाने लगे। तत्कालीन सीएमओ के हाल के कार्यकाल की बात करें तो मौजूदा दो-तीन डिप्टी सीएमओ ही डॉ. बानियान की टीम में शामिल रहे। वे ही छापा मारने, जांच इत्यादि का कार्य देखते थे, लेकिन रुदौली विधायक रामचंद्र यादव की शिकायत के बाद कोर टीम को जबरदस्त झटका लगा। ट्रांसफर-पोस्टिंग, अस्पतालों को सील-अनसील करने इत्यादि के आरोप लगे। डॉ. बानियान के खिलाफ जांच बैठ गई। एडी हेल्थ अयोध्या के ऑफिस में ही पूछताछ हुई। इसी मामले में विभाग के दो बाबुओं समेत तीन सदस्यों को जांच टीम ने लखनऊ तलब किया था। बताया जाता है कि लंबी पूछताछ हुई थी। तब से डॉ. बानियान का अयोध्या से जाना तय माना जा रहा था। जनवरी माह के तीसरे हफ्ते में आदेश आ गया। डॉ. बानियान को जेडी बना लखनऊ भेज दिया गया। नवागत सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया के यहां पहुंचते ही शुरू में पुराने सीएमओ के कोर टीम उनके पास पहुंची। हालांकि भिटौरिया ने साफ कर दिया कि हम लोग परिवार की ही तरह काम करेंगे, लेकिन सूत्रों की मानें तो डॉ. बानियान की टीम किनारे है। दूरी बना रही है। दूर की जा रही है।



> स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए मैं समीक्षा कर रहा हूं। लगातार भ्रमण कर रहा हूं। रुदौली, बीकापुर, मिल्कीपुर व तारुन सीएचसी का निरीक्षण कर चुका हूं। एवरेज काम दिख रहा है, लेकिन कुछ बिंदुओं पर और अच्छा करने की जरूरत है। टीम तो ठीक ही है, लेकिन एक नई टीम बनाऊंगा। एक्सटेंशन करूंगा। जल्द ही और बड़े बदलाव दिखेंगे। -डॉ. **देवेंद्र कुमार भिटौरिया, सीएमओ।**



दरोगा रणजीत यादव को सम्मानित करते अतिथिगण व अन्य।

## खाकी वाले गुरूजी को मिला जीवन रक्षक सम्मान

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय अयोध्या में नियुक्त सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव को गाजीपुर के शहनाई पैलेस में जीवन रक्षक फाउण्डेशन द्वारा गत दिवस आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन एवं जीवन रक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अभिनव सिन्हा द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। खाकी वाले गुरूजी के नाम से प्रसिद्ध समाजसेवी दारोगा रणजीत यादव को यह सम्मान सुरक्षा के साथ सेवा भावना चलते और रक्तदान क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक शीर्षदीप शर्मा और जीवन रक्षक फाउंडेशन गाजीपुर टीम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए रणजीत यादव ने बताया कि सम्मान हमारा मनोबल बढ़ाने के साथ ही देश और समाज के लिए अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।


**नन्दिनी कालेज**
नवाबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी, एग्रीकल्चरल केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर एवं प्लान्ट पैथालोजी विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विष्यों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**



**लखनलाल शरण सिंह महाविद्यालय**
रघुनाथपुर (विश्नोहरपुर), नवाबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी, एग्रीकल्चरल केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर एवं जैनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विष्यों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**




छात्राओं को साइकिल वितरित करते समाजसेवी संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव।

## समाज सेवा ही राष्ट्र सेवा : सुरेश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** समाज सेवा ही राष्ट्र सेवा है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संस्था की ओर से लगातार साइकिलों के साथ-साथ पठन-पाठन सामग्री का भी वितरण किया जा रहा है। बालिका शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जब बालिकाएं शिक्षित होती हैं तो वे दो घरों को रोशन करती हैं। ये बातें समाजसेवी संस्थान अयोध्याधाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहीं। वह ऐमी आलापुर में कैंसर दिवस एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर संस्था की ओर से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने दिव्या दुबे, जासमीन, बबीता निषाद, आस्था तिवारी, प्रतीक्षा तिवारी सहित अन्य मेधावी छात्राओं को साइकिल प्रदान की। महिलाओं को कंबल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैंसर दिवस एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, नशे से होने वाले दुष्परिणामों एवं कैंसर से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस मौके पर राकेश पांडेय, राम सिंह यादव, बजरंगी यादव, सोमई निषाद, दुर्गा निषाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फागुन में होगा रुदौली में खाटू धाम जैसा उत्सव

भेलसर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** बाबा श्याम खाटू वाले के प्रेमियों ने फागुन माह में रुदौली मे ही खाटू धाम जैसा भक्तिमय माहौल बनाने की तैयारी की है। बाबा श्याम के प्रचार प्रसार में नगर के श्री श्याम भक्ति मण्डल, श्री श्याम ताली कीर्तन मण्डल एवं श्री श्याम युवा मण्डल द्वारा फागुन माह में लगभग रोज कोई न कोई कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

श्री श्याम ताली कीर्तन मण्डल के पंकज कुमार आर्य ने बताया 28 फरवरी को श्री श्याम सतरंगी महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमे सुल्तानपुर से मुख्य भजन गायक श्रवण सुल्तानपुरी और गोंडा से दीपिका मिश्रा भजन प्रस्तुत करेंगे। श्री श्याम भक्त मण्डल के मीडिया प्रभारी विष्णु अग्रवाल ने बताया की 17 मार्च को श्री श्याम महोत्सव का आयोजन नगर के रामलीला मैदान पर किया गया है। श्री श्याम ध्वज यात्रा सुबह 8 बजे निकाली जायेगी। जो संपूर्ण नगर भ्रमण करने के बाद श्री रामलीला मैदान पर समाप्त होगी। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया है। साथ ही साथ प्रभु का अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योति एवं 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा। श्री श्याम युवा मण्डल द्वारा "जलसा सांवरे का" 9 फरवरी को हनुमान किला प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। युवा मण्डल के उत्कर्ष गुप्ता ने बताया रितु पाँचाल दिल्ली व आयुष सोमानी जयपुर द्वारा बाबा के भजन प्रस्तुत किये जाएंगे। नगर के प्रतिष्ठित विनायक परिवार द्वारा 9 मार्च को रामलीला मैदान पर पंचम श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।




**एकलव्य महाविद्यालय**
झुकिया, जरवलरोड-बहराइच (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में एवं परास्नातक विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान विषयों में तथा परास्नातक कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी एवं हार्टिकल्चर विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विष्यों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
**प्रबन्धक**



**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद- बहराइच।**

पत्रांक- 172/आ0न0यो0-2025-26/नि0का0/ई-टेण्डर/न0पं0प0/2026 दिनांक: 3 जनवरी, 2026

**ई-निविदा सूचना (द्वितीय चरण) संशोधित**

इस कार्यालय के पत्रांक- 171/आ0न0यो0-2025-26/नि0का0/ई-टेण्डर/न0प0प0/2026, दिनांक 31 जनवरी, 2026 द्वारा आकांक्षी नगर योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच की कार्ययोजना में स्वीकृत 05 निर्माण कार्यो हेतु आनलाइन निविदायें द्वितीय चरण में ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.02.2026 को दोपहर 2:00 बजे से दिनांक 21.02.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2025-26 में समस्त सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों में A, B, C, एंव D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 लाख से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत/नवीनीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य कार्यवार अलग-अलग आर0टी0जी0एस0 /नेफ्ट के माध्यम से नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा बहराइच में आकांक्षी नगर योजना के नाम से संचालित बचत खाता संख्या- 60533946169 IFS code MAHB0001404 में जमा की जायेगी। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 21.02.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत पयागपुर को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण ई-टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

**प्रमिता सिंह**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद-बहराइच।**

**बालेन्द्र प्रताप**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत पयागपुर**
**जनपद-बहराइच।**


राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

10 से चलेगा अभियान, 4.93 लाख लोगों को मिलेगी सुरक्षा

# घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के तारुन और मयाबजार विकासखंडों में 10 से 28 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा। दोनों ब्लॉकों की लक्षित आबादी लगभग 4.93 लाख है। अभियान के लिए 87 सुपरवाइजर और 495 टीमें गठित की गई हैं। जो घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को अपने सामने दवा खिलाएंगी।

यह जानकारी सीएमओ सभागार में आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में मंगलवार को सीएमओ डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने दी। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन की सबसे बड़ी चुनौती लोगों की फाइलेरिया से बचाव की दवा सेवन में संकोच और भ्रांतियां हैं। कई लोग स्वयं को स्वस्थ समझकर दवा सेवन से इनकार कर देते हैं या दुष्प्रभाव की भ्रांति से पीछे हट जाते हैं। जिले में वर्तमान में 1334 हाथी पांव और 11 हाइड्रोसील मरीज पंजीकृत हैं। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. दीपक पांडे, डीएचईआईओ डीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### टीम की निगरानी में खिलाई जाएगी दवा

एसीएमओ एवं बीवीडी नोडल अधिकारी डॉ. पीसी भारती ने बताया कि सर्वे में तारुन और मयाबजार संवेदनशील पाए गए हैं। इसलिए यहां के लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए 12.32 लाख डीईसी, 12.32 लाख आइवरमेक्टिन और 4.93 लाख एल्बेंडाजोल टैबलेट राज्य मुख्यालय से उपलब्ध कराई गई हैं। गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से छोटे बच्चों और गंभीर रोगियों को छोड़कर सभी को दवा खिलाई जाएगी। कहा कि दवा सेवन के बाद हल्का बुखार या चक्कर आना सामान्य है। जो जल्द ठीक हो जाता है।



### नौ ब्लॉक में खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की दवा

जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद ने बताया कि जिले के दो ब्लॉक मया बाजार एवं तारुन को छोड़ कर शेष नौ ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्र में 13 फरवरी को एल्बेंडाजोल दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद 16 से 27 फरवरी तक एमआर कैंपेन चलाया जाएगा, जिसमें जिले के सभी 5 से 10 वर्ष के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन की एक अतिरिक्त डोज दी जाएगी। जिले के 2600 स्कूल/ मदरसा के माध्यम से लगभग 1,89,000 बच्चों को मीजल्स रूबेला का अतिरिक्त डोज दिया जाएगा।

## पति पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**शाहगंज, अयोध्या।** दहेज में 50 हजार रुपये की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में बीकापुर कोतवाली पुलिस ने पति के विरुद्ध दहेज एक्ट सहित अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मजरूद्दीन पुर गोला बाजार निवासी अंतिमा पुत्री ईश्वर दीन ने बताया कि उनका विवाह 19 जून 2021 को चौरे बाजार बीकापुर निवासी विपिन पुत्र रामबहोर के साथ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हुआ था। शादी के बाद से उनका पति शराब पीकर उनको अक्सर प्रताड़ित करने लगा। इसी बीच उसको एक बेटी हुई, इससे पति और नाराज हो गया। इससे तंग होकर वह अपने मायके चली गई। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर ने बताया कि विपिन पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सुविधा : अब निजी वाहनों को टैक्सी में बदलना हुआ आसान

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने अब निजी वाहनों को टैक्सी वाहन के रूप में परिवर्तित करने की सुविधा देने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश शासन के अनुभाग–4 की अधिसूचना दिनांक 30 जनवरी 2026 के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई प्राइवेट वाहन, जिस पर वन टाइम टैक्स जमा किया गया है, और वाहन स्वामी अपनी प्राइवेट वाहन को टैक्सी श्रेणी में परिवर्तित कराना चाहता है, तो उसे केवल वाहन के मूल्य का 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त कर जमा करना होगा। यह कर टैक्सी के लिए वन टाइम टैक्स के रूप में वैध होगा।

- **परिवहन विभाग ने दी सुविधा, वाहन के मूल्य का 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त कर जमा कर पा सकते हैं सुविधा**



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा निरंतर ऐसे प्राइवेट वाहनों, जो व्यावसायिक प्रयोजन हेतु उपयोग में लाए जा रहे हैं, के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की जाती है। ऐसे वाहनों पर न्यूनतम लगभग 30 हजार तक का जुर्माना वसूला जाता है। कहा कि ऐसी स्थिति में यदि वाहन स्वामी स्वेच्छा से, प्रवर्तन कार्रवाई से पूर्व, अपने वाहन को व्यावसायिक वाहन (टैक्सी) के रूप में परिवर्तित कराना चाहता है, तो उसे केवल वाहन के मूल्य का 2.5 प्रतिशत टैक्स जमा करना होगा। उदाहरणस्वरूप अर्टिगा वाहन की स्थिति में यह कर 25 से 30 हजार के मध्य होगा। उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की कि यदि वह अपने प्राइवेट वाहन का प्रयोग व्यावसायिक रूप में कर रहे हैं, तो वे तत्काल कार्यालय में संपर्क कर अपनी वाहन का रूपांतरण टैक्सी वाहन के रूप में पूर्ण करा लें, जिससे वह प्रवर्तन कार्रवाई से बच सकें।

# विकास को मिस्टर व अंशिका को मिस फेयरवेल का खिताब

पूराबाजार, अयोध्या।



ग्रामोदय पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्रामोदय पब्लिक स्कूल रामपुर सरधा में कक्षा 12 के छात्रों को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। विकास यादव को मिस्टर फेयरवेल व अंशिका दूबे को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। मुख्य अतिथि ग्रामोदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक पीएन सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

उन्होंने कहा कि सतत् परिश्रम, लगन व समर्पण से कठिन से कठिन लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। ग्रामोदय ग्रुप के चेयरमैन डॉ. संदीप सिंह ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

- **ग्रामोदय पब्लिक स्कूल रामपुर सरधा में कक्षा 12 के छात्रों को दी गई विदाई**

सही दिशा में धैर्य, आत्मविश्वास एवं साहस के साथ पूरी निष्ठा से परिश्रम करने से दूर्लभ लक्ष्य भी अर्जित किया जा सकता है। इस दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न हास्य एवं प्रेरक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। प्रधानाचार्या रेखा ओझा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन दिग्विजय सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक निदेशक इं. दीपक सिंह, चीफ प्रॉक्टर उग्रसेन सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. राम करन वर्मा, शिक्षक सूरज, दिवाकर, शिवकुमार, असहद, ज्योति यादव, गरिमा, नेहा सहित अभिभावक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# वॉलीबॉल में हॉस्टल व हॉकी में डाभासेमर टीम विजेता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जिला स्तरीय जूनियर बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अयोध्या हॉस्टल टीम विजेता रही। वहीं डाभासेमर टीम जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता की विजेता रही। डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि हनुमानगढ़ी के संत संजय दास ने पुरस्कृत किया।



जूनियर हॉकी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता मुख्य अतिथि संत संजय दास व आरएसओ अनिमेष सक्सेना के साथ।

**जनपदीय जूनियर प्रतियोगिता सम्पन्न**

उप्र खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के तहत बुधवार को जूनियर बालक हॉकी व जूनियर बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच अयोध्या हॉस्टल व निर्भय सिंह इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें अयोध्या हॉस्टल ने निर्भय सिंह इंटर कॉलेज को सीधे सेटों में 15-4 व 15-10 से पराजित किया। जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच डाभासेमर टीम व जवाहर नवोदय विद्यालय टीम के बीच खेला गया। इसमें डाभासेमर टीम ने नवोदय विद्यालय को 4-3 गोल अंतर से पराजित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना, उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद अंसारी, ऑफीसियल, प्रशिक्षक, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को कैंसर के लक्षण व बचाव की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस पर विभिन्न विद्यालयों में दो दिवसीय कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार को सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर रोहिलखंड कैंसर संस्थान के डॉ. प्रारब्ध सिंह ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव और जागरूकता फैलाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. प्रारब्ध ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर जोर दिया।





रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट एवं अमृत विचार की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर केशलता इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी एवं जानकारी देते डॉ. प्रारब्ध सिंह।

- **रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की**

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह 10 बजे से सोब्तीज पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। यहां डॉ. प्रारब्ध ने बच्चों को कैंसर क्या है, उसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जागरूक किया। प्रिंसिपल गुरदीप सिंह ने बताया कि रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट और अमृत विचार के सहयोग से बच्चों को कैंसर के प्रति बहुत अच्छी जानकारी दी गयी। डॉ. प्रारब्ध सिंह ने कैंसर के बचाव, वैक्सीन, ट्रीटमेंट सहित कई बिंदुओं पर बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

**आज यहां होंगे कैंसर जागरूकता कार्यक्रम**

रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से गुरुवार को पहले सत्र में सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, दूसरे सत्र में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक नारायण सरस्वती स्कूल, तीसरे सत्र में दोपहर 1:30– 2:30 बजे नालंदा पब्लिक स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर में केशलता इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. प्रारब्ध सिंह ने बच्चों को कैंसर के लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले कैंसर के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही।

# तत्कालीन थानाध्यक्ष को उम्रकैद व जुर्माना

संवाददाता, आजमगढ़।

**पुलिस हिरासत में मौत मामला**



**अमृत विचार :** पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने तत्कालीन थानाध्यक्ष को आजीवन कारावास तथा एक लाख पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने बुधवार को सुनाया।

अभियोजन कहानी के अनुसार वादी मुकदमा जितेंद्र यादव निवासी दौलतपुर थाना मेंहनगर के पिता हरिलाल यादव को रानी की सराय थाने की पुलिस ने 29 मार्च 2003 को एक बैटरी चोरी के मुकदमे में हिरासत में लिया था। उसी रात हरिलाल के बारे में जानकारी होने पर जितेंद्र यादव अपने रिश्तेदार रामवचन यादव के साथ 29 मार्च को 2003 को थाने पर पहुंचा था। जितेंद्र यादव के सामने ही पूछताछ के दौरान थानाध्यक्ष जेके सिंह के ललकारने पर दरोगा नरेंद्र बहादुर सिंह ने हरिलाल यादव को गोली मार दी। घायल हरिलाल यादव को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। घटना के समय जितेंद्र यादव तथा रामवचन यादव को हवालात में बंद कर दिया गया। घटना के दूसरे दिन 30 मार्च को कोतवाली में जितेंद्र की तहरीर पर यह मुकदमा दर्ज किया गया। उधर घटना के बाद इसी मामले में रानी की सराय थाने में हत्या का मुकदमा दरोगा नरेंद्र बहादुर सिंह के विरुद्ध पहले ही दर्ज कर लिया गया था। जिसके कारण शहर कोतवाली में दर्ज मुकदमे को रानी की सराय थाने में दर्ज मुकदमे में शामिल कर लिया गया। बाद में शासन ने सितंबर 2003 में इस मामले की जांच सीबीसीआईडी को सौंप दी। सीबीसीआईडी ने फरवरी 2005 में चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। दौरान मुकदमा आरोपी दरोगा नरेंद्र बहादुर सिंह की मृत्यु हो गई। अभियोजन पक्ष की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता प्रियदर्शी पियूष त्रिपाठी तथा सहायक शासकीय अधिवक्ता दीपक कुमार मिश्रा ने कुल सात गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी तत्कालीन थानाध्यक्ष जेके सिंह को आजीवन कारावास तथा एक लाख पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# अकबरपुर नगर पालिका 50 हजार से अधिक बकाएदारों पर कसेगा शिकंजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जनपद की अकबरपुर नगर पालिका ने गृहकर और जलकर के बड़े बकाएदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके तहत 50 हजार रुपए से अधिक का गृहकर और जलकर बकाया रखने वाले संपत्ति मालिकों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे। इस कार्रवाई के तहत डिफाल्टरों के नाम, उनके मकान नंबर, पते और बकाया धनराशि को नगर पालिका परिषद कार्यालय की दीवारों पर लगे बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा।

नगर पालिका ने अब तक 500 से अधिक डिफाल्टर प्रॉपर्टी मालिकों को नोटिस जारी किए हैं, जिन पर 10 लाख रुपए से अधिक का गृहकर बकाया है। वर्तमान में नगर पालिका के 25 वार्डों में स्थित लगभग 27 हजार निजी, सरकारी भवनों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कुल पांच करोड़ रुपए का गृहकर बकाया है। नगर पालिका ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा है, जिसे 31 मार्च तक पूरा करना एक चुनौती है। बकाया वसूली के लिए वार्डों में तीन दिवसीय विशेष शिविर भी आयोजित किए गए थे, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। नगर पालिका कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर प्रतिमाह करोड़ों रुपए खर्च करती है और कम आय के कारण उसे वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में आवासीय भवनों पर 15 पैसे प्रति वर्गफीट और घरेलू तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर 40 पैसे प्रति वर्गफीट की दर से हाउस टैक्स वसूला जाता है।

## शिक्षकों ने बीईओ का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत



नवागत खंड शिक्षा अधिकारी हरिगोविंद सिंह को बुके देकर उनका स्वागत करते शिक्षक।

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बसखारी ब्लॉक के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी हरिगोविंद सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बसखारी एबीएसए कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बुके भेंट कर नवागत एबीएसए का सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए एबीएसए हरिगोविंद सिंह ने कहा कि शिक्षकों के सहयोग से ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संभव है। उन्होंने सभी शिक्षकों से पारदर्शिता, अनुशासन और बच्चों के भविष्य को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने की अपील की। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व उच्च प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर के प्रधानाचार्य सलाउद्दीन ने किया। शिक्षकों ने आशा व्यक्त की कि हरिगोविंद सिंह के नेतृत्व में बसखारी क्षेत्र में शैक्षिक व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा।

## नुक्कड़ सभा कर छात्राओं ने किया जागरूक

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सडक़ दुर्घटनाओं का मुख्य कारण गाड़ी पर मोबाइल का प्रयोग और हेलमेट का प्रयोग न किया जाना है। चालक इन बातों पर ध्यान दें तो दुर्घटनाओं में कमी हो सकती है। उक्त बातें चित बहाल आदर्श बालिका इण्टर कॉलेज पूरनपुर की प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा ने व्यक्त किए। उन्होंने कॉलेज के रासेयो शिविरार्थियों के विशेष शिविर द्वारा सडक़ सुरक्षा पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के दूसरे दिन सडक़ सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को केंद्र में रखकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नुक्कड़ सभा के माध्यम से बाइक और कार चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया गया तथा शिविरार्थियों द्वारा सडक़ पर बिना हेल्मेट पहने और बिना सीट बेल्ट लगाए लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी अर्चना त्रिपाठी मौके पर मौजूद रहीं।



नुक्कड़ सभा कर लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देतीं छात्राएं।

## राशन कार्ड में अनियमितताओं का बोलबाला

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर तहसील परिसर स्थित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में राशन कार्ड से जुड़ी अनियमितताओं और कथित कालाबाजारी का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। आरोप है कि विभाग में तैनात अनधिकृत प्राइवेट कर्मचारी गरीबों और पात्र लाभार्थियों से अवैध वसूली कर रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिदिन दर्जनों लोग राशन कार्ड में नाम जुड़वाने या नया कार्ड बनवाने के लिए 15 से 25 किलोमीटर की दूरी तय कर तहसील परिसर पहुंच रहे हैं। बावजूद इसके महीनों तक चक्कर लगाने के बाद भी उनका काम नहीं हो पा रहा है। पीडि़तों का कहना है कि ऑनलाइन आवेदन और ब्लॉक स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद न तो नाम जोड़ा जा रहा है और न ही नया राशन कार्ड जारी किया जा रहा है। इस संबंध में जब खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के ब्लॉक प्रभारी चंदन सरोज और जलालपुर ब्लॉक प्रभारी डॉ. भास्कर से अनधिकृत कर्मचारियों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने किसी भी प्रकार की जानकारी देने से बचते हुए कार्यालय आकर बात करने की बात कही।

## नगरवासियों ने कोतवाल संतोष को दी विदाई

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली में लगभग 23 माह का सफल कार्यकाल पूरा करने वाले कोतवाल संतोष कुमार सिंह के जहांगीरगंज थाना में तबादले की खबर जैसे ही सामने आई बुधवार से ही उनसे मिलने वालों का तांता लग गया। नगरवासियों ने उनके कार्यकाल की जमकर सराहना करते हुए उन्हें एक ईमानदार, संवेदनशील और निर्विवाद अधिकारी बताया। बता दें कि 23 महीने के कार्यकाल के दौरान कोतवाल संतोष कुमार सिंह का व्यवहार और कार्यशैली हमेशा सराहनीय रही। कानून–व्यवस्था बनाए रखने के साथ–साथ आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना उनकी पहचान बन गई थी। बुधवार को उनके व्यवहार और कार्यकुशलता से प्रभावित नगर के लोगों ने उन्हें फूल–मालाओं से लाद दिया तथा भगवान की मूर्तियां भेंट कर सम्मानित किया। तबादले की खबर से नगरवासियों में मायूसी साफ दिखाई दी। विदाई के दौरान कई लोग भावुक दिखे। विदाई समारोह में क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी, आनंद जायसवाल, मनोज पांडे सहित तमाम गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 51 हजार मतदाताओं को भेजी जाएगी नोटिस

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के तहत 51 हजार मतदाताओं को नोटिस भेजी जाएगी। इन मतदाताओं के अभिलेखों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। यह कार्रवाई मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।



आलापुर तहसील के वसुधा सिंह सभागार में उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह धामी ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर किया बैठक।

बता दें कि इन 51 हजार मतदाताओं के नाम इसलिए सामने आए हैं क्योंकि उनकी आयु का मिलान नहीं हो पा रहा है। उदाहरण के तौर पर कुछ मामलों में पिता की आयु 25 वर्ष और पुत्र की आयु 15 वर्ष दर्ज है, जबकि अन्य मामलों में दादा की आयु 40 वर्ष और पोते की आयु 15 वर्ष पाई गई है। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए आलापुर तहसील के वसुधा सिंह सभागार में उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह धामी ने बैठक किया। जिसमें तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव और नायब तहसीलदार हुबलाल भी मौजूद थे। बैठक के बाद सभी बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ और बूथ लेवल एजेंटों बीएलए को नोटिस प्रक्रिया और सत्यापन के तकनीकी पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। आलापुर में पहले कुल 3 लाख 54 हजार 895 मतदाता पंजीकृत थे। पूर्व में 48 हजार 669 मतदाताओं को एएसडी श्रेणी में चिह्नित किया गया था, 28 हजार 850 मतदाता स्थायी रूप से दूसरे शहरों में स्थानांतरित हो गए थे और 8 हजार 534 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी थी।

# निरीक्षक व उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत शंकर ने दो दर्जन से अधिक निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है, जिसमें लगभग एक दर्जन थानाध्यक्ष भी शामिल हैं। मंगलवार देर रात हुए इस फेरबदल में निरीक्षक अजय प्रताप यादव को जहांगीरगंज से जलालपुर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है, जबकि संतोष कुमार सिंह को कोतवाली जलालपुर से जहांगीरगंज का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया। वीरेंद्र बहादुर सिंह हंसवर से भीटी थाने के प्रभारी और अमित कुमार पांडेय को भीटी से हटाकर पुलिस अधीक्षक का वाचक बनाया गया है। उपनिरीक्षक अभिनेष कुमार को पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष हंसवर की जिम्मेदारी दी गई है। रितेश कुमार पांडेय थानाध्यक्ष इब्राहिमपुर से थानाध्यक्ष आलापुर बनाए गए हैं और आशुतोष शर्मा पीआरओ पुलिस अधीक्षक से थानाध्यक्ष इब्राहिमपुर नियुक्त हुए हैं। महेंद्र सरोज को चौकी शहजादपुर से थानाध्यक्ष महरुआ बनाया गया है। अवधेश कुमार श्रीवास्तव को थाना कटका से थानाध्यक्ष कटका बनाया गया है। निरीक्षक राजकुमार वर्मा को प्रभारी साइबर थाना से क्राइम ब्रांच भेजा गया है, वहीं हीरालाल यादव और यादवेंद्र सोनकर को पुलिस लाइन से साइबर थाना में तैनात किया गया है। अतुल कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक आलापुर से मीडिया सेल और सम्मन सेल के प्रभारी बनाए गए हैं। मुनिमनरंजन दुबे को एनटीपीसी चौकी से हयातगंज चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

## वीरेंद्र कुमार बने शहजादपुर चौकी प्रभारी

वीरेंद्र कुमार पाल पुलिस लाइन से चौकी शहजादपुर के प्रभारी बने है। दौमित्र सेन रावत पुलिस लाइन से एनटीपीसी चौकी और राकेश कुमार को प्रभारी थाना कटका से वाचक अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम की जिम्मेदारी दी गई है। संतोष कुमार को वाचक एसपी से पीआरओ प्रथम पुलिस अधीक्षक और विवेक कुमार मिश्रा को पीआरओ द्वितीय पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला को कोतवाली अकबरपुर से पुलिस लाइन, कृष्ण वलि सिंह को पुलिस लाइन से अतिरिक्त निरीक्षक थाना अकबरपुर और यदुनाथ को पुलिस लाइन से प्रभारी जन सूचना बनाया गया है। उस्मान गनी को पुलिस लाइन से थाना कटका भेजा गया है। उपनिरीक्षक शिवबक्श सिंह पुलिस लाइन से एसएसआई थाना कोतवाली टांडा नियुक्त हुए हैं, जबकि रणजीत सिंह को चौकी हयातगंज थाना टांडा से पुलिस लाइन भेजा गया है।

**विश्व कैंसर दिवस** — स्वास्थ्य शिविर में लगभग 700 लोगों की हुई जांच, नियमित कैंसर की स्क्रीनिंग कराने की दी सलाह

# शरीर में असामान्य गांठ को न करें नजरअंदाज : डॉ. सर्वेश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में लगभग सात सौ लोगों की जांच की गई और उन्हें कैंसर के प्रति जागरूक किया गया।



विश्व कैंसर दिवस पर मरीजों की जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

जिला समन्वयक डॉ. सर्वेश ने बताया कि इन शिविरों में आने वाले पुरुषों और महिलाओं को कैंसर के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में 333 पुरुषों और 360 महिलाओं की जांच की गई। जांच के साथ ही उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। डॉ. सर्वेश ने बताया कि कैंसर का सही समय पर पहचान होने से इसका इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बदलती जीवनशैली और खान-पान में लापरवाही कैंसर का मुख्य कारण बन रही है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि शरीर में कोई असामान्य गांठ, लंबे समय से खांसी या ऐसा घाव जो ठीक न हो रहा हो तो उसे नजरअंदाज न करें और तुरंत विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह लें। डॉ. सर्वेश ने तंबाकू, गुटखा और धूम्रपान को कैंसर का सबसे बड़ा कारक बताया है। शिविर में ताजी सब्जियों और फलों के सेवन तथा जंक फूड से बचने की सलाह दी गई।

## मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरित की गईं निशुल्क दवाएं

**न्यौरी, अंबेडकरनगर।** सभी जाति धर्म के बेबस, मजलूमों, गरीबों, बेसहारा बच्चों की खिदमत करना ही असली इंसानियत है। क्योंकि यतीम बच्चों, मां और बहनों की दुआ अर्श तक सीधे पहुंचती है और ऊपर वाले उस दुआ को जरूर कुबूल करते हैं। उक्त अल्फाज आई एम होप एजुकेशनल ट्रस्ट एंड वेलफेयर सोसाइटी के सदर फैजान मेहंदी ने कही। बता दें कि कस्बा जलालपुर में बुधवार को हजरत इमाम मेहंदी यौमे विलादत के मौके पर निशुल्क मेडिकल शिविर का सफल आयोजन आई एम होप एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी की पहल पर मेदांता अस्पताल और नोबेलरे सोसाइटी के सहयोग से किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के स्थानीय मंच पर सम्पन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, कस्बा और शहरी क्षेत्र के लोगों ने भाग लेते हुए निशुल्क मैडिकल शिविर का लाभ लिया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, टीबी जांच, एक्स–रे आदि स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

## समाजवादी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने पंकज

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की अनुमति से पंकज मिश्रा को समाजवादी शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। हंसवर क्षेत्र के फाजिलपुर पोस्ट हरदासपुर के रहने वाले पंकज मिश्रा पेशे से शिक्षक हैं। उन्होंने अपने मनोनयन पर आभार व्यक्त किया है। शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बनने पर पंकज मिश्रा को शिक्षक संगठन से जुड़े हुए उग्रसेन यादव, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, पवन यादव, महेंद्र वर्मा, विजय शुक्ला, राजेश यादव, एसडी मिश्रा आदि ने बधाई दी है।



न्यूज ब्रीफ

### दोहरे हत्याकांड में सुनवाई दो को

सुलतानपुर, अमृत विचार : प्रधानी के चुनाव विवाद में संग्रह अमीन और उसके भतीजे के चर्चित हत्याकांड में गुरुवार को विवेचक अमर सिंह की वर्चुअल गवाही नहीं दर्ज हो सकी। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट में दरोगा की जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग गवाही दर्ज की जा चुकी है। जिससे 2 फरवरी को नियत तारीख पर जिरह होगी। मुसाफिरखाना कोतवाली के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उसके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### अपहरण के दोषी को 7 साल की कैद

सुलतानपुर, अमृत विचार : मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से सात वर्ष पूर्व नाबालिग स्कूली छात्रा के अपहरण के मामले में विशेष पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी दीपक केसरवानी को बुधवार को सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी को अपहरण के दोष में 7 वर्ष की कैद तथा 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाकर जेल भेज दिया इससे पहले मंगलवार को अदालत ने दीपक केसरवानी निवासी बरुईपुर रतापुर मिल एरिया, रायबरेली को दोषसिद्ध करते हुए जेल भेज था। पुलिस ने घटना के संबंध में 26 सितंबर 2018 को चार्जशीट दाखिल की थी।

### दोहरे हत्याकांड में वर्चुअल गवाही दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार : प्रधानी के चुनाव विवाद में संग्रह अमीन और उसके भतीजे के चर्चित हत्याकांड में बुधवार को विवेचक अमर सिंह की वर्चुअल गवाही दर्ज की गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने दरोगा से जिरह की परंतु जिरह पूर्ण न होने के कारण कोर्ट ने शेष जिरह के लिए गुरुवार की तारीख नियत की है। मुसाफिरखाना कोतवाली के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उसके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक सात को

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : लंभुआ विकासखंड के सभागार में आगामी 7 फरवरी को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में क्षेत्र में अब तक कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य की विकास योजनाओं की रूपरेखा तय की जाएगी। ब्लॉक प्रमुख डॉ. कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि बैठक में क्षेत्र पंचायत से जुड़े सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

# गन्ना तौल से इनकार पर भड़के किसान

## किसान सहकारी चीनी मिल के बाहर हंगामा, हाईवे पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को प्रशासन ने समझाया

गोसाईंगंज, सुलतानपुर



किसानों को समझाने पहुंची मिल प्रबंधक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र स्थित किसान सहकारी चीनी मिल में गन्ना तौल से इंकार किए जाने पर बुधवार को हालात तनावपूर्ण हो गए। बीते कई घंटों से दर्जनों किसान गन्ना लदी ट्रॉलियों के साथ मिल गेट पर लाइन में खड़े रहे, लेकिन मिल प्रशासन द्वारा गन्ना लेने से मना किए जाने पर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने मिल परिसर के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

किसानों का आरोप है कि मिल प्रशासन उन्हें गन्ना तौल के लिए हैदरगढ़ भेजने की सलाह दे रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनका गन्ना यहीं तौला नहीं गया तो वे ट्रॉलियों पर लदा गन्ना नष्ट करने को मजबूर होंगे। किसानों की एकमात्र मांग है कि सहकारी चीनी मिल द्वारा तत्काल गन्ने की तौल कराई जाए।

मामले की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने संज्ञान लेते हुए प्रशासन से वार्ता की और समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वहीं गन्ना किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सुलतानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने जिलाधिकारी कुमार हर्ष को पत्र लिखकर चीनी मिल में एक सप्ताह से अधिक समय तक गन्ना पेराई जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू ने भी जिलाधिकारी पत्र भेजकर किसानों का गन्ना खरीदने व नियमित मिल चलवाने की मांग की है।

उधर, सरकारी चीनी मिल से गन्ना हैदरगढ़ ट्रांसफर किए जाने के विरोध में सैकड़ों किसानों ने आजमगढ़-बलिया मार्ग पर धरना-प्रदर्शन किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर गोसाईंगंज कोतवाली प्रभारी राम आशीष उपाध्याय सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन द्वारा किसानों से लगातार बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में सहकारी चीनी मिल सुलतानपुर की प्रधान प्रबंधक अंजलि गंगवार ने बताया कि किसानों की समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और शीघ्र ही स्थिति सामान्य की जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी से झूमे अनुदेशक

● **मार्च 2017 से 9 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान का आदेश, पद स्थायी माने गए**

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : अनुदेशकों के मानदेय एवं सेवा-स्थिति से जुड़े बहुचर्चित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के आदेश को बहाल कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनुदेशक पिछले दस वर्षों से अधिक समय से निरंतर कार्यरत हैं और इस अवधि में उन्हें दूसरी नौकरी करने की अनुमति नहीं थी, ऐसे में उनके पद स्वतः स्थायी माने जाएंगे। उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष आशुतोष यादव ने खुशी जाहिर करते कहा कि कोर्ट ने आदेश में कहा है कि अनुदेशक केवल संविदात्मक नहीं मानें जा सकते, क्योंकि निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद भी उनसे लगातार सेवाएं ली जाती रहीं। न्यायालय ने मार्च 2017 से संशोधित मानदेय के साथ 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान का आदेश बरकरार रखा है। न्यायालय के आदेशानुसार अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 17,000 रुपये प्रतिमाह किया जाना न्यायोचित माना गया है, जो शैक्षिक सत्र 2017-18 से प्रभावी होगा, जब तक अगला संशोधन न किया जाए। उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आशुतोष यादव, जिला महामंत्री सुरजीत कुमार, विधिक सलाहकार सुरेश कुमार यादव, जिला मीडिया प्रभारी पुनीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी न्यायालय के निर्णय को न्याय की जीत बताया।

# गैंगस्टर के मामले में इंस्पेक्टर की जिरह जारी

● **ज्वेलरी शोरूम में हुई डकैती का मामला**

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सराफा व्यवसायी की ज्वेलरी शोरूम से हुई डकैती से जुड़े गैंगस्टर केस में बुधवार को थाना प्रभारी-बल्दीराय नारदमुनि सिंह हाजिर हुए। उनसे जिरह की कार्यवाही शुरू हुई। फिलहाल जिरह अभी पूरी नहीं हो सकी है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट राकेश यादव की अदालत ने मामले में साक्षी इंस्पेक्टर की शेष जिरह के लिए 13 फरवरी की तारीख तय की है। अमेठी जिले के मोहनगंज थाने के भवानी नगर के रहने वाले आरोपी विपिन सिंह व सह त्रिभुवन कोरी, पुष्पेंद्र सिंह, विनय शुक्ल, अरविंद यादव, दुर्गेश प्रताप सिंह, विवेक सिंह, अजय यादव, अंकित यादव, अरबाज, फुरकान के खिलाफ प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने कोतवाली नगर में गत एक मई को गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी विपिन सिंह व अन्य आरोपियों का गिरोह है। उन्होंने मिलकर 28 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर के सराफा व्यवसायी भरतजी सोनी के यहां डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

### आप सांसद के केस में गवाह तलब

संवाददाता, सुलतानपुर : आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहे मुकदमे में बुधवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने अभियोजन गवाह एसओजी प्रभारी अमेठी अनूप कुमार, हेड कांस्टेबल अजीत पांडेय, विवेक पांडेय व सिपाही पंकज कुमार को गवाही के लिए तलब कर सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख नियत की है। बंधुआकला थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने 13 अप्रैल 2021 को आप से राज्य सभा सांसद संजय सिंह समेत 13 लोगों के खिलाफ नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में केस दर्ज कराया था।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य के केस में वादी से जिरह 10 मार्च को

संवाददाता, सुलतानपुर : नगर पालिका चेयरमैन के कक्ष में सभासदों से अभद्रता, गाली गलौज व दलित उत्पीड़न के मामले में आरोपी नगर पालिका अध्यक्ष के पति और पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार जायसवाल के मुकदमे में बुधवार को विशेष कोर्ट एससी एसटी कोर्ट न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में अभियोजन गवाह वादी मुकदमा चन्द्रप्रकाश हाजिर अदालत रहे परंतु गवाही नही दर्ज हो सकी। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट ने वादी से जिरह के लिए 10 मार्च की तारीख नियत की है। नगर पालिका के अध्यक्ष और कुछ सभासदों के बीच हुए विवाद में दो सितंबर 2020 को शहर की डिहवा निवासी सभासद कुसुमलता के देवर चंद्र प्रकाश ने अपमानित करने व दलित उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में नगर पालिका अध्यक्ष बबिता जायसवाल, ठेकेदार निर्भय सिंह व अजय सिंह फौजी भी आरोपी हैं।

### गैंगस्टर एक्ट के तहत दो पर मुकदमा दर्ज

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से दो युवकों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि गरयें गांव निवासी धीरज सिंह को शातिर किस्म का अपराधी मानते हुए उसके खिलाफ गिरोहबंद कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार धीरज सिंह अपने संगठित गिरोह का गैंग लीडर है, जबकि उसी गांव का शुभम सिंह उसके गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया गया है। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ एक विस्तृत गैंग चार्ट तैयार कर उसे अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। डीएम की स्वीकृति मिलने के बाद आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1418510व इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216168232 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **आयुष प्रताप सिंह पुत्र अनुरूह सिंह कल्याणपुर जागू असजना, विधूना जनपद औरैया।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम MELWIN RUJARIO RODRIGUES से बदल कर MELWIN ROZARIO RODRIGUES रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **C/O: VALERIAN RODRIGUES R/O: BISHOPS HOUSE HAJRAT GANJ ROAD LUCKNOW, UTTAR PRADESH - 226001**

**सूचना**
मैंने अपना नाम SAMA PARVEEN से बदल कर SHAMA PARVEEN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: PARVEZ ALAM R/O: HOUSE NO 154 PARSAPALAI DIN TULSIPUR BALRAMPUR UTTAR PRADESH - 271210**

**सूचना**
मैं SHIVA पुत्र श्री उमेश, निवासी –निकट तालाब, जासेपुर, हैदरगढ़, बाराबंकी, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर SHIVA KUMAR कर रहा हूँ, अब से मुझे SHIVA KUMAR के नाम से जाना पहचाना और माना जाये।

**सूचना**
मैं MOHD SAFEEK पुत्र MOHD SAFI, निवासी – खिन्नी तल्ला, पो0 –कैपरगंज, थाना–कोतवाली, जिला–रायबरेली, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर MOHD SHAFIK कर रहा हूँ, अब से मुझे MOHD SHAFIK S/O MO SAFI के नाम से जाना पहचाना और माना जाये।

**सूचना**
मैं RAJ पुत्र श्री सुरेश, निवासी–मदरसा वार्ड गढ़ी, अमेठी, लखनऊ, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर RAJ KUMAR कर रहा हूँ, अब से मुझे RAJ KUMAR के नाम से जाना पहचाना और माना जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम RANJIT CHAUHAN था से बदलकर RANJEET CHAUHAN रख लिया है। अब मुझे RANJEET CHAUHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-LAXMAN CHAUHAN ADD-VILL-PIPRA PADUM POST-JHONHA DIST-GONDA-271504(U.P.).**

**सूचना**
मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूलवर्ष 2019 अनुक्रमांक 1099756 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 215907125 का अंकपत्र सह प्रमाणत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **अर्पित कीरत सिंह पुत्र सुनील कुमार सिंह निवासी सोनपुर बलरामपुर पुरानी बाजार पचपेड़वा जिला– बलरामपुर।**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD SULEMAN से बदलकर SULEMAN JAVIR KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-MOHAMMAD JAVIR ADD-NEVADA, PO-SADULLANAGAR, DIST - BALRAMPUR-271307(U.P)**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र ज्ञानेन्द्र कुमार को उनके गलत कृत्यों से खिन्न होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई वास्ता/सरोकार नहीं होगा। **ओम प्रकाश यादव पुत्र स्व बैजनाथ प्रेमा देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश निवासीगण ग्राम पूरे छेदी पोस्ट राही थाना मिल एरिया रायबरेली।**

**सूचना**
मैं QULSUM KHALIK पत्नी श्री SYED FAIZI YUNUS KHAWAJA, निवासी –कैम्पस इरम इण्टर कालेज, सी ब्लॉक, इंदिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर QULSUM KHALIKE कर रही हूँ, अब से मुझे QULSUM KHALIKE W/O KHAWAJA SYED FAIZI YUNUS के नाम से जाना पहचाना और माना जाये।

**सूचना**
मैं MOHAMMAD AFASAR पुत्र MOHAMMAD UMAR, निवासी–वार्ड नं0 10, गढ़ी परशदेपुर, पोस्ट–परशदेपुर, थाना–डीह, जिला– रायबरेली, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर MOHD AFASAR कर रहा हूँ, अब से मुझे MOHD AFASAR पुत्र MOHD UMAR के नाम से जाना पहचाना और माना जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र शिवेन्द्र अवस्थी पुत्र सुधीर कुमार अवस्थी नि0 मो0 आदर्श नगर, सीतापुर, उ0प्र0 261001 को अपनी व अपनी पत्नी की समस्त चल– अचल सम्पत्ति से कतई बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके किसी भी प्रकार के अपराधिक कृत्य या लेन –देन से मेरा व मेरी पत्नी व परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **सुधीर कुमार अवस्थी पुत्र पृथ्वीपाल अवस्थी नि0 मो0 आदर्श नगर, सीतापुर, उ0प्र0 261001**

# शेयर मार्केट में क्लोन एप से ठगी में लिप्त 7 शातिर दबोचे गए

संवाददाता, सुलतानपुर




पुलिस लाइन में खुलासा करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शेयर व स्टॉक मार्केट में कम समय में ज्यादा मुनाफा दिलाने का लालच देकर फर्जी कंपनी का क्लोन एप बनाकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का साइबर थाना व एसओजी की संयुक्त टीम ने बड़ा पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में विभिन्न प्रदेशों के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि भास्कर पांडेय निवासी शफीपुर थाना चांदा ने साइबर थाने में तहरीर देकर बताया था कि फेसबुक पर ट्रेडिंग कंपनी का प्रचार देखकर उन्होंने अपनी जानकारी भरी थी। इसके बाद वाट्सएप कॉल पर श्रुति असाति नामक महिला ने संपर्क कर ग्रुप में जोड़ दिया। ग्रुप में प्रोपराइटर दौलत जैन द्वारा निवेश की स्कीम बताकर पहले थोड़ा मुनाफा दिखाया गया, फिर कुल 10,11,689.75 रुपये लगवा लिए गए। बाद में पैसा वापस नहीं मिला। तहरीर पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचना में सामने आया कि इसी तरीके से अमेठी में 85 लाख और लखनऊ में 1.85 करोड़ की ठगी भी की गई थी। जांच में पीड़ितों का पैसा एस बैंक खाते में ट्रांसफर मिला, जिसकी जांच से असम के हनीफ काजी व शसमशुद्दीन अहमद की भूमिका सामने आई। पुलिस ने असम व मुंबई से जुड़े नेटवर्क तक पहुंचकर सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर सुलतानपुर लाया। गिरफ्तार अभियुक्तों में हनीफ काजी, शसमशुद्दीन अहमद, शाफिकुल इस्लाम, जाकिर खान (असम), संतोष सुर्वे व विजय ईश्वर कालांतरे (मुंबई/नवी मुंबई) तथा फरीद मलिक (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं।

● **268 करोड़ व 65 करोड़ के खाते कराए फ्रीज, 23.65 करोड़ यूएसडीटी के क्रिप्टो खाते भी मिले**

बरामदगी में सात मोबाइल, छह चेकबुक, तीन एटीएम कार्ड, दो ऑनलाइन खाते जिनमें एक में 268 करोड़ व दूसरे में 65 करोड़ रुपये फ्रीज कराए गए हैं। साथ ही 23.65 करोड़ यूएसडीटी के 9 क्रिप्टो खाते भी मिले हैं। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि आरोपी प्रतिष्ठित कंपनियों का क्लोन बनाकर लोगों को ज्यादा लाभ का झांसा देते थे। टेली कॉलिंग और वाट्सएप ग्रुप के जरिए निवेश कराते, फिर खाताधारकों को कमीशन का लालच देकर पैसा लेते थे। ठगी की रकम को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता था। पकड़े गए अभियुक्तों को कोर्ट भेजा जा रहा है।

# विधिक सेवा की बैठक में गूंजे पूर्व सैनिकों के मुद्दे

संवाददाता, सुलतानपुर



विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक में मौजूद जज/सचिव मुक्ता त्यागी।

**अमृत विचारः** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर की एक बैठक मंगलवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुक्ता त्यागी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को सुनकर उन्हें न्यायिक एवं विधिक सहायता उपलब्ध कराना रहा।

बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर दिनेश कुमार मिश्रा, पूर्व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल हरिश्चंद्र सिंह, कार्यालय स्टाफ एच. रहमान व पवन सिंह के साथ लगभग 30 भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

● **जज/सचिव मुक्ता त्यागी ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश**

बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों ने पेंशन, भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों, सरकारी योजनाओं का लाभ तथा न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ी समस्याएं रखीं। जज/सचिव मुक्ता त्यागी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता पर समाधान कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर कमांडर दिनेश कुमार मिश्रा ने सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। वहीं सचिव मुक्ता त्यागी ने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को निःशुल्क विधिक सहायता, अधिवक्ता उपलब्धता, लोक अदालत के माध्यम से त्वरित निस्तारण और विधिक परामर्श जैसी सुविधाएं दी जाती हैं।बैठक में पैरा लीगल वालंटियर्स सतीश कुमार पांडेय,सर्वेश कुमार सिंह, , योगेश यादव सहित अन्य पीएलबी मौजूद रहे।

### गड्ढे में फिसली बाइक से गिरी महिला की मौत

सुलतानपुर, अमृत विचार : जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मियागंज गांव निवासी महिला की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार मियागंज गांव निवासी किराना व्यवसायी केश कुमार अग्रहरि की पत्नी मंजू देवी (45) बीते सोमवार को अपने बेटे के साथ बाइक से कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सूरापुर मायके जा रही थीं। जैसे ही वे बगिया चौराहा दियरा मार्ग पर हमजाबाद गांव के आगे मलवा के पास पहुंचीं, तभी सड़क पर बने गड्ढे की चपेट में आने से बाइक फिसल गई। हादसे में मंजू देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार को उनका निधन हो गया। दोपहर में शव का अंतिम संस्कार दियरा आदि गंगा गोमती नदी घाट पर किया गया।

### अख़बार विक्रेता राजकुमार का निधन, श्रद्धांजलि

सुलतानपुर, अमृत विचार : जिला मुख्यालय स्थित दरियापुर तिराहा निवासी वरिष्ठ समाचार पत्र विक्रेता राजकुमार (50) पुत्र मोहन सिंह का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह बीते लगभग एक माह से अस्वस्थ चल रहे थे। राजकुमार ने अपने बड़े भाई स्व. राम सिंह के साथ दशकों पूर्व समाचार पत्र वितरण का कार्य आरंभ किया था। बीमारी के बावजूद वह जीवनपर्यंत अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे, जिससे वे नगर में एक कर्मठ और समर्पित समाचार पत्र विक्रेता के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से नगर के पाठकों, पत्रकारों और समाचार जगत से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा पांच बेटियां तथा दो अवयस्क पुत्र हैं। मृतक का अंतिम संस्कार गुरुवार को हथियानाला स्थित स्थानीय श्मशान घाट पर किया जाएगा।

खेलकूद

**पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जनपदीय परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन**

# 11वीं बार भदैंया ब्लॉक के सिर सजा ओवर ऑल चैंपियन का ताज

संवाददाता, सुलतानपुर



विजेता टीम लीडर को ट्राफी प्रदान करते बीएसए उपेंद्र गुप्ता व अन्य अतिथिगण। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जनपदीय परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का भव्य समापन बुधवार की शाम हुआ। एक बार फिर भदैंया ब्लाक ओवरआल चैंपियन रही। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी अमित सिंह एवं विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर द्वारा किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के 14 विकासखंडों एवं नगर क्षेत्र के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 197 अंक प्राप्त कर भदैंया ब्लाक ने लगातार ग्यारहवीं बार ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, 137 अंकों के साथ धनपतगंज ने दूसरा तथा 116 अंकों के साथ जयसिंहपुर ब्लॉक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिनभर चली प्रतियोगिताओं में 100 मीटर जूनियर वर्ग में कूरेभार के अविनाश प्रथम रहे, जबकि चक्का फेंक जूनियर बालक वर्ग में भदैंया के वीरू विजेता बने। टेबल टेनिस बालक वर्ग में दूबेपुर प्रथम व भदैया द्वितीय रहा, जबकि बालिका वर्ग में भदैंया ने प्रथम और दूबेपुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयसिंहपुर ने बालक व बालिका दोनों वर्गों में जीत दर्ज की, वहीं दोनों वर्गों में भदैंया उपविजेता रहा। जूडो व कुश्ती प्रतियोगिताओं में भदैंया एवं धनपतगंज का दबदबा रहा। व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राथमिक बालक वर्ग में दूबेपुर के जोहिद एवं बालिका वर्ग में कूरेभार की आर्या यादव ने प्राप्त की। जूनियर बालक वर्ग में दूबेपुर के योगेश तथा बालिका वर्ग में कुड़वार की अनुश्री मिश्रा व्यक्तिगत चैंपियन बनीं। इस अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों के बीच आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में लंभुआ के पंकज सिंह प्रथम तथा धनपतगंज के अरविंद सिंह द्वितीय रहे। वहीं खेल अनुदेशकों एवं शिक्षा मित्रों के मध्य हुई दौड़ में भदैंया के उमेश यादव प्रथम व मोतिगरपुर के अजहर द्वितीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव एवं बबिता सिंह ने किया। जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी ने बताया कि विजेता खिलाड़ी आगामी मंडलीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा सिंह ने बताया कि पात्रता से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर खिलाड़ियों को बेहतर तैयारी कराई जाएगी। समारोह में जिला स्काउट मास्टर धर्मेंद्र सिंह, जिला गाइड कैप्टन ज्योति सिंह, विभिन्न ब्लॉकों के व्यायाम शिक्षक, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी सहित शिक्षक मुनेंद्र मिश्रा, रितेश त्रिपाठी, जितेंद्र मौर्य, संतोष सिंह, मनोज, राहुल तिवारी, गायत्री सिंह, अर्जुन यादव, अनुपम शुक्ला सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सरयू डिग्री कालेज**
करनैलगंज–गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में गृह विज्ञान एवं प्राचीन इतिहास विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित है:–
**अर्हता–** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाण–पत्र सहित पी–एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन–** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/माँ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट–** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विष्यों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन–पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

**नन्दिनी एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट**
बालापुर, नवाबगंज–गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय के अन्तर्गत एम0एस–सी0 (कृषि) पाठ्यक्रम में एग्रोनामी, एग्रीकल्चरल केमेस्ट्री, हार्टिकल्चर एवं डेरी साइन्स एण्ड टेक्नालोजी विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित है:–
**अर्हता–** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाण–पत्र सहित पी–एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन–** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/माँ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट–** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विष्यों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन–पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

## न्यूज ब्रीफ

### युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार : युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने 20 वर्षीया बेटी को अज्ञात युवक द्वारा अपहरण कर ले जाने की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लड़की की बरामदगी के लिए टीम बनाई गई है।

### किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार : किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नगर पंचायत के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति की 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुकानदार द्वारा छेड़छाड़ की गई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायालय रवाना किया गया।

### मां भगवती मंदिर का वार्षिकोत्सव आज से

गोंडा, अमृत विचार : पंजाबी सभा मां भगवती मंदिर में मंदिर की स्थापना के 26 वें वार्षिकोत्सव का आयोजन से 5 से 7 फरवरी तक मनाया जाएगा। शुरुआत 5 फरवरी को प्रातः 5:30 बजे प्रभात फेरी से होगी। सायं 5 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 6 फरवरी को भी प्रातः 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 7 फरवरी को अपराह्न 12 बजे हवन, अपराह्न 1 बजे माता का लंगर तथा अपराह्न 2:30 बजे भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

# चाकू से वार कर युवक की हत्या बचाने आये भाई पर भी किया हमला

## फसल की सिंचाई करते समय पिता और चार पुत्रों ने वारदात को दिया अंजाम

**दुस्साहस**

- नारायणपुर माझा गांव में हुई घटना पांच आरोपी नामजद

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के नारायनपुर माझा मजरा दुल्हिनपुरवा गांव में मंगलवार देर रात दिल दहला देने वाली वारदात से पूरा इलाका दहशत में आ गया। खेत में सिंचाई कर रहे दो सगे भाइयों पर पहले अज्ञात हमलावरों ने हमला किया, बाद में खुलासा हुआ कि वारदात सिंचाई को लेकर चले विवाद में हुई। पुलिस ने पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, शिवशंकर दुबे उर्फ लल्ला दुबे (32) और उनके भाई अमरनाथ दुबे मंगलवार देर शाम खेत में सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान विवादित खेत में पानी लगाने को लेकर विपक्षी छत्तर बली दुबे अपने चार बेटों सुनील दुबे, विनोद दुबे, धर्मेंद्र दुबे और रविन्द्र दुबे के साथ मौके पर पहुंचे। कहासुनी के बाद पिता-पुत्रों ने मिलकर लल्ला दुबे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। भाई को लहूलुहान देख अमरनाथ दुबे बचाने दौड़े तो उन पर भी हमला कर दिया गया। हमले में लल्ला दुबे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमरनाथ दुबे गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। घायल को सीएचसी करनैलगंज से जिला अस्पताल गोंडा रेफर किया गया है।


घटना के बाद रोते बिलखते परिजन। • अमृत विचार

### आरोपियों की तलाश में लगी पुलिस की टीमें

कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि छत्तर बली दुबे समेत उनके चारों बेटों सुनील, विनोद, धर्मेंद्र रविन्द्र के मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हमलावरों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हैं और गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### एएसपी ने लिया मौके का जायजा

इस घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय देर रात मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

नारायणपुर माझा में हुई हत्या से गांव दहशत में है। मृतक शिवशंकर दुबे उर्फ लल्ला दुबे अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गए हैं। 12 वर्षीय सौरभ, 10 वर्षीय शिवांश और 8 वर्षीय लक्ष्मी। घटना की रात बच्चे घर पर थे और लल्ला दुबे खेत में सिंचाई कर रहे थे, लेकिन देर रात खबर आई कि उनके पिता की हत्या कर दी गई। यह सुनते ही बच्चों की दुनिया उजड़ गई। उधर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## अलग-अलग मामलों में मारपीट व धमकी देने के मामले में एनसीआर दर्ज

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : क्षेत्र में मंगलवार को दो स्थानों पर हुए विवाद के मामलों में पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज की है। अगमपुर जेली पुरवा निवासी मो. मेराज ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी सब्जी की दुकान स्टेट बैंक के सामने है। मंगलवार दोपहर सब्जी खरीदने को लेकर हुए विवाद में शुभम ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं, थाना क्षेत्र के विश्नोहरपुर गांव निवासी श्रीराम सिंह पुत्र विजय ने आरोप लगाया कि कस्बे के कहरान मोहल्ला निवासी महेंद्र सिंह राणा पुत्र गुलाब सिंह राणा तथा रोहित पुत्र अज्ञात उनकी माता के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे। विरोध करने पर दोनों ने अपशब्द कहे, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर ली गई है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गोंडा में पाई जाती है हिरन की लुप्तप्राय प्रजाति हॉग डियर

अभिषेक दूबे, नेचर क्लब गोंडा


खेत में विचरण करता मूषक हिरण। • अमृत विचार

गोंडा : जब भी वन्यजीवों का जिक्र आता है तो हमारे दिमाग में किसी संरक्षित जंगल का दृश्य आता है। लेकिन वन्यजीव सिर्फ जंगल में नहीं, बल्कि हमारे आसपास, हमारे गांवों में भी और यहां तक शहरों तक में पाए जाते हैं। गोंडा में भी वन्य प्राणियों की ऐसी कुछ प्रजातियां हैं जो विलुप्तप्राय की श्रेणी में हैं, लेकिन अपने जिले में अच्छी तादाद में आज भी मौजूद हैं। गोंडा की कई नदियों और झीलों के बाढ़ क्षेत्र में मौजूद सरपट, खस, सरकंडे, मूंज आदि के घास के मैदानों में आज भी हिरन की एक लुप्तप्राय प्रजाति मूषक हिरण (हॉग डियर) पाया जाता है जो छोटा होता है और जिनकी तादाद गोण्डा में ही सैकड़ों में है। इसे मूषक हिरन या कई बार सूअर हिरन इसलिए कहा जाता है क्योंकि इनका मुंह चूहे या सूअर की तरह आगे से पतला होता है और ये सूअर या मूषक की तरह आगे की तरफ झुककर चलते हैं। इनका शरीर गाढ़ा पीला, लाल, भूरा (धब्बेदार) होता है और नर हॉग डियर की कुछ छोटी सींग भी होती है जिससे इसे ग्रामीण अक्सर बारासिंघा भी समझ लेते हैं।

गोंडा में विशेषकर सरयू व टेढ़ी नदी और पार्वती-कोंडर झील के किनारे मौजूद घास के मैदानों में ये मूषक हिरन अच्छी आबादी में मौजूद हैं। कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नारायणपुर मांझा, सकरौरा ग्रामीण, लालेमऊ, कंजेमऊ, मनिहारी, पाण्डेय चौरा आदि गांवों में अक्सर ये हिरण देखे जाते हैं। लेकिन इनके ये पर्यावास संरक्षित क्षेत्र न होने के कारण इनकी तादाद में कमी आती जा रही है। कई बार ये सड़क दुर्घटना, कुत्तों द्वारा घायल किए जाने, ब्लेड के तारों से कटकर और अवैध शिकार के कारण मारे जाते हैं। हालांकि इसका सबसे बड़ा कारण इनके पर्यावास अर्थात घास के मैदानों में अतिक्रमण है, जिसके कारण ये बाहर आते हैं और अलग- अलग तरह अक्सर मारे जाते हैं। कर्नलगंज क्षेत्र अंतर्गत कुतुबपुर में 18 जनवरी को एक ऐसा ही हॉग डियर कुत्तों के हमले में घायल हो गया जिसके बाद डर से उसकी मौत हो गई। दिसंबर, 2024 में एक हॉग डियर चकरौत बाजार के निकट दुर्घटना का शिकार हुआ। इनके संरक्षण के लिए शासन-प्रशासन के स्तर पर नदियों के बाढ़ क्षेत्र और उसमें मौजूद ग्रासलैंड का संरक्षण आवश्यक है। साथ ही स्थानीय स्तर पर जनजागरूकता व युवाओं को इनके संरक्षण के लिए एक योद्धा की तरह तैयार कर इनके पर्यावास के संरक्षण, रेस्क्यू, अवैध शिकार रोकने के विषय में काम किए जा सकते हैं। प्रकृति और प्राणियों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्था नेचर क्लब फाउंडेशन द्वारा गोण्डा में हॉग डियर की मौजूदगी, उनके फैलाव, पर्यावास, उनके साथ होने वाली दुर्घटनाएं आदि पर एक रिपोर्ट भी बीते वर्ष प्रकाशित की गई थी। नेचर क्लब गोण्डा के वॉलेंटियर्स कई बार वन विभाग के साथ हॉग डियर के रेस्क्यू में भी सहयोग करते रहे हैं।

आशा है कि शासन, विभाग और लोगों द्वारा गोंडा की प्राकृतिक विरासत को सहेजने की जुगत जल्द शुरू होगी और गोण्डा की जीवनदायिनी नदियों और उनके किनारों की जैवविविधता भी संरक्षित होगी और लोगों को इस अनमोल प्राणी के दीदार जनपद में होते रहेंगे।

# उषा डायग्नोस्टिक सेंटर सील

गोंडा, अमृत विचार: बेलसर में नियम विरुद्ध संचालित उषा डायग्नोस्टिक सेंटर को स्वास्थ्य विभाग ने सील कर दिया। टीम ने जांच की तो केंद्र बिना पंजीकरण व जरूरी मानकों के संचालित पाया गया।

बताया जाता है कि उषा डायग्नोस्टिक सेंटर को इससे पूर्व भी अवैध संचालन के चलते बंद कराया गया था, लेकिन संचालक द्वारा पुनः कार्य शुरू कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दस्तावेजों की जांच की। लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा मानकों के अभाव में केंद्र का संचालन नियम विरुद्ध पाया गया। टीम ने केंद्र को बंद करा दिया। सीएमओ संतलाल पटेल ने बताया कि ऐसे सभी अवैध चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।


सेंटर सील करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। • अमृत विचार

### प्रसव के बाद प्रसूता की मौत पर टीम गठित

गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार : मंगलवार को एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता की हुई मौत के मामले में सीएमओ द्वारा गठित टीम ने बुधवार को निजी अस्पताल की जांच की। खोड़ारे क्षेत्र के इस्लामपुर पोखराहवा निवासी गर्भवती पूनम (24) को निजी अस्पताल गौरा चौकी में मंगलवार भर्ती कराया था। 8 बजे के करीब प्रसूता ने एक बच्चे को जन्म दिया, उसके बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद महिला की करीब 6 घंटे बाद मौत हो गई। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एक जांच टीम गठित किया। ए.सीएमओ डॉ आदित्य वर्मा और सीएचसी अधीक्षक डॉ तरुण मौर्या समेत पूरी टीम ने अस्पताल की जांच कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजा है।

# सीएचसी पर गंदगी देख भड़कीं सदस्य

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता पटेल ने बुधवार को सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर और वार्ड में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने बताया कि प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से उनका भ्रमण कार्यक्रम चल रहा है। इसी क्रम में करनैलगंज सीएचसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर समय से न पहुंचने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे समय से उपस्थित रहें और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें। महिला आयोग की सदस्य ने अस्पताल में भर्ती मरीजों व तीमारदारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलधरमऊ का भी निरीक्षण किया जहां की व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त मिलीं।


सीएचसी में वार्ड का जायजा लेतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता पटेल।

- महिला आयोग की सदस्य ने किया सीएचसी का निरीक्षण

### सपा कार्यकर्ताओं से सीधे होगा संवाद, खुला कार्यालय

गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार : सपा कार्यकर्ताओं की हर बात सुनी जाएगी। उनसे प्रतिदिन सीधा संवाद किया जाएगा। जरूरी होगा तो उसे सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए गौरा चौकी में एक पीडीए का कार्यालय स्थापित किया गया है। इसका उद्घाटन सात फरवरी को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय करेंगे। यह जानकारी सपा नेता लतीफ मलिक ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि चंद्रदीप रोड पर पीडीए का भव्य कार्यालय स्थापित किया गया है। इसमें सभी सुविधाएं हैं। कान्फ्रेंस हाल सहित कार्यकताओं के बैठने की सुविधा है। प्रतिदिन सपा कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। इसमें उनसे सीधे संवाद कर क्षेत्र की जनता का फीडबैक भी लिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि कार्यालय उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय आ रहे हैं और उन्हीं के हाथों कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। लतीफ मलिक ने बताया कि इस कार्यालय का उद्देश्य सपा पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना और क्षेत्रीय लोगों के समस्याओं को सुनना रहेगा।


पत्रकारों से बात करते लतीफ मलिक।

### पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक

गोंडा, अमृत विचार : पेंशनर्स कल्याण संस्था उ की बैठक पेंशनर कक्ष जिलाधिकारी कार्यालय के निकट सम्पन्न हुई। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष के.बी सिंह ने की। में शाखा मंत्री अनिल कुमार श्रीवास्तव ने संगठन की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान पेंशनर्स से जुड़ी चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके बाद मुख्य कोषाधिकारी श्यामलाल जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में अजय जायसवाल, बृजेश कुमार, राजेंद्र कुमार सहित कोषागार कर्मियों की सहभागिता हुई। संगठन की ओर से विगत माह में दिवंगत हुए 17 पेंशनर्स की सूची कोषाधिकारी को सौंपी गई। बैठक के अंत में दिवंगत पेंशनर्स की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में उपाध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पी. द्विवेदी, भोला पांडे, डॉ. एच.पी. सिंह, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, काली पांडे, परम दत्त, एस.पी. वर्मा, एम.के. त्रिपाठी सहित अनेक पेंशनर्स मौजूद थे।

### बार एसो.चुनाव: पहले दिन 33 ने किया नामांकन

गोंडा, अमृत विचार : बार एसोसिएशन के पदाधिकारी के चुनाव दाखिले के पहले दिन 33 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन प्रपत्रों को दाखिल किया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पर पत्र पर दाखिला किया है। गुरुवार को भी दाखिला किया जाएगा। इस मौके पर एल्डर कमेटी के सदस्य गंगेश मिश्रा, अनिल देव शुक्ला, सिद्ध देव सिंह, शोएब मुस्तफा उस्मानी, मुख्य चुनाव कमेटी के सदस्य विवेक कुमार सिंह, इंदु प्रकाश तिवारी, अमर कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव, साकेत कुमार मिश्रा, महेंद्र मोहन मिश्रा व दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# घोटाले में समूह के संचालकों को हाईकोर्ट से मिली राहत

गोंडा, अमृत विचार : रुपईडीह ब्लाक में हुए 1.30 करोड़ के घोटाले के मामले में स्वयं सहायता समूह के संचालकों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राहत दी है। कोर्ट ने खरगूपुर थाने में दर्ज एफआईआर के मामले में अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ताओं की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। मामला घोटाले की एफआईआर से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि वे मल्लापुर फरेंदा शुकुल में अवस्थी पेंट्स स्वयं सहायता समूह का संचालन कर रहे हैं और उन्हें साजिशन झूठे मामले में फंसाया गया है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिस घटना को आधार बनाकर एफआईआर दर्ज की गई है, वह वर्ष 2024-25 की बताई जा रही है, जबकि एफआईआर 13 जनवरी 2026 को दर्ज की गई, जिसमें देरी का कोई ठोस कारण नहीं बताया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है और मामले को 9 मार्च से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं को जांच में पूरा सहयोग करना होगा। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता 5 फरवरी को सुबह 11 बजे संबंधित थाना के विवेचक के समक्ष उपस्थित होकर जांच में सहयोग करेंगे।


श्री श्याम महोत्सव के दौरान निकली निशान यात्रा में शामिल महिलाएं। • अमृत विचार


निशान उठाए सपा नेता सूरज सिंह व अन्य श्रद्धालु। • अमृत विचार

### धूमधाम से निकली सप्तरंगी निशान शोभायात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्याम प्रेमी

गोंडा, अमृत विचार : शहर के ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दुसरे दिन बुधवार को निशान शोभायात्रा निकाली गई। पहली यात्रा रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से और दूसरी यात्रा चौक बाजार के राधा कृष्ण मंदिर से निकलकर बड़गांव पुलिस चौकी पर पहुंचकर होकर दोनों यात्राएं श्री श्याम मंदिर में पहुंचकर बाबा खाटू श्याम को निशान अर्पित किया। निशान शोभायात्रा में बहराइच, नानपारा, बलरामपुर तुलसीपुर उतरौला मनकापुर, रिसिया, पयागपुर, करनैलगंज, धानेपुर, बेलसर आदि कई जगह से श्याम प्रेमी शामिल हुए। सपा नेता सूरज सिंह और देवेंद्र सिंह निशान शोभायात्रा में पहुंचकर शामिल हुए। उन्होंने बाबा खाटू श्याम जी दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जगह-जगह भक्तों ने बाबा खाटू श्याम जी और श्री राणी सती दादी जी आरती उतार कर दर्शन किया। अयोध्या धाम में मंदिर को सजाने वाले बाल किशन ने श्याम मंदिर के प्रांगण को सजाया और बाबा खाटू श्याम और दादी जी के दरबार को पंडित द्वारिका प्रसाद पाठक ने सजाया। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन में सीओ सदर ,नगर कोतवाल और बड़गांव चौकी इंचार्ज अपने दल-बल के साथ मौजूद नजर आ रहे थे। निशान शोभायात्रा के दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, अनिल मित्तल, विशाल, विशाल, गोविंद जालूका, मयंक अग्रवाल, अरिहंत जैन, पुनीत बंसल, नितेश मित्तल, उत्कर्ष सिंघल, गोकुल शर्मा, विमलेश सिंघल, सत्यवान केडिया, अजय अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, आशीष भावसिंहका, नीलम जैन, सरोज अग्रवाल, पूनम मित्तल, बेनू अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग, प्रीति अग्रवाल, छवि अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल, सरोज गर्ग, कोमल आदि मौजूद थे।

### 426 अनुदेशकों को मिली सौगात, जताई प्रसन्नता


प्रसन्नता व्यक्त करते अनुदेशक। • अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षा अनुदेशकों के हित में एक अहम फैसला सुनाते हुए उन्हें 17,000 मासिक मानदेय देने तथा वर्ष 2017 से अब तक का बकाया एरियर भुगतान करने का आदेश दिया है। इस फैसले से जिले के कुल 426 अनुदेशकों को सीधा लाभ मिलेगा। अनुदेशक संघ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए इसी बड़ी जीत बताया है।

अब तक शिक्षा अनुदेशकों को मात्र 7,000 मानदेय दिया जा रहा था। अनुदेशकों की ओर से दायर अपील पर हाईकोर्ट ने वर्ष 2017 में ही राज्य सरकार को 17,000 मानदेय देने का निर्देश दिया था, लेकिन राज्य सरकार द्वारा इस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया बल्कि सरकार इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट चली गयी थी। लंबे समय से मामला लंबित रहने के बाद अब सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि शिक्षा अनुदेशकों को वर्ष 2017 से ही बढ़े हुए मानदेय का भुगतान किया जाए और उसी अवधि का पूरा एरियर भी दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वर्षों से कम मानदेय में कार्य कर रहे अनुदेशकों को अब आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद जगी है। जिले में कार्यरत 426 अनुदेशकों को लाखों रुपये का एरियर मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इस फैसले पर प्रसन्नता जताते हुए उच्च प्राथमिक अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने इसे अनुदेशकों की "ऐतिहासिक और बड़ी जीत" बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला वर्षों की लड़ाई और संघर्ष का परिणाम है। अब सरकार को बिना देरी किए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करना चाहिए ताकि अनुदेशकों को उनका हक मिल सके।

**शिव महापुराण कथा** | डॉ. आरएन पाण्डेय हॉस्पिटल परिसर में कौशिक जी महाराज ने सुनायी कथा

# अपने भक्तों पर सदैव कृपा बरसाते हैं महादेव

गोंडा, अमृत विचार: डॉ. आरएन पाण्डेय हॉस्पिटल परिसर में आयोजित शिव महापुराण की कथा में पुराण मनीषी कौशिक जी महाराज ने पावन कथा में भगवान शिव की भक्ति धारा प्रवाहित करत हुए कहा कि भगवान शिव भक्तों पर सदैव अपनी कृपा बनाए रहते हैं।

देवताओं की कृपा और उनकी भक्ति से प्राप्त पुण्य के संदर्भ में कहते हैं कि जिस तरह से कोई धनवान अपने धन से समाज की सेवा करता है और पुण्य प्राप्त करता है, उसी तरह एक निर्धन व्यक्ति तन की सेवा से समाज सेवा करके वैसा ही पुण्य लाभ और ईश्वर की कृपा को प्राप्त करता है। जिस घर में स्त्रियों का सम्मान होता है वह घर तरक्की करता है। एक बेटी का पिता कंजूस नहीं हो सकता है त्यागी भाव का होता है। जब बेटी की विदाई होती है तो आमजन के साथ पेड़ पौधे भी आंसू बहाने लगते हैं। यदि हम दूसरों की बेटी का आदर करेंगे तो हमारी बेटी का भी आदर होगा। आचार्य जी ने कहा कि शिव महापुराण की दिव्य कथा सुनकर भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। कौशिक जी ने कहा हमेशा हमें स्त्रियों का आदर सम्मान करना चाहिए और समाज को चाहिए की कभी भी अपनी बेटी, अपने दामाद और ब्राह्मण से पांव नहीं छुआना चाहिए। कथा के प्रमुख आयोजक डॉ राजेश पाण्डेय व प्रतिभा पाण्डेय ने सभी भक्तों से 2 फरवरी से 10 फरवरी तक 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित इस पावन कथा में निरंतर शामिल होने का आह्वान किया है।


कथा सुनाते कौशिक महाराज।


शिव महापुराण कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु। • अमृत विचार

# हाईकोर्ट के आदेश पर डीएम ने किया निरीक्षण

खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार: सड़क निर्माण में बाधक बने अवैध कब्जे को देखने डीएम स्वयं मौके पर पहुंचीं। इसी मामले में राजस्व निरीक्षक व दो लेखपाल के अतिक्रमण मुक्त दिखाने तथा फर्जी रिपोर्ट देने पर हाईकोर्ट के आदेश पर डीएम ने पूर्व में उन्हें निलंबित कर दिया था।

खरगूपुर से पृथ्वीनाथ से विशुनापुर, परसदा होते हुए बहराइच की सीमा तक सड़क चौड़ीकरण होने की स्वीकृति मिली थी। जिसमें विशुनापुर के बाहर तक लगभग चार साल पूर्व सड़क चौड़ीकरण का कार्य हो गया था। लेकिन कस्बे में जुबेर, असजद, मोसिन, मोईन व हसनैन ने सड़क पर अतिक्रमण कर पक्का मकान का निर्माण दशकों पूर्व करा लिया था, जिससे सड़क निर्माण रुक गया। कार्य रुकने पर यहां के बबलू गुप्ता ने डीएम सहित अन्य अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने 31 दिसंबर व 4 दिसंबर 2024 को अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अवैध कब्जा हटाने को कहा था। लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। जिस पर उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। 14 जुलाई 2025 को न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। अतिक्रमण मुक्त दिखाकर फर्जी रिपोर्ट देने पर तत्कालीन राजस्व निरीक्षक दिनेश प्रताप तिवारी, लेखपाल जावेद अख्तर व अभिजीत कुमार को हाईकोर्ट के आदेश पर डीएम ने 16 दिसंबर व 20 दिसंबर 2025 को निलंबित कर दिया था। इस मामले में तहसीलदार सदर व नायब तहसीलदार सदर को मौके का जांच कर आगामी 23 मार्च को न्यायालय में आख्या प्रस्तुत करना है।

# अस्पतालों में शुरू होगी ऑनलाइन ओपीडी

## जिले के मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत, चिकित्सालय आने वाले मरीजों को मिलेगी लंबी कतार से मुक्ति

**सुविधा**

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार :** जनपद के सभी जिला स्तरीय चिकित्सालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑनलाइन ओपीडी पर्चा बनाए जाने की व्यवस्था लागू की जा रही है। इसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने दी। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के लागू होने से मरीजों को लंबी कतारों से निजात मिलेगी और पंजीकरण से लेकर उपचार तक की प्रक्रिया पहले से अधिक सरल, पारदर्शी और तेज हो जाएगी।

सीएमओ ने बताया कि ऑनलाइन ओपीडी पर्चा व्यवस्था के तहत मरीजों का इलाज अब डिजिटल रिकॉर्ड के माध्यम से किया जाएगा। इससे दवाइयों, जांचों और फॉलोअप में सुविधा मिलेगी, साथ ही मरीजों का उपचार संबंधी पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा और आवश्यकता पड़ने पर कभी भी उपलब्ध कराया जा सकेगा। चिकित्सकों को भी मरीज के पूर्व इलाज का विवरण आसानी से देखने का लाभ मिलेगा, जिससे बेहतर और सटीक उपचार संभव हो सकेगा।

सीएमओने सभी चिकित्सालयों के अधीक्षकों और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस व्यवस्था को पूरी गंभीरता से और सुचारू रूप से लागू किया जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवश्यक तकनीकी संसाधन उपलब्ध करा दिए गए हैं और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

सीएमओ ने उम्मीद जताई कि इस पहल से जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और मरीजों को समयबद्ध एवं बेहतर उपचार मिल सके।

## समय पर जांच से संभव है कैंसर का पूर्ण इलाज



जिला मेमोरियल अस्पताल में मरीज की जांच करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को कैंसर के प्रकार, लक्षण, जांच और उपचार की जानकारी दी गई तथा लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया। जिला मेमोरियल अस्पताल स्थित एनसीडी क्लीनिक में विशेष जांच शिविर का आयोजन हुआ, जहां चिकित्साधिकारी डॉ. ऋषि श्रीवास्तव ने 65 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने प्रोस्टेट, मुख, स्तन, ओवरी और अग्न्याशय कैंसर के लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रारंभिक अवस्था में इलाज शुरू होने पर मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। वर्तमान में एनसीडी क्लीनिक में सात कैंसर रोगियों का नियमित फॉलोअप किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित जागरूकता गोष्ठी में सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि कैंसर गंभीर बीमारी है, लेकिन समय रहते पहचान होने पर इसका उपचार संभव है। उन्होंने तंबाकू, गुटखा और शराब से दूरी बनाने, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम अपनाने की अपील की। पचपेड़वा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलिया कोडर में भी जागरूकता कार्यक्रम हुआ। अधीक्षक डॉ. विजय कुमार ने कहा कि शरीर में गांठ, न भरने वाला घाव, लगातार थकान या वजन घटने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** बुधवार को कटरा बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि अभियुक्त मोहम्मद गोलू उर्फ सद्दाम हुसैन( 23 ) को बुधवार को चौकी प्रभारी पहाड़ापुर अशोक कुमार सिंह की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार के गेट से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### अनियंत्रित ट्रक पलटा बाल बाल बचे लोग

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के पकड़ी बाजार के आगे मोड़ पर मोरंग से लदा ट्रक अनियंत्रित हो गया जिससे सीधे सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में पलट गया। ट्रक चला रहे ड्राइवर व खलासी बाल बाल बच गए है। बुधवार की सुबह 9 बजे के करीब ट्रक पकड़ी बाजार के आगे अमदही मोड़ पर पहुंचते ही अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराते हुए गहरे गड्ढे में पलट गया जो उरई से मोरंग लोड करके अमदही बंधे पर जा रहा था जिसमे बैठे ड्राइवर व खलासी बाल बाल बच गए हैं।

### मेगा कैंप के आयोजन को लेकर बैठक आज

**गोंडा, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह के निर्देशन में 22 फरवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा ।सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने बताया कि पात्र व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए इस मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेगा कैंप की तैयारियों को लेकर 05 फरवरी को जनपद न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में बैठक की जाएगी।

### यूजीसी की नीतियों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**मनकापुर,( गोंडा, अमृत विचार :** यूजीसी से जुड़ी विभिन्न छात्र समस्याओं को लेकर बुधवार को वीर भारतीय नवजवान सभा के अध्यक्ष विनय विक्रम पांडेय के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अवनीश त्रिपाठी को सौंपा गया। इस दौरान राहुल सिंह, अवनीश सिंह, अनिल कुमार तिवारी, अवनीश तिवारी, रामा शंकर गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, धीरेन्द्र आदि थे।

# यूजीसी अध्यादेश के समर्थन में प्रदर्शन

**बलरामपुर अमृत विचार :** यूजीसी अध्यादेश 2026 के समर्थन में बुधवार को दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक एवं दिव्यांग समाज के लोगों ने बहुजन सामाजिक संगठन और अंबेडकर सेवा संस्थान के नेतृत्व में पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। यह मार्च फुलवरिया बाईपास से प्रारंभ होकर भगवतीगंज चौराहा, संतोषी माता मंदिर, वीर विनय चौराहा, चौक बाजार, मेजर चौराहा होते हुए पुनः वीर विनय चौराहा से कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।



यूजीसी प्रावधान लागू करने के समर्थन में प्रदर्शन करते बहुजन समाज के लोग।

प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी अध्यादेश 2026 को संविधान की मूल भावना के अनुरूप समता, स्वतंत्रता और समान अवसर सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह अध्यादेश विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को केवल डिग्री बांटने वाले केंद्रों से आगे बढ़ाकर संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और भयमुक्त अभिव्यक्ति के केंद्र के रूप में विकसित करेगा। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अध्यादेश के विरोध की आड़ में प्रधानमंत्री के खिलाफ की जा रही जातिसूचक टिप्पणियों की कड़ी निंदा की। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि 13 जनवरी 2026 को जारी यूजीसी विनियम 2026 को से लागू किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत समता और समावेशन आधारित प्रावधानों से किसी भी स्तर पर समझौता न हो। विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को उनकी आबादी के अनुपात में विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, कुलपति और उपकुलपति जैसे पदों पर नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही नए यूजीसी नियमों को शीघ्र संसद से पारित कर अधिनियम का रूप देने और सभी केंद्रीय एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों में आरक्षण व समता संबंधी प्रावधानों का सख्ती से पालन कराने की मांग की गई।

# कस्तूरबा की छात्राओं को मिला नया भवन

**संवाददाता, बलरामपुर**

**सुविधा**

● **छात्राओं को उपलब्ध कराया गया व्यवस्थित परिसर**

**अमृत विचार :** जनपद में बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय देहात की छात्राओं को सिसई स्थित नव-निर्मित आधुनिक भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह कार्य जिला प्रशासन के निर्देशन और जिला बेसिक शिक्षा विभाग के प्रयासों से संपन्न हुआ।

पूर्व में विद्यालय का संचालन समाज कल्याण विभाग के भवन में किया जा रहा था, जबकि अब छात्राओं को समर्पित और सुव्यवस्थित आवासीय परिसर उपलब्ध कराया गया है। इससे छात्राओं को सुविधा होगी।

नए भवन में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, सोलर पैनल आधारित ऊर्जा व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, सुरक्षित छात्रावास और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों से छात्राओं की पढ़ाई अधिक प्रभावी होगी, वहीं बेहतर आवासीय सुविधा से उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए परिसर में स्थानांतरण से छात्राओं को अनुकूल शैक्षणिक वातावरण और डिजिटल शिक्षा का लाभ मिल रहा है।

यह पहल बालिका शिक्षा के उन्नयन और सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास मानी जा रही है।

### जलाली शाह बाबा की मजार पर विधायक ने चढ़ाई चादर


मजार पर चादर चढ़ाते सपा विधायक राकेश कुमार यादव व अन्य।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** सिसवा स्थित बाबा हज़रत जलाली शाह की मजार पर बुधवार को क्षेत्रीय विधायक राकेश कुमार यादव ने पहुंचकर चादर चढ़ाई और क्षेत्र में अमन, शांति व खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व जायरीन मौजूद रहे। बताया गया कि मजार पर 22 जनवरी से मेला आयोजन प्रारंभ हुआ है, जो 17 दिनों तक लगातार चलेगा। मेले में बच्चों व युवाओं के मनोरंजन के लिए झूला, मौत का कुआं, नाव झूला सहित कई आकर्षण लगाए गए हैं। जायरीनों की सुरक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। विधायक राकेश यादव ने कहा कि जलाली शाह बाबा ने हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया है, जिसे सभी को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर रामसागर अकेला, महबूब आलम खान, सब्बू खां, सफीउल्ला खां, नूरुल हसन खां, बन्ने खां, राजबहादुर यादव, अमरनाथ वर्मा, मास्टर अहद, मो. सलीम, आनंद गौतम, नितेश कुमार, सिपाही और पुजारी मौर्या सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


लोगों को मतदाता फॉर्म भरवाते भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व अन्य।

### मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत लगे कैम्प

**बलरामपुर, अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक-युवतियों को मतदाता सूची में शामिल करना तथा सूची में दर्ज त्रुटियों का सुधार कराना रहा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा बलरामपुर की मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान डीएवी इंटर कॉलेज बलरामपुर एवं एमपीपी इंटर कॉलेज सहित कई बूथों पर सुपरवाइजर अनिल कुमार लेखपाल, प्रशांत वर्मा, राहुल कुमार वर्मा ने पहुंचकर निरीक्षण किया। डीएवी इंटर कॉलेज के बूथ पर नए मतदाता पंजीकरण के लिए फार्म-6 तथा नाम, पता या अन्य विवरण में सुधार के लिए फार्म-8 भरने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। कैम्प में बूथ लेवल अधिकारी रवीन्द्र कुमार गुप्ता, अजय कसेरा, अब्दुल वहीद, अनीता श्रीवास्तव, रंजू गुप्ता, पूनम सिंह, प्रशंसा शुक्ला, नूरजहां और गौरी शंकर सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं ने मतदाता बनने के लिए आवेदन किया।

### 22 को लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 22 फरवरी को जनपद में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य आमजन को त्वरित, सुलभ और नि:शुल्क कानूनी सहायता के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव यशपाल वर्मा ने बताया कि शिविर में निर्धन, वंचित, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति तथा असंगठित क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। शिविर में नि:शुल्क विधिक परामर्श, लोक अदालत, मध्यस्थता, सुलह, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, श्रम विवाद, भूमि-राजस्व, दुर्घटना व बीमा मामलों से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही मानव तस्करी, बाल श्रम और महिला उत्पीड़न पर कानूनी जागरूकता भी प्रदान की जाएगी। मेगा शिविर में महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, श्रम, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन, उद्योग, राजस्व, परिवहन, पुलिस, नगर निकाय, बैंकिंग व बीमा सहित विभिन्न विभाग अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।



सामाजिक समरसता संगोष्ठी को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### संत रविदास जयंती पर समरसता संगोष्ठी आयोजित

**बलरामपुर अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ की ओर से संत शिरोमणि रविदास जयंती के साप्ताहिक आयोजनों के क्रम में गोविंदपुर, बलरामपुर में सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संत रविदास के विचारों के माध्यम से समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना रहा। मुख्य अतिथि धर्माचार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरिओम पाठक ( झांसी ) तथा मुख्य वक्ता सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष गंगा शर्मा कौशिक रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शैलेश सिंह सैलान और प्रदेश अध्यक्ष बी.पी. सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता गंगा शर्मा कौशिक ने कहा कि संत रविदास ने विपरीत परिस्थितियों में भी सनातन धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। डॉ. हरिओम पाठक ने संत रविदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कर्म, धर्म और राष्ट्र के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। अध्यक्षता चौधरी विजय सिंह ने की। इस अवसर पर राकेश दुबे, जीवन गुप्ता, मिथिलेश गिरी, विजय सोनी, शिवकुमार वाल्मीकि, सुग्रीव कश्यप, राधेश्याम कौशल, नंदबाबू चौरसिया, शैलेंद्र शर्मा, जय सिंह, मातेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी, सुनीता तिवारी, सुरेंद्र कौर, प्रेमनाथ मिश्रा, नरेंद्र वर्मा और पाटेश्वरी गुप्ता उर्फ विक्की सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन पर पथराव का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** बहराइच-गोरखपुर पैसेंजर ट्रेन के इंजन पर पथराव की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को आरपीएफ व जीआरपी की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त लखनऊ चंद्र मोहन मिश्र एवं सहायक कमांडेंट महेंद्र प्रसाद दुबे के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। आरपीएफ निरीक्षक अनिरुद्ध राय के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम में उप निरीक्षक मोहम्मद शमीम, सिपाही श्रवण कुमार साहनी, आनंद कुमार, सीआईबी गोंडा से सहायक उप निरीक्षक बासुदेव शुक्ल, सिपाही अमित कुमार सिंह तथा गोंडा जीआरपी के सिपाही रामू यादव शामिल रहे। संयुक्त टीम ने सुभागपुर-ईटियाथोक रेलवे खंड के समीप छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान ललित पासवान के रूप में हुई है। उसे लोनिया स्थित ईंट-भट्ठे के पास से गिरफ्तार किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा गया

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार :** थाना गौरा चौराहा क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुई दुष्कर्म की घटना का बलरामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफल अनावरण कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार बीती 2 फरवरी को पीड़िता के परिजन द्वारा थाना गौरा चौराहा में तहरीर देकर बताया गया कि गांव निवासी इकबाल हुसैन उर्फ अकबाल ने उनकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म कर मारपीट की है। घटना के बाद घायल अवस्था में पीड़िता को जिला महिला चिकित्सालय बलरामपुर भेजकर चिकित्सीय परीक्षण कराया गया।

तहरीर के आधार पर थाना गौरा चौराहा में मुकदमा पॉक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने सक्रियता दिखाते हुए 3 फरवरी को गौरा से तुलसीपुर जाने वाली सड़क पर भुसैलवा पुल के पास से वांछित आरोपी इकबाल हुसैन उर्फ अकबाल पुत्र बैतुल्ला निवासी गोविंदपुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आई चोट के कारण आरोपी का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया, जिसके बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में थाना गौरा चौराहा पुलिस के कई अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस ने मामले में आगे की विधिक कार्रवाई तेज कर दी है।

## आरपीएफ ने यात्री को लौटाया लैपटॉप बैग

**गोंडा, अमृत विचार:** आरपीएफ की सतर्कता से एक यात्री को उसका लैपटॉप वापस मिल गया। बाराबंकी के कोठीडीह थाना नगर कोतवाली के रहने वाले पवन कुमार के मुताबिक 3 जनवरी को वह गाड़ी संख्या 22538 से ललितपुर से बाराबंकी आ रहे थे। वह एस-1 कोच में बर्थ नंबर 64 पर बैठे थे। बाराबंकी स्टेशन पर उतरते समय हड़बड़ी में उनका पिट्ठू बैग ट्रेन में छूट गया। बैग में उनका लैपटॉप रखा था। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 139 पर फोन कर सूचना दी। थोड़ी देर बाद उन्हें सूचना मिली कि उनका बैग गोंडा आरपीएफ के पास सुरक्षित है। पवन गोंडा पहुंचे आरपीएफ ने बैग पवन के सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिरुद्ध राय ने बताया कि सुरक्षा नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना पर गाड़ी संख्या 22538 से एस्कॉर्ट पार्टी लखनऊ द्वारा उक्त बैग उतारकर आरपीएफ पोस्ट गोंडा पर जमा कराया गया था।

**आस्था** | मस्जिदों व क़ब्रिस्तानों में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

# शब-ए-बारात की मुक़द्दस रात में इबादत का सैलाब

**बलरामपुर, उतरौला**

**अमृत विचार :** जनपद बलरामपुर एवं उतरौला क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में शब-ए-बारात की मुक़द्दस रात पूरी अकीदत, एहतराम और रूहानी माहौल के बीच मनाई गई। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय में खासा जोश और धार्मिक आस्था देखने को मिली। देर शाम से ही मस्जिदों, दरगाहों और क़ब्रिस्तानों में इबादत का सिलसिला शुरू हो गया, जो पूरी रात जारी रहा।

शब-ए-बारात के मौके पर अकीदतमंदों ने मस्जिदों में नफ़्ल नमाज़ अदा की, कुरआन शरीफ की तिलावत की और तस्बीह पढ़ते हुए अल्लाह की बारगाह में गुनाहों से माफी की दुआ मांगी। बड़ी संख्या में लोगों ने सलातो तस्बीह की नमाज़ अदा कर तौबा की तथा अपने घर-परिवार, समाज और देश में अमन, चैन व खुशहाली की कामना की।


शब- ए- बारात के दौरान इबादत करते लोग। ● अमृत विचार

क़ब्रिस्तानों और दरगाहों में भी भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने अपने बुजुर्गों और अज़ीज़ों की क़ब्रों पर पहुंचकर फूल चढ़ाए, शमा रोशन की और मरहूमीन की मग़फिरत के लिए दुआएं कीं। पूरे माहौल में रूहानी सुकून और इबादत की फिज़ा बनी रही।

इस्लामी मान्यताओं के अनुसार शब-ए-बारात शाबान महीने की 14वीं और 15वीं तारीख की दरमियानी रात होती है, जिसे रहमत, बरकत और गुनाहों की माफी की रात माना जाता है। इसी विश्वास के साथ लोगों ने पूरी रात इबादत में गुजारी। इस अवसर पर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी दिया गया। कई जगह जरूरतमंदों की मदद की गई और गरीबों में खाना व मिठाई वितरित की गई। इबादत में रिज़वान सिद्दीकी, हकीम सिद्दीकी, कलीम सिद्दीकी, मोहम्मद अशफाक, मज़हर नोमान, बेलाल शहज़ाद, ज़की मोहम्मद, अशरफ, अकरम, आफताब सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। सभी ने देश में अमन-शांति और खुशहाली की दुआ की।

# महाराष्ट्र जाएंगे मंडल के 13 प्रगतिशील किसान

**गोंडा, अमृत विचार:** देवीपाटन मंडल के बहराइच , बलरामपुर तथा गोंडा के 13 किसानों को चयनित किया गया है जो महाराष्ट्र जाकर खेती किसानी के नए गुर सीखेंगे।

किसान उत्पादक संगठनों को उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से पहल की जा रही है। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय, देवीपाटन मंडल की ओर से 13 एफपीओ के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी महाराष्ट्र के जलगांव में प्रशिक्षण में भाग लेंगे।

इनको महाराष्ट्र ले जाने की जिम्मेदारी मंडलीय अधिकारी अशोक वर्मा को दी गई है। प्रशिक्षण 11 से 15 फरवरी तक होगा। प्रतिभागियों में बेलसर के लौव्वा टेपरा स्थित अथरिस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. के सीईओ कुलदीप मिश्रा, सावित्री देवी जैविक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि., बलरामपुर के निदेशक प्रह्लाद पाण्डेय, तारावती देवी बायो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि., बलरामपुर के निदेशक कृष्ण कुमार द्विवेदी, देवी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, बलरामपुर के निदेशक अजय सिंह, तरबगंज ग्रामीण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सीईओ राम बहादुर सिंह, फतेहगढ़ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक अनिल पाण्डेय, इंटेंस फार्म डेवलपर बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक राजेश त्रिपाठी, एग्री फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, पयागपुर के सीईओ विष्णु नारायण पाण्डेय, गोनार्द एफपीओ के निदेशक विनोद पाण्डेय व सीईओ रवि शंकर सिंह, बेलसर ऑर्गेनिक फार्मिंग प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक शिव कुमार मौर्य व जयप्रकाश तिवारी और हुजूरपुर नेचुरल फार्मर प्रोड्यूसर बहराइच के सीईओ दिनेश मौर्य शामिल हैं।

**श्री रघुकुल महिला विद्यापीठ**
सिविल लाइन्स-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300
**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं अर्थशास्त्र विषयों में एवं परास्नातक कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में गृह विज्ञान एवं हिन्दी विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

**विपिन बिहारी शरण सिंह महाविद्यालय**
तरबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300
**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

**शीतलगंज प्रताप महाविद्यालय**
शीतलगंज ग्रन्ट, मसकनवा-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300
**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में रसायन विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

**शशिभूषण शरण सिंह महाविद्यालय**
उज्जैनीकलाॅ-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300
**आवश्यकता**
महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत परास्नातक कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में भूगोल एवं गृह विज्ञान विषयों में एवं परास्नातक विज्ञान संकाय के अन्तर्गत एम0एस-सी0 पाठ्यक्रम में जन्तु विज्ञान विषय में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है:-
**अर्हता-** सहायक आचार्य पद हेतु द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण स्नातक उपाधि एवं सम्बन्धित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित उत्तीर्ण स्नातकोत्तर उपाधि तथा यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाण-पत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मॉ. पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
उपर्युक्त विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु इच्छुक योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीन फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधियों एवं अनुभवों की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक

## न्यूज ब्रीफ

### भाई के विवाह में जा रही महिला के साथ हुई टप्पेबाजी

**पयागपुर (बहराइच) :** भाई की शादी में शामिल होने गोंडा से पयागपुर आ रही एक महिला टप्पेबाजों का शिकार हो गई। ई-रिक्शा पर सवार जालसाजों ने महिला के बैग को काटकर उसमें रखे करीब 15 से 20 लाख रुपये के जेवरात उड़ा दिए। गोंडा के जानकीनगर निवासी मिथिलेश कुमारी ने बताया कि उनके भाई की शादी 5 फरवरी को पयागपुर के पिपरा गांव में तय है। इसमें शामिल होने के लिए वह मंगलवार (3 फरवरी) को रोडवेज बस से पयागपुर पहुंची थीं पयागपुर बस स्टैंड से महिला ने मायके जाने के लिए एक बैटरी रिक्शा किया। रास्ते में दो महिलाओं और चार पुरुषों सहित कुल छह लोग रिक्शे पर और सवार हो गए। संजय मेडिकल स्टोर के पास होटल पर एक व्यक्ति कुछ सामान लेने उतरा, जिससे रिक्शा 10 मिनट खड़ा रहा थोड़ी दूर आगे बढ़ते ही सभी छह लोग यह कहकर उतर गए। जब पीड़िता अपने मायके पहुंची और बैग खोला, तो उसके होश उड़ गए। बैग की जेब कटी हुई थी और उसमें रखे लाखों के सोने-चांदी के जेवर गायब थे। जेवरात की कीमत 15 से 20 लाख रुपये बताई जा रही है। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय और जेवरात की बरामदगी की गुहार लगाई है।

### प्रतिष्ठानों पर पुलिस ने की एसिड की जांच

**मल्हीपुर (श्रावस्ती) :** ऑपरेशन शील्ड के तहत बुधवार को पुलिस की ओर से विभिन्न प्रतिष्ठानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने बैट्री की दुकानों पर एसिड की जांच की। साथ ही दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि अवैध रूप से एसिड की बिक्री व वितरण करते पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान एसिड की अवैध बिक्री अथवा वितरण से संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में नहीं आया।

### बाइक से गिरकर युवक घायल, रेफर

**जमुनहा (श्रावस्ती) :** जमुनहा बहराइच मार्ग पर मंगलवार देर शाम कानीबोझी चौराहे के निकट तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें बाइक सवार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लालबोझा निवासी मगन बिहारी (34) पुत्र शोभाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। वह किसी काम से मल्हीपुर आया था, जहां से देर शाम घर लौट रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी मल्हीपुर लाया गया, जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया।

### हादसे में युवक घायल

**श्रावस्ती :** भिनगा के खलवा बाजार निवासी दुर्गेश (35) बुधवार को बाइक लेकर इकौना से भिनगा बाजार आ रहे थे। भिनगा सेमरी मार्ग पर सीएमओ कार्यालय के निकट सेमरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक से दुर्गेश की बाइक से टकरा गई। घटना में दुर्गेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे निजी वाहन से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### घर से हजारों रुपए के जेवरात चोरी

**इकौना (श्रावस्ती) :** इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम बरईपुर मजरा लोधन पुरवा में मंगलवार रात अज्ञात चोर ने एक घर से हजारों रुपये के सोने चांदी जेवरात चोरी कर लिया। इसकी जानकारी गृहस्वामी विजय सेन लोधी पुत्र सुखदेव लोधी को सुबह जागने पर हुई। वह रात में घर के बाहर बरामदे में सोया था, जबकि सभी कमरों में ताला लगा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# खानपान व इलाज का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

## सख्ती: महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी, विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य। अमृत विचार

**संवाददाता, सिरसिया (श्रावस्ती)**

**अमृत विचार** राज्य महिला आयोग की सदस्य डा प्रियंका मौर्या बुधवार भिनगा पहुंची। यह उन्होंने महिलाओं की समस्या सुना। इसके बाद उन्होंने सीएचसी सिरसिया, प्राथमिक विद्यालय व आंगनवाड़ी केन्द्र चैलाही का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों से उनका हाल जाना।

सीएचसी सिरसिया में आए मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बाद में उन्होंने पैथॉलाजी कक्ष, होम्योपैथिक कक्ष, आरबीएसके कक्ष, आयुष्मान कार्ड, एक्स-रे कक्ष, एनबीएसयू, आपरेशन थियेटर, कोल्ड स्टोरेज, लेबर रूम सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार को गर्भवती महिलाओं का खानपान, दवा-इलाज, टीकाकरण आदि का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान विद्यालय की सफाई व्यवस्था खराब मिली। यहां विद्यालय में विद्युत व मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए बीएसए अजय कुमार को व्यव्यस्था सुधरने को कहा। आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों से अंग्रेजी वर्णमाला भी सुना। इस दौरान उन्होंने दो गर्भवती महिलाओं को फल की टोकरी प्रदान कर उनकी गोद भराई भी किया। इस दौरान एसडीएम रवेन्द्र कुमार, सीओ भिनगा सतीश शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. मुमताज, डीपीओ पीके दास, सीडीपीओ सिरसिया, महिला थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### खंड शिक्षा अधिकारी की जांच में एमडीएम में मिली गड़बड़ी

**संवाददाता, (बहराइच), अमृत विचार।** विशेश्वरगंज विकास खंड के वीर इंटर कॉलेज धनुही (जूनियर हाईस्कूल) में बुधवार दोपहर 12 :30 बजे खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कमलेश मिश्र ने औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था की एक और चिंताजनक तस्वीर उजागर कर दी। विद्यालय में जहां 527 छात्र पंजिकृत हैं, वहीं निरीक्षण के समय 180 छात्र उपस्थित पाए गए, लेकिन मध्याह्न भोजन की व्यवस्था मात्र 41 बच्चों के लिए ही की गई थी। निरीक्षण के दौरान मीनू के अनुसार तहरी बनाई गई थी, जिसे सिर्फ 41 बच्चों ने ही खाया। बाकी उपस्थित बच्चों के हिस्से में भोजन नहीं पहुंचा। यह स्थिति सीधे तौर पर एमडीएम व्यवस्था में भारी अनियमितता और संभावित गड़बड़ी की ओर इशारा करती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि सोमवार को बच्चों को दूध वितरण होना था, लेकिन निरीक्षण में दूध का नामोनिशान तक नहीं मिला। बताया गया कि विद्यालय में दूध अक्सर नहीं दिया जाता और सोमवार को भी बच्चों को दूध नहीं मिला। निरीक्षण के समय प्रधानाचार्य भी विद्यालय में मौजूद नहीं मिले। स्टाफ ने बताया कि प्रधानाचार्य डीएम की मीटिंग में गए हैं। गौरतलब है कि यह विद्यालय पहले भी एमडीएम में कथित घोटालों और अनियमितताओं को लेकर विवादों में रहा है। विद्यालय में कई गड़बड़ियों को लेकर दिहल दास मिश्र द्वारा पूर्व में शिकायत की जा चुकी है, जिसकी जांच अभी तक चल रही है। वहीं बीईओ कमलेश मिश्र ने पूरे मामले को गंभीर मानते हुए रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजने और एमडीएम व दूध वितरण में लापरवाही के लिए जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।


कॉलेज का औचक निरीक्षण करते बीईओ कमलेश मिश्र।

# लोधेश्वर महादेव मेले के दौरान भारी वाहनों का डायवर्जन

**जरवलरोड (बहराइच)**

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर थाना रामनगर क्षेत्र स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में लगने वाले मेले को लेकर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। यह मेला 5 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा।

मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए गोंडा व बहराइच से लखनऊ की ओर जाने वाले भारी वाहनों का डायवर्जन किया गया है। यह व्यवस्था 5 से 16 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल गोंडा पत्र संख्या सी ओ डी एल ओ -15 (महाशिवरात्रि ) डायवजर्न निर्देश पर जनपद गोंडा तथा बहराइच से लखनऊ की तरफ जाने वाले लोधेश्वर महादेव मंदिर थाना रामनगर बाराबंकी की तरफ जाने वाले भारी वाहनों का (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर ) डायवर्जन कराए जाने का निर्देश दिया है थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए स्थान व तिथि निर्धारित

**बहराइच।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज यात्रा 2026 के लिए चयनित यात्रियों के मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एक्ज़ामिनेशन एवं वैक्सीनेशन के लिए 18 फरवरी तक की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 07 फरवरी को मदरसा दारूल उलूम मसूदिया मिस्बाहिया सलारगंज बहराइच, 09 को मदरसा उस्मानिया इस्लामिक स्कूल कैसरगंज व मदरसा अलजामेतुन नूरिया ऐनी इस्लामिक कैसरगंज 11 को मदरसा दारूल उलूमकादरिया बेलदारन टोला नानपारा व 12 फरवरी को मदरसा जामिया अरबिया मसूउदिया नुरूल उलूम, काजीपुरा बहराइच में मेडिकल स्क्रीनिंग, मेडिकल एक्ज़ामिनेशन, वैक्सीनेशन एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है।

# विश्व कैंसर दिवस पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया जागरूक



विश्व कैंसर दिवस पर पयागपुर सीएचसी में मौजूद लोग। अमृत विचार

**पयागपुर (बहराइच)**

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक जागरूकता हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना, इसके कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी देना था। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने लोगों को समय पर जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरुआत अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि कैंसर कोई लाइलाज बीमारी नहीं है; यदि इसकी पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए, तो इसका सफल उपचार संभव है। उन्होंने तंबाकू, गुटखा, धूम्रपान, शराब का अत्यधिक सेवन, असंतुलित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी को कैंसर के प्रमुख कारण बताया। इन आदतों से दूरी बनाकर और नियमित स्वास्थ्य जांच कराकर कैंसर से बचाव किया जा सकता है।इस दौरान बीपीएम पयागपुर अनुपम शुक्ल, डॉ, प्रमोद तिवारी, डॉ, अरुण मौर्य, डॉ, शरद भारती, टीपी यादव, अजय वर्मा, हिमांशु मिश्रा, प्रियंका चौधरी, नैंसी गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

# कैंसर से बचाव की दी गईं जानकारियां

**संवाददाता, बहराइच**

**विश्व कैंसर दिवस**

**अमृत विचार।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में यूनाइटेड फॉर यूनीक की थीम पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी, स्क्रीनिंग शिविर तथा हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीएमओ डॉ. कुमार ने कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम, समय पर पहचान, सही इलाज और इससे जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने के उद्देश्य से ही यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और मादक पदार्थों की रोकथाम बहुत ज़रूरी है ताकि इस बीमारी से होने वाली मौतों को कम किया जा सके और जीवन बचाया जा सके।

सीएमओ ने कहा कि शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर है। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है। लेकिन यदि कैंसर का सही समय पर पता ना लगाया गया और उसका उपचार न हो तो इससे मौत का जोखिम बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि कैंसर जैसे रोग के प्रति लोगों में जनजागरूकता के उद्देश्य से समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व कैंसर दिवस से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं साथ ही जिला चिकित्सालय सहित सभी पीएचसी/सीएचसी पर निशुल्क स्क्रीनिंग शिविर भी लगाए गए हैं।



विश्व कैंसर दिवस पर हस्ताक्षर करते सीएमओ डॉ. संजय कुमार।

एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा कि आजकल फल और सब्जियों में बेतहाशा पेस्टिसाइड का इस्तेमाल हो रहा है। पीने का पानी भी पूरी तरह शुद्ध नहीं है। जिसका सीधा असर शरीर पर पड़ रहा है। पहले कैंसर बुजुर्गों की बीमारी मानी जाती थी, लेकिन अब युवा और मध्यम आयु वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विजित जायसवाल ने कहा कि हम सभी जानते ही हैं कि हमारे शरीर में कई प्रकार की कोशिकाएं होती है लेकिन जब ये कोशिकाएं बढ़ जाती हैं और अनियन्त्रित हो जाती हैं। इस दौरान कैंसर विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. परितोष तिवारी, फिजिशियन डॉ. अंशुमान सिंह, उपभोक्ता फोरम के न्यायाधीश सुरेश चन्द्र भारती, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष राना कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग वर्मा, डॉ. ए. श्रीवास्तव, डॉ. निर्मेष, डॉ. रियाजुल हक, डॉ. एस.जे. हुसैन, डॉ. एम.एम. जाफरी, डॉ. एस.के. तिवारी, डॉ. आकिब, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, एम. एंड ई. मुकेश कुमार हंस, डीईओ मोहम्मद हारून व शरद श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

### भोलेनाथ का हुआ तिलकोत्सव, 15 को होगा विवाह

**सिरसिया(सिरसिया) :** आगामी 15 फरवरी को होने वाली महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व सिरसिया स्थित बाबा नागेश्वर नाथ प्राचीन शिव मंदिर पर जय कन्या पक्ष से जय मां काली सेवा समित की ओर से तिलकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिन्दू रीत रिवाज के साथ विधि-विधान से आदिशक्ति माता पार्वती व भगवान शिव का तिलकोत्सव कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जय मां काली सेवा समिति पुरानी बाजार सिरसिया की ओर से मंगलवार बारह दिवस पूर्व बाबा नागेश्वर नाथ प्राचीन शिव मंदिर( पोखरा) नई बाजार सिरसिया में आगामी शिवरात्रि पर्वोत्सव के उपलक्ष्य देवाधिदेव महादेव व आदिशक्ति माता पार्वती का तिलकोत्सव कार्यक्रम धूम धाम से संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंडित राम दर्शन मिश्र की ओर से विधि-विधान से समस्त कार्यक्रमो को सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान कन्या पक्ष से जमुना प्रसाद,अयोध्या प्रसाद सोनी,तरुण शुक्ला,प्रमोद गुप्ता,दिनेश गुप्ता,अनिल गुप्ता,सूरज गुप्ता,प्रदीप गुप्ता के अलावा वर पक्ष से पंकज श्रीवास्तव, हरिशिव सोनी,सोनू सोनी,रमेश गुप्ता,गिरधारी गुप्ता शिव भक्त मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु।

### विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित हुई गोष्ठी

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल 62वीं वाहिनी भिनगा में विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को संदीक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मौजूद संदीक्षा सदस्यों को कैंसर के बारे में जागरूक किया गया। विश्व कैंसर दिवस पर एसएसबी मुख्यालय के सभागार में संदीक्षा अध्यक्ष प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में संदीक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिला चिकित्सालय भिनगा की डॉ पुष्पलता (स्त्री रोग विशेषज्ञ) व डॉ जितेंद्र मिश्रा (परामर्शकर्ता) ने संदीक्षा सदस्यों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों, संभावित कारणों, रोकथाम के उपायों एवं समय पर उपचार के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विशेषज्ञों ने मौजूद सदस्यों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श भी दिया। इस दौरान प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित चिकित्सकीय परीक्षण कराने तथा जागरूकता के माध्यम से कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव के प्रति प्रेरित किया गया। इस मौके पर मोनिका, अनुराधा, डॉ. कल्पना महादेव पाटिल (एसीएमओ) सहित अन्य संदीक्षा सदस्य मौजूद रहीं।


गोष्ठी में मौजूद संदीक्षा सदस्य।

### परिवार नियोजन काउंसिलिंग कॉर्नर का लक्ष्य पूरा

**बहराइच।** जिले में परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया है। सोमवार को नॉन-उम्मीद ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसिया में परिवार नियोजन काउंसिलिंग कॉर्नर (एफपीसीसी) का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही जनपद में निर्धारित 20 एफपीसीसी स्थापित करने का लक्ष्य पूरा हो गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने सीएचसी रिसिया में एफपीसीसी का शुभारंभ करते हुए कहा कि परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य, सुरक्षित गर्भधारण और स्वस्थ परिवार की नींव है। एफपीसीसी के माध्यम से योग्य दंपतियों को गर्भनिरोधक विकल्पों, प्रजनन स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी सही जानकारी एक ही स्थान पर मिलेगी। वहीं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि राम बरन यादव ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत उम्मीद ब्लॉकों में 15 और नॉन-उम्मीद ब्लॉकों में 5 एफपीसीसी स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार जनपद बहराइच में कुल 20 परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर सक्रिय हो चुके हैं, जिससे सेवाओं की पहुंच ब्लॉक से लेकर समुदाय स्तर तक मजबूत हुई है।

### कैंसर दिवस पर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**जरवलरोड (बहराइच)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद जरवल में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम (यूनाइटेड बाय यूनीक) "विशिष्टता के साथ एकजुट" के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा कर्मियों और क्षेत्रीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश ने बैनर पर अपने हस्ताक्षर कर किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचने के लिए समय पर जागरूकता और समय रहते जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली और खान-पान में सुधार कर इस गंभीर बीमारी के जोखिम को कम किया जा सकता है। यदि शुरुआती लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो कैंसर का उपचार संभव है। इस दौरान चिकित्सा कर्मियों और मरीजों के तीमारदारों ने बैनर पर हस्ताक्षर कर कैंसर मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. कुंवर रितेश के साथ डॉ विनोद , डॉ रवि, डॉ प्रशांत, डॉ विप्रा पाण्डेय, डा अशोक, डॉ मोहसिन अली, फार्मासिस्ट महेंद्र चौधरी, वार्ड बॉय रुमान अहमद सहित शिवकुमार, संजय वर्मा, आरती कनौजिया, सिम्पी सिंह, अनीता राकेश कुमार व अन्य चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



जागरूकता अभियान चलाते स्वास्थ्यकर्मी।

# बाल विवाह व मजदूरी रोकने को भरी हुंकार

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** देहात संस्था के तत्वावधान में बुधवार को विकास खंड चित्तौरा अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र डीहा में खंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देहात संस्था टीम से विंध्यवासिनी जी ने सभी का स्वागत करते हुए बाल संरक्षण मुद्दा बाल विवाह, बाल मजदूरी एवं बाल यौन शोषण इत्यादि पर रोक लगाने के लिए रैली निकालकर जागरूक किया गया। वहीं पर अमरेश कुमार ने विवाह एवं पलायन रजिस्टर को ग्राम पंचायत और बाल संरक्षण समितियों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया।

उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह को रोकना और पलायन के कारण बच्चों की शिक्षा या सुरक्षा में आने वाली बाधाओं को ट्रैक करना है। क्योंकि



जागरूकता रैली के दौरान शपथ लेतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

**जागरूकता रैली**

विवाह रजिस्टर से किसी कम उम्र के बच्चे का नाम विवाह रजिस्टर में आता है, तो 'बाल समिति' या 'पंचायत' समय रहते हस्तक्षेप कर सकती है और पलायन रजिस्टर से यह पता चलता है कि कितने बच्चे बाहर गए हैं, ताकि उनकी शिक्षा के लिए 'घुमंतू कार्ड' या अन्य व्यवस्था की जा सके।यदि पलायन के दौरान कोई बच्चा लापता होता है, तो प्रशासन के पास उसका पूरा रिकॉर्ड पहले से मौजूद होगा साथ ही इन रजिस्टरों के माध्यम से पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना आसान हो जाएगा।

प्रशिक्षण में प्रतिभागी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बाल विवाह व मजदूरी की रोकथाम की शपथ लेकर हुंकार भरी। कार्यक्रम के आयोजन में अनुराग मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारी, रंजना वर्मा स्पेशल एजुकेटर देहात टीम से रचना मिश्रा, विंध्यवासिनी, अमरेश कुमार सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अन्य लोग भी उपस्थिति रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस ने किया जागरूक

**जमुनहा (श्रावस्ती)**

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं इसी के तहत पुलिस ने चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया।

मल्हीपुर, सोनवा व हरदत्त नगर गिरन्ट थानों की मिशन शक्ति टीम व शक्ति मोबाइल टीम ने थाना क्षेत्र के विद्यालयों, गांवों, कस्बों सहित सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया। साथ हो संवाद कर उन्हें निडर होकर अपनी समस्याएं साझा करने एवं सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्हें सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी देते हुए ओटीपी साझा न करने, मजबूत एवं सुरक्षित पासवर्ड के प्रयोग तथा साइबर अपराध की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सभी को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 सहित विभिन्न अन्य हेल्पलाइन नंबरों तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजनासे संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

**आयोजन**

**राम नारायण सिंह इण्टर कॉलेज में वार्षिकोत्सव का हुआ आगाज, जिला पंचायत सदस्य समय प्रसाद ने किया संबोधित**

# खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम जगाते हैं आत्मविश्वास

**पयागपुर (बहराइच)**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राम नारायण सिंह इण्टर कॉलेज, राम नगर खजुरी में बुधवार को वार्षिक उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए इस तीन दिवसीय आयोजन ने पहले ही दिन अपनी भव्यता की छाप छोड़ी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समय प्रसाद मिश्र ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य ने उद्घाटन के उपरांत छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि "आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। राम नारायण सिंह इण्टर कॉलेज जैसे संस्थान ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं को तराशने का जो कार्य कर रहे हैं, वह सराहनीय है। खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के भीतर के आत्मविश्वास को जगाते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अनुशासित रहकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें और समाज व देश के गौरव को बढ़ाएं। उद्घाटन सत्र के बाद विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात विभिन्न लोक नृत्यों और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने पंडाल में मौजूद अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में धावकों और खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ अपनी खेल भावना का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल साक्षर बनाना नहीं, बल्कि उन्हें एक बेहतर नागरिक बनाना है। प्रधानाचार्य गिरजा शंकर पाण्डेय ने बताया कि आगामी दो दिनों में कार्यक्रम और भी ऊंचाइयों को छुएगा।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### आज सजेगी विराट कवि सम्मेलन की महफिल

कार्यक्रम के दूसरे दिन, 5 फरवरी गुरुवार को सुबह 10 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के नामचीन कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को सराबोर करेंगे। वहीं, 06 फरवरी को पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी की उपस्थिति में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर कार्यक्रम का समापन होगाइस अवसर पर साहित्य परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार चौबे, विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## आज जेएम कोर्ट का बहिष्कार करेंगे अधिवक्ता

**श्रावस्ती।** मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन भिनगा के अधिवक्ताओं की बुधवार को आमसभा की बैठक हुई। इसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट (जे. एम.) श्रावस्ती के कोर्ट का गुरुवार को बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। बार एसोसिएशन के महामंत्री सतीश कुमार मौर्य ने बताया कि 102 अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रतिवेदन संघ को प्राप्त हुआ था। प्रतिवेदन में अधिवक्ताओं ने न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार साहनी के कार्य व्यवहार एवं अधिवक्ताओं के साथ गलत आचरण को लेकर उनके कोर्ट बहिष्कार की मांग की गई थी। अधिवक्ताओं आमसभा की बैठक में निर्णय लिया गया कि गुरुवार को अनिश्चित काल के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट साहनी के कोर्ट का बहिष्कार किया जाएगा।

# अमृत विचार

गुरुवार, 5 फरवरी 2026





खुशी तब होती है जब आपके विचार, आपके शब्द और आपके कर्म आपस में सामंजस्य में हों।

–महात्मा गांधी

## डिजिटल संप्रभुता का संदेश

डिजिटल युग में नागरिकों की निजता और तकनीकी कंपनियों के कारोबारी मॉडल के बीच खिंचाव अब खुलकर सामने आ गया है। यह मामला केवल एक कंपनी का नहीं, बल्कि भारत की उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा तय कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मेटा को यह कहना कि 'देश का कानून मानो या बाहर जाओ' महज टिप्पणी नहीं, डिजिटल संप्रभुता का स्पष्ट संदेश है। यह टिप्पणी उस समय आई है, जब व्हाट्सएप और मेटा, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 213.14 करोड़ रुपये के जुर्माने और निर्देशों को चुनौती दे रहे हैं।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2021 की व्हाट्सएप प्राइवेसी पॉलिसी के तहत अनिवार्य डेटा शेयरिंग को प्रतिस्पर्धा-विरोधी मानते हुए मेटा पर जुर्माना लगाया और निर्देश दिया कि यूजर्स का डेटा अन्य मेटा कंपनियों के साथ साझा न किया जाए। कंपनी का तर्क था कि यह डेटा सेवाओं को बेहतर बनाने और एकीकृत डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करने के लिए आवश्यक है, लेकिन पहले आयोग और अब सुप्रीम कोर्ट के सामने प्रश्न यह है कि क्या सेवा सुधार के नाम पर उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी को व्यापक व्यावसायिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है? यह विवाद केवल डेटा गोपनीयता का नहीं, बल्कि साइबर सुरक्षा और डेटा के आर्थिक मूल्य का भी है। आज डेटा 'नया तेल' कहा जाता है। उपयोगकर्ता की आदतें, लोकेशन, संपर्क और व्यवहार सबका मौद्रिक मूल्य है। यदि यह जानकारी उपयोगकर्ता की स्पष्ट और समझी हुई सहमति के बिना साझा होती है, तो यह केवल निजता का उल्लंघन नहीं, बल्कि उसकी डिजिटल संपत्ति का दोहन भी है। अदालत का स्पष्ट संकेत है कि संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार तकनीकी विस्तार के साथ कमजोर नहीं हो सकते। 'टेक्नोलॉजी के युग में डेटा शेयरिंग अनिवार्य है'- यह तर्क न्यायालय ने स्वीकार नहीं किया। यह टिप्पणी महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को याद दिलाती है कि सुविधा और नवाचार का अर्थ अधिकारों से समझौता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यूजर कंसेंट और ऑप्ट-आउट के तर्क पर भी सवाल उठाना सही था, क्योंकि बड़ी टेक कंपनियों की प्राइवेसी पॉलिसी नागरिकों की समझ से परे जटिल भाषा में होती है। ऐसे में 'सहमति' कितनी स्वैच्छिक है, यह गंभीर प्रश्न है। यदि सहमति अस्पष्ट और असंतुलित है, तो वह वैधानिक सुरक्षा नहीं दे सकती। यह टिप्पणी भविष्य में सभी डिजिटल कंपनियों के लिए चेतावनी है कि पारदर्शिता और सरलता अनिवार्य होगी।

भारत मेटा के लिए सबसे बड़ा बाजार है, जहां 50 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, इसलिए यह मामला केवल कानूनी नहीं, आर्थिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को पक्षकार बनाने का आदेश इस बात का संकेत है कि अदालत इस विवाद को व्यापक नीति-प्रश्न के रूप में देख रही है। नौ फरवरी का अंतरिम आदेश भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है। यदि न्यायालय स्पष्ट रूप से निजता और प्रतिस्पर्धा की रक्षा को पूर्ण प्राथमिकता देता है, तो यह न केवल मेटा बल्कि सभी वैश्विक टेक कंपनियों के लिए नजीर बनेगा।

### प्रसंगवश

## स्वच्छता को मौलिक अधिकार मानने का महत्व

जब एक लड़की मासिक धर्म के कारण स्कूल नहीं जाती, तो सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उसके सपनों और भविष्य की पढ़ाई अधूरी रह जाती है। ऐसा अक्सर होता रहा है, लेकिन अब भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने स्वच्छता को संवैधानिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है। इस फैसले में कहा गया है कि स्वच्छता का अधिकार भी अधिकारों के सबसे मूलाधार आर्टिकल 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) के अंतर्गत आता है, जो प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, स्वास्थ्य और समानता सुनिश्चित करता है। यही कारण है कि अदालत ने स्कूलों में लड़कियों को मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया है।

पुरानी सामाजिक मान्यताओं की वजह से मासिक धर्म को 'अशुद्ध' या 'अछूत' माना जाता रहा है। इससे लड़कियों को सामाजिक और मानसिक दबाव झेलना पड़ता था। ऐसी सोच कभी 'आराम' देने के नाम पर शुरू हुई, लेकिन वह अंधविश्वास और नकारात्मक रूढ़िवाद में बदल गई, जिससे लड़कियों को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और शिक्षा के मौके से वंचित होना पड़ा।



निवेदिता शर्मा
शिक्षिका

जहां सही जानकारी और स्वच्छ सुविधा न हो, वहां स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। शोध बताते हैं कि लगभग 64% किशोर लड़कियों को मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं जैसे यूटीआई, दर्द या संक्रमण का सामना करना पड़ता है, जिसकी एक बड़ी वजह स्वच्छता और जानकारी की कमी है।

आजकल कई अख़बारों में रिपोर्ट आती हैं कि 15 साल से कम उम्र की लड़कियां भी मासिक धर्म और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की कमी के कारण मानसिक और भावनात्मक असमंजस का सामना कर रही हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि सही जानकारी न मिलने पर लड़कियां भ्रम, डर या असमंजस में आ जाती हैं, जो कभी-कभी स्वास्थ्य और मानसिक निर्णयों पर गंभीर असर डालता है।

स्कूल में मासिक धर्म के दौरान अनुपस्थिति आम है। अध्ययन बताते हैं कि लगभग 40% लड़कियां मासिक धर्म के दिनों में स्कूल नहीं जातीं। इससे स्कूल में भागीदारी कम होती है और लगभग 2.3 करोड़ लड़कियां हर साल इसी वजह से आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों की श्रेणी में शामिल हो जाती हैं। यह सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि उन सपनों और अवसरों की कहानी है, जो अधूरे रह जाते हैं जब सही संसाधन उपलब्ध नहीं होते।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यह भी कहा गया है कि केवल पैड देना ही काफी नहीं है; इसके साथ स्वच्छ शौचालय, पानी, साबुन, गोपनीयता और जागरूकता की शिक्षा भी जरूरी है, ताकि लड़कियां अपनी स्वास्थ्य ज़रूरतों को बिना किसी शर्म या डर के पूरा कर सकें। कानूनी तौर पर यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आर्टिकल 21 का अधिकार सिर्फ जीवन की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि गरिमा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी ज़रूरतों को भी शामिल करता है। अदालत ने कहा है कि अगर स्कूल इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द भी की जा सकती है।

हर मुफ्त पैड एक लड़की को स्कूल भेजता है, और हर सुरक्षित टॉयलेट उसके स्वास्थ्य और अधिकार की गारंटी है। यह आदेश उन लगभग 2.3 करोड़ लड़कियों के लिए खास मायने रखता है, जो मासिक धर्म के कारण स्कूल से दूर हो जाती हैं। जब लड़कियों को स्वच्छता, जानकारी, गोपनीयता और समर्थन मिलेगा, तो वे सिर्फ़ नियमित रूप से स्कूल ही नहीं जाएंगी, बल्कि अपने भविष्य और अवसरों को मजबूती से थाम सकेंगी। यही 'स्वच्छता से सफलता तक' का असली अर्थ है।

# जब बिजली जा रही है तो मक्का क्यों नहीं!





पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

बांग्लादेश में अगस्त- 2024 में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के बाद भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। आश्चर्य है कि क्रिकेट लीग केकेआर की टीम से बांग्लादेशी खिलाड़ी को हटवा कर अपना राष्ट्रवाद सिद्ध कर रहे संगठनों द्वारा बांग्लादेश को बेची जा रही बिजली की मात्रा बढ़ने के आंकड़े पर शुतुरमुर्ग बन जाते हैं। बदले हालात और भारत के साथ रिश्तों में आई खटास का खामियाजा बिहार के मक्का पैदा करने वाले किसानों को उठाना पड़ रहा है, लेकिन गोड्डा (झारखंड) के कोयला आधारित बिजली घर से बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति लगातार जारी है।

सभी जानते हैं कि कोसी और सीमांचल में अच्छी मक्का होती है और वहां का किसान बांग्लादेश के बाजार को आपूर्ति के लिए ही जमकर मक्का उगाता रहा है। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा, तो बीते छह महीन से मक्का का निर्यात बंद हो गया। विदित हो कि यहां उगने वाली करीब 70 फीसदी मक्का का निर्यात बांग्लादेश में होता रहा है। स्थानीय बाजार में मक्का की आवक ज्यादा हो गई, तो पिछले साल 2700 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकने वाले मक्के को अभी 1800 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। बहुत से किसानों को भरोसा है कि कुछ दिन में फिर से निर्यात सामान्य हो जाएगा, सो उन्होंने अपने घर-गोदामों में मक्का का स्टॉक कर लिया है। बरसात के साथ सीलन और भंडारण की दिक्कतें बढ़ीं, तो अब किसान इस सोने से दमकती मक्का को गाय-भैंस को खिला रहे हैं।

स्थानीय किसान बताते हैं कि मक्के का भाव साल-दर साल बढ़ रहा था। उन्नत बीज और तकनीकी के इस्तेमाल से उनकी फसल भी बढ़िया हो रही थी, लेकिन बांग्लादेश का रास्ता बंद होते ही मक्का को कौड़ियों के दाम खरीदने वाले नहीं मिल रहे हैं। आज इसके दाम बीते पांच साल में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

विदित हो कि यदि परिवेश में नमी 13–14% से अधिक हो, तापमान 25–35C और हवादार भंडारण न हो तो मक्का में अफ्लाटॉक्सिन नामक एक ज़हरीला मायकोटॉक्सिन निर्मित हो जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में फफूंद लगना कहते हैं। इससे फसल जहरीली हो जाती है। किसान के यहां फफूंद लग रही है तो थोक कारोबारियों ने उधारी पर भी खरीद से मना कर दिया है। बड़े थोक व्यापारी कहते हैं कि चूंकि सीमा पर तनाव है। साथ ही डॉलर की कमी भी है, इसलिए बांग्लादेशी व्यापारी मक्का खरीदने में कम रुचि दिखा रहे हैं। अब हालात इतने खराब हैं कि किसान के लिए लागत निकालना भी मुश्किल है।

किसान को प्रभावित करने वाले ऐसे हालता प्याज, मसाले यदि के साथ भी हैं। भारत ने हाल के समय में गैर-बासमती चावल पर कई प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन बांग्लादेश के साथ विशेष कोटा रहता था। अब तनाव के कारण यह व्यापार भी अनिश्चितता के घेरे में है। अदरख, मिर्च और अंगूर जैसे सामान जो ट्रकों में भरकर सीमा पर जाते हैं, वे बॉर्डर पर देरी होने के कारण अक्सर सड़ जाते हैं। इससे छोटे व्यापारियों को सीधे तौर पर लाखों का घाटा होता है।

बांग्लादेश दुनिया का बड़ा गारमेंट एक्सपोर्टर है और वह इसके लिए भारत से धागा और कच्चा कपास खरीदता है। वहां राजनीतिक उथल-पुथल से फैक्ट्रियां बंद हुईं, जिससे भारत के सूरत, तिरुपुर और लुधियाना के स्पिनिंग मिलों का माल डंप हो गया है। खासकर उत्तर-पूर्वी राज्यों के सीमावर्ती राज्यों में लगने वाली खुली हाट में इस तनाव का व्यापक असर देखा गया।

साल-दर-साल बढ़ रही थी कीमत

| उत्पादन वर्ष | कीमत |
|---|---|
| 2019-20 | 1,300-1,500 |
| 2021-22 | 1,600-1,800 |
| 2022-23 | 1,800-2,000 |
| 2023-24 | 2,100-2,300 |
| 2024-25 | 2,400-2,700 |
| 2025-26 | 1700-1900 |

(भाव व्यापारियों के अनुसार।)

इसके ठीक विपरीत दोनों देशों की सरकारों के आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश को बिजली निर्यात बढ़ रहा है। झारखंड के गोड्डा स्थित प्लांट की क्षमता 1600 मेगावाट है और अनुबंध के अनुसार इसका शत-प्रतिशत उत्पादन बांग्लादेश को भेजा जाना है। वैसे बांग्लादेश सरकार द्वारा नियुक्त एक पैनल ने इस आपूर्ति को अत्यधिक महंगा बताया था। भारतीय और बांग्लादेशी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश को होने वाला बिजली निर्यात दिसंबर तक के तीन महीनों में सालाना आधार पर लगभग 38% बढ़कर लगभग 2.25 बिलियन किलोवाट-घंटा (केवीएच) हो गया। बांग्लादेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार, इसने वर्ष के लिए बांग्लादेश के कुल बिजली मिश्रण में भारतीय निर्यात को रिकॉर्ड 15.6% तक पहुंचा दिया, जो 2024 में 12% था। भारत से 2023 की शुरुआत में बांग्लादेश को आपूर्ति शुरू की गई थी।

कैसी विडंबना है कि किसान की फसल सड़ रही है और निर्यात बैन है, लेकिन जिस कारखाने से इस अनुमान के अनुसार औसतन लगभग 9.35 मिलियन टन CO प्रति वर्ष का उत्सर्जन होता है, सल्फर ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसों के साथ सूक्ष्म कण (PM10/PM2.5) वायु में उड़ते हैं और लाखों लोगों के फेफड़ों तक पहुंचते हैं, उस पर कोई नियंत्रण या कमी नहीं है। जान लें गोड्डा प्लांट को चलाने के लिए नजदीकी गंगा नदी से पानी लिया और वापिस निस्तारित किया जाता है। इसने आसपास जल का pH बदल दिया और जलजीवन व कृषि पर नकारात्मक असर डाला है।

2025 में बांग्लादेश को रिकॉर्ड 8.63 बिलियन किलोवाट-घंटा बिजली की आपूर्ति गोड्डा से की गई, जो कुल आपूर्ति का 8.2% है। वहीं अन्य भारतीय कंपनियों से होने वाला आयात मामूली रूप से बढ़कर 7.92 मिलियन किलोवाट-घंटा हो गया। इस साल जनवरी के पहले 27 दिनों के दौरान, कुल बिजली आपूर्ति में गोड्डा की हिस्सेदारी लगभग 10% रही।

बांग्लादेश के भारत के साथ रिश्तों में आई खटास का खामियाजा बिहार के मक्का पैदा करने वाले किसानों को उठाना पड़ रहा है। अलबत्ता बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति जारी है।

### आमने सामने



साल-दर-साल बजट की रकम तो बढ़ाई जा रही है, लेकिन इसका सार्थक लाभ धरातल पर नजर नहीं आता। बिहार सरकार बजट का सही इस्तेमाल करने में पूरी तरह फिसड्डी साबित हुई है। यह बजट आम नागरिकों को छलावे के सिवा कुछ नहीं देता।

–राजेश राम
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, बिहार

आज का विपक्ष इतना 'विद्वान' हो गया है कि बिना बजट समझे ही प्रतिक्रिया दे देता है, जबकि पहले बजट को समझने में दो दिन तक लगते थे। बिहार का बजट विस्तृत और तकनीकी होता है। विपक्ष का यह रवैया बताता है कि उसने बजट को पढ़ने या समझने की कोशिश तक नहीं की।

–दिलीप जायसवाल
उद्योग मंत्री, बिहार



# ग्रामीण समृद्धि की रीढ़ बनेगा पशुधन



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

ग्राम और ग्रामीण की समृद्धि की रीढ़ अब केवल खेती-किसानी तक सीमित नहीं रह गई है। इस आम बजट में सरकार ने पशुधन से पशु पालकों और दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने के ठोस उपाय किए हैं। इससे रोजगार बढ़ने के साथ दैनिक और मासिक आमदनी में स्थिरता आएगी। खेती पर बढ़ते संकट कम होंगे। पशुधन, मुर्गी व मत्स्य पालन ग्रामीणों की आजीविका का सहारा बनेंगे। यह पशुधन स्वस्थ्य बना रहे, इस लक्ष्यपूर्ति के लिए 20 हजार से अधिक पशु चिकित्सकों की उपलब्धता भी तय की गई है, ताकि गांव में ही त्वरित इलाज की सुविधा मिले।

फिलहाल देश में पशु-चिकित्सकों की बहुत कमी है, इस कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इस कमी को दूर करने के लिए डेढ़ लाख पशु देखभाल प्रशिक्षित सेवकों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। इस उपाय से दुधारू पशुओं की असमय मृत्यु में कमी आएगी। यदि पालतू पशुओं को आरक्षित वनों में चरने की छूट दे दी जाती है तो सड़क दुर्घटनाओं में पशुओं के मरने में तो कमी आएगी ही, पौष्टिक चारा मिलने से दूध भी पौष्टिक होगा।

पशुधन की महिमा इस तथ्य से जानी जा सकती है कि खेती से होने वाली कुल आय में करीब 16 प्रतिशत की भागीदारी पशुपालन और उनसे उत्पादित आहार से है। इस आय में लगातार पिछले ग्यारह साल से 12.77 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि हो रही है। यानी खेती जहां लघु व मध्यम किसानों के लिए घाटे का सौदा बनी हुई है, वहीं पशुपालन ग्रामीणों को भरोसे की आय का साधन बन गया है। भारत दूध उत्पादन में दुनिया में पहले सोपान पर है। विश्व के कुल दूध उत्पादन में भारत 25 प्रतिशत का योगदान दे रहा है।

बीते 10 साल में देश में दूध का उत्पादन लगभग 57 प्रतिशत बढ़ा है। नतीजतन प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 2024-25 में 485 ग्राम प्रतिदिन हो गई है। नौ वर्ष पहले यह उपलब्ता महज 300 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन थी। कुछ साल पहले दुग्ध उत्पादों के आयात की संभावना जताई जाने लगी थी, किंतु अब पशु संवर्धन के लिए किए गए प्रयास रंग दिखाने लगे हैं। बीते एक दशक में दूध के उत्पादन एवं उत्पादकता में आजादी के बाद से सर्वाधिक वृद्धि हुई है। मुर्गी एवं मत्स्य पालन के साथ जलीय कृषि को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, इसीलिए अमेरिका जैसे देश भारत के दूध बाजार को हड़पना चाहते हैं।

पशुधन का संरक्षण इसलिए जरूरी है, क्योंकि ग्रामों में दूध नियमित नकद आय का पुख्ता आधार बना हुआ है। ग्रामीण रोजगार और अर्थव्यवस्था में इसकी बड़ी भागीदारी है। देश में 2019 में हुई 20वीं पशुधन गणना के अनुसार करीब 14 करोड़ गाएं और 11 करोड़ भैंसें हैं। याक, ऊंट, भेड़ और बकरी भी दुधारू पशुओं में गिने जाते हैं, हालांकि अभी तक हमारा राष्ट्रीय आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो महज 20 फीसदी पशुओं का ही आनुवांशिक वर्गीकरण कर पाया है। इससे पता चलता है कि हम अपने पशुधन के प्रति कितने लापरवाह हैं।

घरेलू नस्ल के दुधारू जानवरों को स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों में पलने-बढ़ने व वंश वृद्धि में ज्यादा मजबूत और जुझारू पाया जाता है। ये पशु जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बर्दाश्त करने में भी ज्यादा समर्थ होते हैं। भारत दूध उत्पादन में दुनिया का अग्रणी देश है। फिर भी दूध की आपूर्ति सिंथेटिक दूध बनाकर और पानी मिलाकर की जा रही है। यूरिया से भी दूध बनाया जा रहा है। दूध की बढ़ती मांग के कारण दूध का कारोबार गांव-गांव फैल गया है।

जैविक तकनीक के क्षेत्र में भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार इस क्षेत्र में देश में पहली बार ई-3 (इकोनोमी एनवायरमेंट, एमप्लायमेंट) नीति कुछ समय पहले जारी की गई है। इसके तहत दूध, खाद्यान्न, पर्यावरण सहित आम जनजीवन के सामने खड़ी होने वाली प्रत्येक चुनौती से निपटने की तैयारी है। इस क्षेत्र में फिलहाल जनता को सबसे बड़ा लाभ जैविक दूध के रूप में मिलने वाला है।

पशुधन के बिना मिलने वाला यह जैविक दूध, दूध की कमी पूरा करने के साथ पौष्टिक भी होगा। यह नई औद्योगिक क्रांति, जैव तकनीक और बायो मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में होगी। आईटी क्रांति की तरह जैविक दूध और खाद्य सामग्री अभी भले ही लोगों को एक चौंकाने वाली बात लग रही हो, लेकिन भविष्य की जरूरतें इसी से पूरी होंगी। यह दूध केवल जैविक उत्पादों से तैयार होगा। इसमें रसायन का प्रयोग कतई नहीं होगा।

अब तक बिना किसी सरकारी मदद के दूध का कारोबार फलता-फूलता रहा है। दूध का 70 फीसद कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस व्यापार में लगे ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं, लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे दूध उत्पादन में दक्ष हैं, बल्कि दूध के सह-उत्पाद बनाने में भी कुशल हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित क्षेत्र, मसलन दूध डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध के उत्पादन से 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की भी अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं।

बजट में सरकार ने पशु पालकों और दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने के ठोस उपाय किए हैं। इससे रोजगार बढ़ने के साथ ही आमदनी में स्थिरता आएगी।

### सोशल फोरम

## हाकी के उस्ताद केडी बाबू

एक दर्ज़ी के लड़के को लकड़ी के डंडे से हॉकी खेलते देखा। यह नैनीताल था, वह वहां बैठे चाय पी रहे थे। लड़के की हॉकी के प्रति लगन देखी। बाप से बात की, जो उसे दर्ज़ी बनाना चाहता था, ताकि घर का खर्च चल सके। बाप राज़ी हो गए और वह उस लड़के को नैनीताल से लखनऊ ले आए। यहां उसके टैलेंट को तराशा, निखारा और इस तरह ज़माने को मशहूर हॉकी प्लेयर सैय्यद अली मिले, जिसने मुल्क के कंधे पर कितने ही मेडल टांक दिए और अपने उस्ताद का सीना चौड़ा कर दिया, कौन उस्ताद, वही, जो...



हफीज किदवई
ब्लॉगर

ग़रीब बच्चों को उनकी आंखों में झांककर, उसमें तैर रहे ख्वाबों को देखकर, उनकी आंखों की पुतलियों में झलक रही ललक को देखकर, अगर कोई उसे साकार करने की तड़प रखता हो, तो वह थे कुंवर दिग्विजय सिंह जी यानि केडी सिंह बाबू, जो हमारी हॉकी के खूबसूरत दिनों का पर्याय हैं।

सन 1922 को बाराबंकी में जन्मा यह सितारा जब दुनिया पर एक ज़माने की मोहर बनकर बैठा, उसके पांव जब पहली बार इस जमीन पर पड़े, तब से अब तक एक शतक बीत गया है। बाराबंकी और लखनऊ के बीच घूमती यह शख्सियत दुनिया में हर उस घर में अपनी दस्तक देती गई, जहां हॉकी ने अपनी जगह बना रखी थी।

देश राजनीति, विज्ञान, कला, भाषा,साहित्य के साथ खेल में भी अपनी दस्तक देने खड़ा हो पाया, इसके श्रेय मेजर ध्यानचंद और केडी बाबू को जाता है। केडी बाबू खिलाड़ी में सिर्फ खेल और जुनून देखते। हर समाजी अंतर से परे सिर्फ हॉकी से मोहब्बत ही उनके लिए योग्यता थी और ज़िन्दगी भर इसी नियम को माना।

देश दो हिस्सों में बंट चुका था। अंग्रेज खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि बहुत से भारतीय खिलाड़ी भी पाकिस्तान जा चुके थे। हॉकी को भी गहरे जख्म लगे थे। मगर मेजर ध्यानचंद के नेतृत्व में जब 1948 के लंदन ओलंपिक में भारत जाने लगा, तो उस दूर द्रष्टा प्रधानमंत्री का भरोसा यह टीम ही थी, जिसमें केडी बाबू भी थे। उनके आत्मविश्वास और आपसी मोहब्बत से लबरेज़ दिलों ने हर ज़ख्म से मुंह फेरा, पूरी टीम इकट्ठे हुई और सब दर्द भूलकर लंदन में ही इंग्लैंड को हराकर अपने आने वाले मज़बूत भविष्य की दस्तक दे डाली।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कच्चे घरों के बीच पक्की उम्मीदों का सपना

केंद्रीय बजट से ग्रामीण क्षेत्रों को काफी आशाएं थीं। बात चाहे घर की हो, सड़क की हो या फिर नलजल योजना की, लोगों को उम्मीद थी कि सरकार गांव के विकास के लिए बजट के पिटारे खोल देगी। इसके पीछे कई कारण भी हैं। आज भी देश के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र विशेषकर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र विकास की योजनाओं में काफी पीछे चल रहे हैं। केवल उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो इस पहाड़ी इलाके के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आवास जैसी अहम योजना भी देरी से पहुंचती है।

पहाड़ों के बीच बसे गांव बाहर से जितना शांत दिखाई देते हैं, भीतर से उतना ही संघर्षों से भरे हैं। गांव की पगडंडियों पर चलते हुए सबसे पहले जो बात ध्यान खींचती है, वह हैं मिट्टी, लकड़ी और टिन से बने कच्चे मकान, जिनकी दीवारें समय के साथ जर्जर हो चुकी हैं और छतें हर बारिश में डर पैदा करती हैं। कई बार इसके गिरने का खतरा भी बना रहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वह इसकी मरम्मत भी करा सकें।



किरण आर्या
एक्टिविस्ट

अन्य राज्यों की तुलना में उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में ऐसी चुनौती और भी जटिल हो जाती है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां, सीमित संसाधन और दूर-दराज़ में बसे गांव, योजना के क्रियान्वयन को धीमा कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, पौड़ी जिले के कल्जीखाल क्षेत्र में एक वर्ष में 805 घरों का निर्माण हुआ, जबकि बीरोंखाल जैसे क्षेत्रों में यह संख्या केवल 65 घरों तक सीमित रही। यह अंतर दर्शाता है कि एक ही राज्य के भीतर भी विकास की गति समान नहीं है।

देश और राज्य स्तर पर आंकड़े देखें तो ग्रामीण आवास की स्थिति एक बड़ी तस्वीर पेश करती है। ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत देश भर में लगभग 3.79 करोड़ घरों का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से लगभग 2.72 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है, यानी करीब 72 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। अब इस योजना का विस्तार कर लक्ष्य को 5.79 करोड़ घरों तक ले जाने की बात की जा रही है।

आंकड़ों से परे असली सवाल जमीन पर नजर आने वाली सच्चाई का है। पहाड़ों में रहने वाले परिवारों के लिए पक्का घर न केवल ठंड और बारिश से बचाव का माध्यम है, बल्कि यह किसी भी समय होने वाले भूस्खलन से बचाव का भी साधन है। यहां की गलियों से गुजरते हुए यह साफ़ महसूस होता है कि जब किसी परिवार को घर मिलने की सूचना मिलती है, तो वह केवल एक सरकारी लाभ नहीं होता, बल्कि उम्मीदों का एक कारवां होता है। वहीं जिन परिवारों तक यह सुविधा नहीं पहुंच पाती, उनके लिए स्थानीय स्तर पर काम करने की आवश्यकता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार गांव के विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि इन योजनाओं की जानकारी हर गांव और हर परिवार तक समय पर पहुंचे। इसके लिए स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत है। साथ ही उन आवाजों को भी सुनने की बहुत जरूरत है, जो हाशिये पर होते हैं और अक्सर फाइलों और आंकड़ों के बीच उनकी आवाज कहीं दब जाती हैं, क्योंकि यही हाशिये पर रहने वाले लोग कच्चे घरों में भी रहकर पक्की उम्मीदों का सपना देखते हैं, जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन के साथ-साथ समाज की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ



### स्क्रूटनी शब्द की उत्पत्ति

स्क्रूटनी शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'स्क्रूटिनियम' से मानी जाती है, जिसका मूल अर्थ खोज, छानबीन अथवा सूक्ष्म परीक्षण है। यह शब्द पुरानी फ्रेंच भाषा के माध्यम से विकसित होकर अंग्रेजी भाषा में प्रविष्ट हुआ, जहां इसका प्रयोग किसी विषय या तथ्य की गहन और व्यवस्थित जांच के अर्थ में होने लगा। भाषाई विकास की इस प्रक्रिया से यह स्पष्ट होता है कि जांच की अवधारणा सदैव तथ्यों की गहराई तक पहुंचने से जुड़ी रही है। शैक्षणिक दृष्टि से जांच-पड़ताल का आशय किसी घटना, वस्तु या अवधारणा का तार्किक, सावधानीपूर्ण और विस्तृत अध्ययन करना है। इसमें तथ्यों का संग्रह, उनका विश्लेषण तथा उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया शामिल होती है। जांच केवल सतही निरीक्षण तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसके अंतर्गत कारण-परिणाम संबंधों को समझना और विषय के विभिन्न पक्षों का मूल्यांकन करना भी आवश्यक होता है। अनुसंधान, न्यायिक प्रक्रिया, प्रशासन और सामाजिक विज्ञानों में जांच की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। सही और निष्पक्ष जांच न केवल सत्य की खोज में सहायक होती है, बल्कि निर्णय प्रक्रिया को भी अधिक विश्वसनीय और प्रभावी बनाती है। इस प्रकार, जांच ज्ञान-विकास, सत्यापन और उत्तरदायित्व की स्थापना का एक अनिवार्य साधन है।

# शिक्षा बजट 2026: शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के साझा मॉडल की परिकल्पना



केंद्रीय बजट 2026-27 में शिक्षा को लेकर सरकार ने यह संकेत देने की कोशिश की है कि भविष्य की अर्थव्यवस्था की नींव कक्षा, कौशल और तकनीक के मेल से रखी जाएगी। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार शिक्षा पर कुल आवंटन बढ़ाकर लगभग 1.39 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 1.28 लाख करोड़ रुपये की तुलना में करीब 8.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। पहली नजर में यह बढ़ोतरी उल्लेखनीय लगती है और सरकार इसे भविष्य की तैयारी के रूप में प्रस्तुत कर रही है, लेकिन गहराई से देखने पर यह सवाल भी सामने आता है कि क्या यह बजट वास्तव में पुरानी संरचनात्मक समस्याओं से किनारा करता है या उन्हें नई शब्दावली में ढक देता है।



कुमार सिद्धार्थ
लेखक

### तकनीकी कौशल से करियर की राह

इस बजट का केंद्रीय विचार शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को एक साझा रणनीति के रूप में जोड़ने का है। सरकार का मानना है कि केवल डिग्री आधारित शिक्षा अब पर्याप्त नहीं है, इसलिए पाठ्यक्रमों को उद्योग, तकनीक और वैश्विक जरूरतों से जोड़ना आवश्यक है। इसी सोच के तहत स्कूलों और कॉलेजों में कौशल आधारित ढांचे को मजबूत करने की घोषणाएं की गई हैं। सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला प्रस्ताव 15 हजार स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब' स्थापित करने का है। एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों को भविष्य के रोजगार से जोड़ते हुए सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि डिजिटल और क्रिएटिव इकोनॉमी अब औपचारिक शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनेगी। बजट दस्तावेजों में यह भी उल्लेख है कि वर्ष 2030 तक एवीजीसी और इससे जुड़े डिजिटल क्रिएटिव सेक्टर में लगभग 20 लाख लोगों को रोजगार की आवश्यकता होगी। ऐसे में स्कूल स्तर से ही कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल स्टोरीटेलिंग और तकनीकी कौशल सिखाने की योजना को सरकार एक दूरदर्शी कदम के रूप में पेश कर रही है। इससे युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजन में सक्षम बनाने का दावा किया गया है।




### शिक्षा नीति को लचीला बनाने का लक्ष्य

उच्च शिक्षा के मोर्चे पर बजट का झुकाव तकनीक, अनुसंधान और उद्योग से सीधे जुड़ाव की ओर दिखाई देता है। औद्योगिक और लॉजिस्टिक कॉरिडोर के पास पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव इसी दिशा में उठाया गया कदम है। सरकार का तर्क है कि जब विश्वविद्यालय, रिसर्च सेंटर, स्किल हब और उद्योग एक ही भौगोलिक क्षेत्र में होंगे, तो छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव, इंटर्नशिप और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। यह मॉडल शिक्षा और उद्योग के बीच लंबे समय से चली आ रही दूरी को पाटने का प्रयास है। बजट में यह भी कहा गया है कि शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए एक उच्च-स्तरीय स्थायी समिति गठित की जाएगी। यह समिति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और उभरती तकनीकों के संदर्भ में यह आकलन करेगी कि भविष्य में कौशल और रोजगार की जरूरतें कैसे बदलेंगी और उसी अनुसार पाठ्यक्रमों में सुधार की सिफारिश करेगी। यह पहल संकेत देती है कि सरकार शिक्षा नीति को स्थिर नहीं, बल्कि बदलती अर्थव्यवस्था के अनुरूप लचीला बनाना चाहती है।

### डिजिटल अवसंरचना पर जोर

स्कूल शिक्षा के संदर्भ में बजट में डिजिटल और तकनीकी अवसंरचना पर जोर दिखाई देता है। डिजिटल कंटेंट, ऑनलाइन संसाधन और नई तकनीकों के माध्यम से शिक्षा को सुलभ बनाने की बात कही गई है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूलों की भौतिक सुविधाएं और ग्रामीण-आदिवासी क्षेत्रों की जमीनी हकीकत इस डिजिटल छलांग के साथ तालमेल बिठा पाएगी। कई विश्लेषणों में यह चिंता भी जताई गई है कि यदि शिक्षक ही प्रशिक्षित नहीं होंगे, तो स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल लैब और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म धूल ही फांकेंगे। राज्य विश्वविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों की स्थिति पर बजट अपेक्षाकृत मौन दिखाई देता है। जबकि देश के लगभग 80 प्रतिशत विद्यार्थी इन्हीं संस्थानों में पढ़ते हैं, अनुसंधान और बुनियादी सुविधाओं के लिए मिलने वाला अधिकांश फंड अब भी केंद्रीय और प्रीमियम संस्थानों तक सीमित रहता है। इस असंतुलन के कारण राज्य विश्वविद्यालयों में शोध संस्कृति कमजोर होती जा रही है और बजट में इस खाई को पाटने के लिए कोई ठोस रोडमैप साफ नजर नहीं आता। बजट में यह भी उल्लेख है कि शिक्षा, कौशल और रोजगार को जोड़कर "भविष्य की अर्थव्यवस्था" की नींव रखी जा रही है। युवाओं को नेतृत्व के लिए तैयार करने की बात कही गई है और इसे जनसांख्यिकीय लाभांश से जोड़ा गया है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है और सरकार इस युवा शक्ति को उत्पादक मानव संसाधन में बदलने का लक्ष्य रखती है, लेकिन यह लक्ष्य तभी साकार होगा, जब शिक्षा केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित न रहे, बल्कि आलोचनात्मक सोच, सामाजिक संवेदनशीलता और रचनात्मकता को भी स्थान दे।

कुल मिलाकर, बजट 2026-27 का शिक्षा खंड एक दोहरे संदेश के साथ सामने आता है। एक ओर यह तकनीक, कौशल और रोजगार के जरिए भविष्य की तैयारी की बात करता है, दूसरी ओर यह पुरानी समस्याओं जैसे अपर्याप्त सार्वजनिक निवेश, शिक्षक भर्ती की कमी और राज्य स्तरीय संस्थानों की उपेक्षा से पूरी तरह मुक्त होता नहीं दिखता। यह बजट शिक्षा को आर्थिक विकास के औजार के रूप में तो देखता है, लेकिन उसे सामाजिक समानता और बौद्धिक स्वतंत्रता के व्यापक संदर्भ में रखने का साहस अभी अधूरा लगता है। आखिरकार, यह कहना गलत नहीं होगा कि शिक्षा बजट 2026-27 दिशा तो दिखाता है, लेकिन दूरी अभी तय होनी बाकी है। यह भविष्य की तैयारी का दावा करता है, पर साथ ही यह सवाल भी छोड़ जाता है कि क्या हम पुरानी समस्याओं को हल किए बिना सचमुच एक समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की ओर बढ़ पाएंगे?

## नोटिस बोर्ड



- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रयागराज रीजन ने संविदा चालकों की भर्ती के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 5 से 12 फरवरी के बीच अलग-अलग स्थानों पर भर्ती मेले लगाए जाएंगे। विभाग के मुताबिक इस अभियान के तहत लगभग 250 संविदा चालकों की नियुक्ति की जाएगी। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है। वहीं आयु सीमा 23 वर्ष 6 माह से 58 वर्ष तक तय की गई है। चयन के दौरान मौके पर ही दस्तावेजों की जांच की जाएगी, इसके बाद ड्राइविंग टेस्ट होगा।




- एमजेपीआरयू द्वारा सेंटर फॉर एजुकेशन एवं ऑनलाइन एजुकेशन के अंतर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जनवरी सत्र हेतु विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस सत्र में अभ्यर्थी एमए शिक्षा, एमए अर्थशास्त्र, बीकॉम (सामान्य), एमएसडब्ल्यू, एमबीए (मार्केटिंग), एमए अंग्रेजी, एमए हिंदी, एमकॉम (सामान्य), एमए इतिहास तथा एमएससी गणित जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त बीए तथा इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता विषय में एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में भी नामांकन की सुविधा उपलब्ध है।

## कैंपस में पहला दिन

### एक दिन, जो उम्र भर साथ चला

कॉलेज जीवन की उन यादों में शामिल है, जो समय बीतने के साथ और भी अधिक चमकदार हो जाती हैं। कॉलेज के पहले दिन स्वयं को किसी रियासत का राजकुमार समझते हुए जब बरेली कॉलेज, बरेली की अंग्रेजी शासनकाल की विशाल और भव्य इमारत के भीतर प्रवेश किया, तो मन में एक अद्भुत रोमांच भर उठा। ऊंची छतें, लंबे बरामदे और इतिहास की गवाही देती दीवारें मानो नए सपनों का स्वागत कर रही थीं। विद्यालय के अनुशासित, सीमित और नियमबद्ध वातावरण से निकलकर महाविद्यालय के खुले, उन्मुक्त माहौल में कदम रखते ही लगा कि जीवन ने जैसे नई उड़ान भरने का अवसर दे दिया हो। बिना किसी यूनिफॉर्म के छात्र-छात्राओं की टोलियां परिसर में इधर-उधर घूम रही थीं। कहीं हंसी-ठिठोली थी, कहीं नए परिचयों की झिझक और कहीं भविष्य के सपनों की हलचल। उस क्षण यह एहसास गहराई से हुआ कि जीवन वास्तव में आज ही से शुरू हुआ है।



धर्मेंद्र सिंह चौहान
हल्द्वानी

इसी दौरान कॉलेज के फीस काउंटर के पास एक बुजुर्ग मिले, जो मेरे बड़े भाई को जानते थे। उन्होंने स्नेह से पूछ लिया, "तुम उनके भाई हो?" यही एक छोटा-सा संवाद आगे चलकर गहरी मित्रता की नींव बन गया। अगले कुछ ही मिनटों में अपनापन इतना बढ़ गया कि वह रिश्ता वर्षों तक परम मित्रता में बदल गया और आज भी हम एक-दूसरे के परिवार में बेटे की तरह जुड़े हुए हैं। अभी इस आत्मीयता की गर्माहट मन में थी कि कुछ सीनियर छात्रों के समूह ने हमें रोक लिया। वे हमें कॉलेज की कैंटीन में ले गए, जहां हल्के-फुल्के सवाल-जवाब हुए और परिचय के नाम पर कोई न कोई गतिविधि करने को कहा गया, किसी से गाना, किसी से नाच, तो किसी से चुटकुला। जब मेरी बारी आई और मैंने चुटकुला सुनाया, तो पूरा वातावरण हंसी के ठहाकों से गूंज उठा। प्रसन्न होकर सीनियर छात्रों ने सभी को जलपान भी कराया।




तब तक शाम ढल चुकी थी। महाविद्यालय का वह पहला दिन मेरी स्मृतियों में सदा के लिए अंकित हो गया। आज भी जब उस दिन को याद करता हूं, तो अतीत की वे तस्वीरें मन में ताजा हो जाती हैं और होंठों पर अनायास ही मुस्कान बिखर जाती है।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हो गया है, जिसके तहत शुल्क (टैरिफ) तत्काल प्रभाव से कम किए जाएंगे। यह घोषणा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई सीधी बातचीत के बाद की गई। ट्रंप के अनुसार, इस समझौते के तहत भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अमेरिकी 'पारस्परिक टैरिफ' को 25% से घटाकर 18% कर दिया गया है। इस डील से द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि, ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव और शुल्क में राहत की उम्मीद जताई गई है। हालांकि इसके कानूनी स्वरूप और दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर अभी भी कुछ सवाल बने हुए हैं।
- हाल ही में रक्षा मंत्री ने ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड के निगमितकरण के बाद गठित रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम यंत्रा इंडिया लिमिटेड को मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा देने की मंजूरी दी। महज चार वर्षों में यह कंपनी पारंपरिक सरकारी ढांचे से निकलकर मजबूत बिक्री और बढ़ते निर्यात के साथ एक लाभकारी उपक्रम बनकर उभरी है। इस निर्णय को भारत में आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन को मज़बूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।
- बीते दिनों भारतीय पर्वतारोही कबक यानो ने अर्जेंटीना में स्थित माउंट अकॉनकागुआ की सफलतापूर्वक चोटी पर चढ़ाई की, जो दक्षिण अमेरिका और पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची चोटी है। 22,831 फीट ऊंचाई वाली इस चढ़ाई ने उनके 7-सम्मिट पर्वतारोहण अभियान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। इस उपलब्धि से उनके दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और साहस का परिचय मिलता है और यह पूरे देश के युवा खिलाड़ियों और साहसिक उत्साही लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है।
- बीते दिनों भारत ने वैश्विक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गंगा के मैदानों में स्थित एक आर्द्रभूमि और कच्छ के शुष्क भू-भाग में स्थित दूसरी आर्द्रभूमि को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि वैश्विक ढांचों के तहत आर्द्रभूमि और जैव विविधता संरक्षण के प्रति भारत की बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पाटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात के कच्छ क्षेत्र में स्थित छरी-ढांड (Chhari-Dhand) को आधिकारिक रूप से रामसर आर्द्रभूमि घोषित किया गया है। इसके साथ ही भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या बढ़कर 98 हो गई है।

## जॉब अलर्ट

### बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB)

- पद का नाम- विभिन्न IT पद (डेवलपर, इंजीनियर, एडमिनिस्ट्रेटर आदि)
- कुल रिक्तियां-418 पद
- योग्यता-CS/IT/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E/B.Tech/M.Tech/M.E/MCA
- आयु सीमा-22 से 37 वर्ष (पद के अनुसार अलग-अलग)
- आवेदन शुल्क-UR/OBC/EWS: 850 | SC/ST/PwD/महिला: 175
- आवेदन की अंतिम तिथि-19 फरवरी 2026
- वेबसाइट-bankofbaroda.bank.in

### डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार



- पद का नाम-ग्रामीण डाक सेवक (GDS) - ब्रांच पोस्टमास्टर (BPM), असिस्टेंट ब्रांच पोस्टमास्टर (ABPM), डाक सेवक
- पदों की संख्या-28636 (संभावित) अनुलग्नक-I के अनुसार (डिवीजन-वार रिक्ति पोर्टल पर उपलब्ध है)
- वेतन-BPM: 12,000 से 29,380, ABPM/डाक सेवक: 10,000 से 24,470
- योग्यता- गणित और अंग्रेजी में पासिंग मार्क्स के साथ 10 वीं कक्षा (SSE)
- आयु सीमा-18 से 40 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तारीख-16 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://indiapost.gov.in/

### यंत्र इंडिया लिमिटेड ट्रेड अप्रेंटिस

- पद का नाम-ट्रेड अप्रेंटिस (पूर्व-आईटीआई और गैर-आईटीआई)
- कुल रिक्तियां-लगभग 3979 पद
- आवेदन का तरीका-ऑनलाइन
- प्रशिक्षण स्थान-आयुध और आयुध उपकरण कारखाने (पूरे भारत में)
- वजीफा-8200 - 9600 प्रति माह
- आवेदन की अंतिम तिथि-03 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://recruit-gov.com

# स्कूल-शिक्षक-समाज : नीति के चौराहे पर खड़ा उत्तराखंड

उत्तराखंड में विद्यालयों और महाविद्यालयों में न्यून छात्र संख्या के आधार पर पदों के समायोजन, स्थानांतरण और नई भर्तियों पर रोक से जुड़ी हालिया खबर केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है, बल्कि यह राज्य की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के भविष्य और ग्रामीण समाज की संरचना से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। यह विषय जितना वित्तीय अनुशासन से जुड़ा है, उतना ही सामाजिक न्याय, शैक्षिक समानता और संवैधानिक दायित्व से भी।



जीवन सिंह सैनी
लेखक

राज्य के पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी विद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन की धुरी रहे हैं। पलायन, बेरोजगारी, स्वास्थ्य व आधारभूत सुविधाओं के अभाव ने पहले ही इन क्षेत्रों को कमजोर किया है। ऐसे में छात्र संख्या में प्रतिवर्ष 7 से 12 प्रतिशत की गिरावट एक स्वाभाविक सामाजिक परिणाम है, न कि शिक्षकों या विद्यालयों की विफलता। यदि इसी गिरावट को आधार बनाकर स्कूलों को 'अप्रासंगिक' ठहराया जाएगा, तो यह समस्या के समाधान के बजाय उसे और गहरा करेगा। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत क्लस्टर योजना का उद्देश्य संसाधनों का साझा उपयोग और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार है। किंतु जब इस योजना को केवल न्यून छात्र संख्या से जोड़कर देखा जाता है और उसका परिणाम शिक्षकों को 'सरप्लस' घोषित कर स्थानांतरण के रूप में निकलता है, तो नीति की आत्मा ही आहत होती है। शिक्षा नीति का लक्ष्य शिक्षक को असुरक्षित करना नहीं, बल्कि उसे सशक्त बनाना होना चाहिए।



वित्त विभाग का यह तर्क कि संसाधनों का बेहतर प्रबंधन आवश्यक है, अपनी जगह उचित है, लेकिन क्या बेहतर प्रबंधन का अर्थ पदों को कम करना या रिक्त छोड़ देना ही है? क्या यह नहीं देखा जाना चाहिए कि राज्य के कई दुर्गम क्षेत्रों में आज भी विषय विशेषज्ञों और योग्य शिक्षकों की भारी कमी है? यदि कुछ विद्यालयों में छात्र संख्या कम है, तो समाधान विद्यालय बंद करना या पद घटाना नहीं, बल्कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नवाचार, बहुस्तरीय शिक्षण, डिजिटल सहायता और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना होना चाहिए।

शिक्षकों को बार-बार दुर्गम से सुगम और सुगम से दुर्गम स्थानों पर स्थानांतरित करने की नीति ने पहले भी शिक्षा की निरंतरता को नुकसान पहुंचाया है। शिक्षक असुरक्षा के वातावरण में न तो शैक्षणिक नवाचार कर पाता है और न ही समाज के साथ स्थायी रिश्ता बना पाता है। यदि सरप्लस के नाम पर स्थानांतरण का नया फॉर्मूला लागू हुआ, तो इसका सीधा असर शिक्षकों के मनोबल, पारिवारिक जीवन और शैक्षणिक गुणवत्ता पर पड़ेगा। यह भी विचारणीय है कि पद समाप्त होने या रिक्त रहने से अल्पकालिक वित्तीय बचत तो हो सकती है, लेकिन दीर्घकाल में इसका मूल्य समाज को चुकाना पड़ेगा। जब स्कूल कमजोर होंगे, तो निजी और महंगी शिक्षा का दबाव बढ़ेगा, जिससे सामाजिक असमानता और गहरी होगी। ग्रामीण बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार केवल कागजी रह जाएगा। राजकीय शिक्षक संघ द्वारा समय रहते इस विषय को उठाना दूरदर्शिता का परिचायक है। यदि 2023 में पदोन्नति मुद्दा था, तो 2026 में आर्थिक हानियों से बचाव और 2028-2030 में स्कूल व नौकरी बचाने की चेतावनी एक गंभीर संकेत है। यह केवल शिक्षकों की लड़ाई नहीं, बल्कि सरकारी शिक्षा प्रणाली को बचाने की लड़ाई है। अब आवश्यकता है कि शिक्षक संगठन भावनात्मक नहीं, बल्कि अकादमिक और नीतिगत स्तर पर ठोस प्रस्ताव लेकर आगे आए। जैसे-

- न्यून छात्र संख्या वाले विद्यालयों में बहु-विषयक और बहु-ग्रेड शिक्षण मॉडल लागू करना।
- क्लस्टर योजना में शिक्षक सुरक्षा को अनिवार्य शर्त बनाना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शैक्षिक प्रोत्साहन योजनाएं शुरू करना।
- पदों को समाप्त करने के बजाय पुनर्नियोजन और प्रशिक्षण के माध्यम से उपयोगी बनाना।

सरकार और शिक्षक संघ दोनों को यह समझना होगा कि शिक्षा खर्च नहीं, निवेश है। यदि आज विद्यालय और शिक्षक सुरक्षित नहीं किए गए, तो आने वाले वर्षों में समाज, राज्य और लोकतंत्र तीनों इसकी कीमत चुकाएंगे। कलम की शक्ति तभी बुलंद होगी, जब नीति में संवेदनशीलता और निर्णय में दूरदृष्टि होगी।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,817.69 | 25,776 |
| बढ़त | 78.56 | 48.45 |
| प्रतिशत में | 0.09 | 0.19 |

सोना 1,65,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,98,300 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, गुरुवार ,5 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एनजीईएल का 125 मेगावाट क्षमता का परिचालन शुरू

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने राजस्थान के फलोदी में 125 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता का परिचालन शुरू किया। एनजीईएल ने शेयर बाजार को बताया कि यह कंपनी की अनुषंगी इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के 500 मेगावाट (एमडब्ल्यू) भाडला सोलर पीवी परियोजना का हिस्सा है। राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड से प्राप्त प्रमाणपत्र पर भाडला सोलर पीवी परियोजना की दूसरी चरण की 125 मेगावाट क्षमता का वाणिज्यिक परिचालन 31 जनवरी देर रात 12 बजे से शुरू किया गया।

### भारत के लिए दो अंकीय वृद्धि संभव : मुकेश

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को कहा कि भारत के लिए निरंतर दोहरे अंकों की वृद्धि संभव है और किसी भी देश को स्थिर आर्थिक नेतृत्व ही परिभाषित करता है। जियोब्लैकरॉक के कार्यक्रम में अंबानी ने कहा कि अगले दशक में भारत अपनी 80 प्रतिशत ऊर्जा का आयात नहीं करेगा। भारत के हर गांव में 5जी नेटवर्क है जो किसी भी अन्य देश से बेहतर एवं सस्ते हैं। आर्थिक वृद्धि के लिए 15-20 वर्ष तक निरंतर कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव आवश्यक है। उन्होंने कहा, '''' मैं स्पष्ट तौर पर देश में रिलायंस जैसी 100 नई कंपनियों को उभरते हुए देखता हूं।

### बजाज फिनसर्व का लाभ 2,229 करोड़ पर स्थिर

**नई दिल्ली।** बजाज फिनसर्व का तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ स्थिर रहा और यह 2,229 करोड़ दर्ज किया गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 2,231 करोड़ का लाभ हुआ था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की जानकारी दी। आलोच्य तिमाही में बजाज फिनसर्व की कुल आय बढ़कर 39,708 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 32,042 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 33,404 करोड़ रुपये हो गया।

# अमेरिका के औद्योगिक एवं कृषि उत्पादों की शृंखला पर शुल्क शून्य करेगा भारत

## अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि बोले- भारत कुछ क्षेत्रों पर नियंत्रण रखेगा जो संरक्षित हैं

- **अमेरिका भारत के खिलाफ 18 प्रतिशत का शुल्क स्तर बनाए रखेगा : यूएसटीआर**

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी

भारत व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी औद्योगिक एवं कृषि उत्पादों की विस्तृत शृंखला जैसे कि फल और सब्जियों पर शुल्क को घटाकर शून्य कर देगा। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने इस समझौते को बड़ी जीत करार दिया और कहा कि भारत उन कुछ प्रमुख क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा जिन्हें संरक्षण प्राप्त है।

ग्रीर ने कहा कि अब समझौता पक्का हो गया है। हम कागजी कार्रवाई पूरी कर लेंगे, लेकिन हमें सारी बारीकियां पता हैं। हमें सारी जानकारी है। यह एक बहुत ही बेहतरीन अवसर है। अमेरिका भारत के खिलाफ 18 प्रतिशत का शुल्क स्तर बनाए रखेगा, क्योंकि हमारा उनके साथ बहुत बड़ा व्यापार घाटा है लेकिन उन्होंने कृषि उत्पादों, निर्मित वस्तुओं, रसायनों, चिकित्सा उपकरणों आदि की एक विस्तृत शृंखला पर हमारे लिए अपने शुल्क को कम करने पर भी सहमति व्यक्त की है। यह दोनों देशों के लिए बेहतरीन मौका है।

ग्रीर ने कहा कि भारत के साथ औद्योगिक वस्तुओं पर वर्तमान में औसत शुल्क 13.5 प्रतिशत है। यह सभी वस्तुओं पर लगभग शून्य हो जाएगा। लगभग कहने का मतलब 98-99 फीसदी से है। कृषि क्षेत्र में कृषि उत्पादों की एक विशाल शृंखला है। इसलिए यह शुल्क शून्य हो जाएगा। ग्रीर ने कहा कि अमेरिका समेत दुनिया के हर देश की तरह भारत में भी कुछ खास क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था है, जिन पर हमारा नियंत्रण बना रहेगा। हम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम करते रहेंगे। हालांकि कई चीजों जैसे मेवे, शराब, स्पिरिट, फल, सब्जियां आदि पर लगभग शून्य शुल्क होगा। यह एक बड़ी जीत है।

### भारत प्रमुख अमेरिकी क्षेत्रों में 500 अरब डॉलर के निवेश पर सहमत



अमेरिकी राष्ट्रपति आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भारत के साथ हुए नए व्यापार समझौते पर कहा कि भारत ने रूसी तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रमुख अमेरिकी क्षेत्रों में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश पर भी सहमति व्यक्त की है। कैरोलिन ने कहा कि ट्रंप ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सीधे बात की। दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत न केवल रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने को भी प्रतिबद्ध है। संभवत: वेनेजुएला से भी जिससे हमें पता है कि अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 500 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है जिसमें परिवहन, ऊर्जा एवं कृषि उत्पाद भी शामिल हैं। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप की बदौलत यह एक और शानदार व्यापार समझौता है। इससे पहले, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कैरोलिन ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच सोमवार को शानदार बातचीत हुई जिसके बाद द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा हुई।

# भारत में डेटा सेंटर स्थापित करने वाली विदेशी कंपनियों पर कोई कर जोखिम नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक स्तर पर क्लाउड सेवाएं देने वाली विदेशी कंपनियों को 20 साल की कर छूट देने का बजट प्रस्ताव केवल उन्हीं कंपनियों पर लागू होगा, जिन्होंने भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से अधिसूचित डेटा सेंटर स्थापित किया है। ऐसे मामलों में इन विदेशी कंपनियों की वैश्विक आय पर भारत में कर लगाए जाने का कोई जोखिम नहीं होगा।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बजट की यह घोषणा उन विदेशी कंपनियों को भी निश्चितता प्रदान करेगी, जो भारत में डेटा सेंटर से क्लाउड सेवाएं और खरीद सेवाएं के कारोबार में हैं। अब भारतीय डेटा सेंटर वैश्विक क्लाउड इकाइयों को आत्मविश्वास के साथ अपनी सेवाएं दे सकते हैं क्योंकि इन वैश्विक इकाइयों को भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करने पर किसी कर जोखिम की आशंका नहीं रहेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 के बजट में घोषणा की थी कि जो भी विदेशी कंपनी भारत से डेटा सेंटर सेवाओं का उपयोग कर वैश्विक ग्राहकों को क्लाउड सेवाएं प्रदान करती है, उसे 2047 तक कर छूट दी जाएगी। हालांकि, ऐसी कंपनियों को भारतीय ग्राहकों को सेवाएं एक भारतीय रीसेलर इकाई के माध्यम से देनी होंगी।




- **आईटी मंत्रालय से अधिसूचित डेटा सेंटर स्थापित करने वाली कंपनियों को ही मिलेगा लाभ**

## आरबीआई की बैठक में रेपो दर यथावत रखने की संभावना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया।

यह बैठक आम बजट और भारत-अमेरिका समझौते की घोषणा पर हो रही है। समिति का फैसला शुक्रवार सुबह गवर्नर मल्होत्रा घोषित करेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है। कुछ के अनुसार, उधारी लागत को और कम करने के लिए केंद्रीय बैंक एक और दर कटौती कर सकता है।

# ... तो बहेड़ी से केसर की 95 साल पुरानी रिश्ते की डोर टूट जाएगी

- **1933 में बनी केसर शुगर मिल के सामने खड़ी हो गई आर्थिक तंगी, बेचने की होने लगी बात**

शुऐब, बहेड़ी।

**अमृत विचार :** केसर मतलब बहेड़ी और बहेड़ी मतलब केसर। केसर की चीनी, देश भर में मशहूर रही। दिन और रात मिल की कई समय पर बजने वाली सीटी, लोगों के कानों को भाती ही नहीं थी, बल्कि वह उससे वक्त का अंदाज़ा भी लगा लेते थे। 95 साल तक बनी रही इस पहचान का यह रिश्ता अब टूटने की कगार पर है।

ब्रिटिश शासन 1933 में बहेड़ी में लगी केसर शुगर मिल के जरिए केसर के बहेड़ी से बने रिश्ते टूटने की वजह केसर ग्रुप का आर्थिक संकट में फंस जाना है। किसानों का गन्ना मूल्य का 140 करोड़ रुपया बकाया है और बैंकों के साथ सप्लायर्स की भी बड़ी देनदारी मिल पर है। आर्थिक संकट से उबरने को मिल प्रबंधन ने कई साल हाथ पैर मारे, लेकिन संकट से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला। थक हार कर प्रबंधन अब मिल को किसी दूसरे को सौंपने की तैयारी में हैं।

किलाचंद ग्रुप की मिल के मालिकान के सामने अब सिर्फ दो ही विकल्प हैं। पहला मिल को बेच देना और दूसरा किसी के साथ पार्टनर शिप कर मिल को चलाते रहना। फिलहाल मिल प्रबंधन दोनों विकल्पों पर काम कर रहा, और बहुत जल्द तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।




### किलाचंद-देवचंद ग्रुप ने लगाई थी केसर मिल

गुजरात से मुंबई आकर व्यापार कर रहे सेठ किलाचंद देवचंद ग्रुप ने बहेड़ी में 1932-33 में चीनी मिल लगाई थी। द केसर शुगर वर्क्स लिमिटेड के नाम से लगाई मिल से बनी चीनी दूर-दूर तक मशहूर थी। मिल में उस वक्त गन्ना पेराई के लिए हालैण्ड की स्टॉक कंपनी के एंटीक भाप इंजन को लगाया गया था। 800 टन पेराई क्षमता वाली चीनी मिल तरक्की करते हुए अब 7200 टन क्षमता वाली मिल बन गई है। इस बीच 1991 में इसका नाम केसर इंटरप्राइजेज लिमिटेड हो गया। मिल में डिस्टिलरी व कोजेन प्लांट भी लगे, लेकिन डिस्टलरी बंद हो गई। डिस्टलरी को कुछ साल पहले शुरू करने के फिर प्रयास हुए, और 90 करोड़ रुपये लगाकर इसमें इथेनोल प्लांट लगाया गया, लेकिन यह चल नहीं पाई, और इसे फिर बंद करना पड़ा। हालांकि मिल में 1 लाख बोरी चीनी रखने का गोदाम बनने के साथ आलीशान एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक भी बना।

### हमारा प्रयास है इंडस्ट्री चलती रहे : शरत



केसर ग्रुप के सीईओ शरत मिश्रा ने कहा कि 11 साल में कुछ इस तरह की परिस्थितियां बनी कि हम आर्थिक संकट में फंसते गए। कोजन प्लांट लगाने के बाद अचानक 4 साल चीनी मिलें घाटे में चली गईं, इसी बीच बिजली के तय रेट सरकार ने कम कर दिए,और इसमें भी लॉस होने लगा। अकेले बिजली दर में आए अंतर का करीब 125 करोड़ रुपये सरकार पर है, जिसका दूसरी मिलों के साथ कोर्ट में केस चल रहा है, ऐसे में बैंकों का बोझ बहुत ज़्यादा बढ़ गया, और इसी वजह से हमें किसानों का पैसा देने में देर होने लगी। उन्होंने कहा कि समस्या का हल निकालने को कुछ ग्रुप्स से बात जारी है। ट्रेनी के सबसे छोटे पद से नौकरी शुरू करने और केसर ग्रुप के सर्वोच्च पद सीईओ पर पहुंचने वाले शरत मिश्रा ने बताया कि हम चाहते हैं, इंडस्ट्री चलती रहे, और इसके लिए हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास कर रहे हैं। इसी से किसानों और क्षेत्र का भला है। जहां इंडस्ट्री बंद हुईं, वहां बर्बादी का हाल हम सब देख ही रहे हैं।

### आर्थिक तंगी ने केसर के सामने खड़ी की मुश्किलें

दरअसल केसर मिल कई साल से आर्थिक तंगी से गुज़र रही है। हर साल मिल गन्ना किसानों का 150-200 करोड़ रुपया बकाया रखते हुए बंद हो रही है। चालू सत्र की चीनी बेचकर पुराना पैसा देने का चलन चल रहा था। पिछले सीजन में पैसा न मिलने से किसानों ने केसर को कम गन्ना दिया, जिससे मिल सिर्फ 60 लाख कुंटल गन्ना पेराई कर पाई। पिछले साल का पैसा न देने पर इस बार शासन ने मिल के करीब 2 दर्जन सेंटर काट दिए, जिससे मिल के पास आधे सेंटर ही रह गए। प्रबंधन ने इस साल 8 दिन में पैसा भुगतान का वादा करते हुए पेमेंट देना शुरू किया, तो मिल को आधे सेंटर होने के बावजूद अच्छा गन्ना मिल रहा है, और अब तक 45 लाख कुंटल गन्ना पेराई कर भी लिया है, लेकिन पिछले साल का 140 करोड़ रुपया देने का प्रबंधन के पास कोई इंतज़ाम नहीं हो पाया। दूसरी तरफ बैंकों का मोटा पैसा मिल पर बकाया है, जिसका ब्याज बढ़ रहा है। सप्लायर्स और चीनी व्यापारियों की देनदारी है, साथ ही कर्मचारियों को वेतन देने की चुनौती। कुल मिलाकर केसर प्रबंधन खुद को पैसों के इंतज़ाम के लिए असहाय महसूस करने लगा है।



# समझौते में हम कृषि क्षेत्र की सुरक्षा करने में रहे सफल

## केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा और राज्यसभा में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर दिया वक्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद में बुधवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि भारत इस समझौते में कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। गोयल ने पहले लोकसभा में और फिर राज्यसभा में अपनी ओर से भारत एवं अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारत को विकसित बनाने की दिशा में देश की यात्रा को मजबूती मिलेगी।

गोयल ने कहा कि दोनों देश नियमित रूप से चर्चा कर रहे थे, दोनों पक्षों ने विभिन्न स्तरों पर गहन बातचीत की है। उनका कहना था कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए यह समझौता करने में सफल रहे हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर चर्चा की और इसके बाद ट्रंप ने अमेरिका के टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। गोयल ने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि यह अमेरिका द्वारा कई प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाए गए शुल्क से कम है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों को तुलनात्मक लाभ प्रदान करेगा।

मंत्री के अनुसार, भारतीय पक्ष विशेष रूप से कृषि और दुग्ध क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। गोयल ने जोर दिया, खाद्य और कृषि क्षेत्र में भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक ढांचागत समझौता दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने और 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते की प्रक्रियाओं और कागजी कार्रवाई को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश को विकसित बनाने के पथ पर आगे बढ़ने के लिए ऊर्जा, विमानन, डेटा केंद्र और परमाणु ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता होगी और अमेरिका इन क्षेत्रों में अग्रणी देश है।



संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में भाषण देते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल।

### संसद सत्र के दौरान वाणिज्य मंत्री की प्रेस वार्ता सदन की परंपरा का उल्लंघन है : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल द्वारा सत्र के दौरान संसद के बाहर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस वार्ता करने पर चिंता व्यक्त की। तिवारी ने शून्यकाल के दौरान नियम 258 का हवाला देते हुए कहा कि सदन नियमों और परंपराओं के अनुसार चलता है। सदन की परंपरा रही है कि जब संसद का सत्र चल रहा हो, तो नीतिगत मुद्दों को सदन के बाहर नहीं उठाया जा सकता। हालांकि, कल वाणिज्य मंत्री ने व्यापार समझौते पर प्रेस वार्ता की। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने व्यवस्था के प्रश्न को खारिज करते हुए कहा कि मंत्री को बुधवार को ही सदन में इस मुद्दे पर बयान देना था। उन्होंने कहा कि मंत्री आज बयान देने वाले हैं, इसलिए व्यवस्था का कोई प्रश्न नहीं है। इस पर तिवारी ने कहा कि वह मंगलवार की बात को लेकर चिंता जता रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कांग्रेस सदस्य की आपत्ति को स्वीकार करते हुए कहा कि वह व्यवस्था के प्रश्न से सहमत हैं और ऐसी परंपरा मौजूद है। रीजीजू ने कहा कि कल लोकसभा में (व्यापार समझौते पर) बयान देने का कार्यक्रम था। परिस्थिति ऐसी बनी कि बयान देना संभव नहीं हो सका। आज राज्यसभा और लोकसभा दोनों जगह बयान दिया जाएगा। तिवारी के बार-बार आग्रह करने के बावजूद सभापति ने इस विषय पर आगे की चर्चा की अनुमति नहीं दी। बाद में, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य जॉन ब्रिटास ने नियम 267 के तहत व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए निर्धारित कार्यवाही को स्थगित करने की मांग की। सभापति ने इसे खारिज करते हुए कहा कि आप नियम 267 के आधार पर खुद को सही बता रहे हैं। पहले ही इस संबंध में फैसला दिया जा चुका है। बहुत ही आपातकालीन स्थिति को छोड़कर नियम 267 के तहत कोई प्रस्ताव नहीं रखा जाएगा।

# रोहिलखंड मेडिकल कालेज की डॉ. अपर्णा ने दिल्ली में जीता स्वर्ण

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में एमएस जनरल सर्जरी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान ने अग्नाशय कैंसर पर शोध पत्र प्रस्तुत कर स्वर्ण पदक एवं प्रथम पुरस्कार जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है।

नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 31 जनवरी को 7वीं राष्ट्रीय सर्जरी कॉन्फ्रेंस आयोजित की गयी। इसमें जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान ने अग्नाशय कैंसर पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर बेस्ट पेपर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार एवं स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि इससे रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं जनरल सर्जरी विभाग की शैक्षणिक प्रतिष्ठा भी राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ हुई है। सफलता के बाद संस्थान आगमन पर डॉ. अपर्णा को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शरद सेठ ने शुभकामनाएं दीं। विवि प्रशासन एवं विभागीय सदस्यों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि को संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय बताया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान ने जानकारी दी है।



जूनियर रेजीडेंट डॉ. अपर्णा चौहान।

- **नई दिल्ली स्थित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में 31 जनवरी को हुई 7वीं राष्ट्रीय सर्जरी कॉन्फ्रेंस**

# मोदी सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी आज संसद में नहीं आए क्योंकि वह डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते हैं। राहुल गांधी पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण की एक प्रति लेकर संसद पहुंचे थे और कहा था कि यदि प्रधानमंत्री सदन में आते हैं तो वह यह पुस्तक उन्हें भेंट करेंगे।

लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, जैसा मैंने कहा, प्रधानमंत्री संसद में नहीं आएंगे क्योंकि वह डरे हुए हैं और सच्चाई का सामना नहीं करना चाहते। इससे पहले, उन्होंने इस अप्रकाशित पुस्तक के एक अंश का हवाला देते हुए दावा किया कि जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, उस वक्त प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। उन्होंने पुस्तक दिखाते हुए कहा कि वे कहते हैं कि यह किताब अस्तित्व में नहीं है, लेकिन यह रही किताब।




- **राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री आज संसद में नहीं आए क्योंकि वह डरे हुए हैं**

### सच्चाई से डर रही सरकार : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दावा किया कि सरकार राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दे रही है क्योंकि वह इस बात को लेकर डरी हुई है कि चीन के साथ सैन्य तनाव के समय की उसकी सच्चाई सामने आ जाएगी। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में कहा कि जब मोदी सरकार सदन को बाधित करना चाहती है, तो निशिकांत दुबे को बोलने के लिए खड़ा कर देती है। राहुल गांधी को संसद में, पब्लिश हो चुकी किताब से कुछ उद्धृत नहीं करने दिया गया, वहीं निशिकांत दुबे 6 किताबें लिए हुए हैं, सामने से दिखा रहे हैं, उनमें से उद्धृत कर रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है।

## छात्रा को थप्पड़ मारने में शिक्षिका को तीन साल की सजा

**गांधीनगर।** गुजरात में गांधीनगर की अदालत ने होमवर्क पूरा न करने पर नौवीं कक्षा की छात्रा को थप्पड़ मारने की आरोपी स्कूल शिक्षिका को दोषी ठहराते हुए तीन साल से अधिक की सजा सुनाई है। इस घटना से छात्रा के बाएं कान का पर्दा फट गया और उसे सुनने में दिक्कत होने लगी।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हिमांशु चौधरी ने 30 जनवरी को फैसले में कहा कि यह अपराध शिक्षक द्वारा अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल था, जिससे 14 साल की लड़की को गंभीर चोट लगी और उसे सुनने में दिक्कत हुई। अदालत ने कहा कि घटना के साढ़े चार साल बाद भी पीड़िता का उपचार जारी है।

# उप्र के संविदा शिक्षक 17 हजार रुपये मासिक वेतन के हकदार



- **उच्चतम न्यायालय ने कहा- अनुबंध की समाप्ति के बाद उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाए**

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के हजारों संविदा शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए बुधवार को फैसला सुनाया कि वे 2017-18 से 17 हजार रुपये मासिक वेतन पाने के हकदार हैं और उनके अनुबंध की समाप्ति के बाद उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाए। न्यायालय ने कहा कि इन शिक्षकों का पारिश्रमिक हमेशा के लिए 7,000 रुपये तय करने जैसा अन्यायपूर्ण तरीका जबरन काम कराने और बेगार के समान है, जिसपर संविधान के अनुच्छेद 23 के तहत कड़ी पाबंदी है।

उत्तर प्रदेश सरकार की अपील खारिज करते हुए न्यायमूर्ति पंकज मिश्रा और पीबी वराले की पीठ ने राज्य को आदेश दिया कि वह एक अप्रैल 2026 से इन शिक्षकों को प्रति माह 17,000 रुपये के हिसाब से मानदेय देना शुरू करे और बकाया राशि का भुगतान आज से छह महीने के अंदर किया जाए। अदालत ने कहा कि आंशिक समय या संविदा पर नियुक्त किए गए प्रशिक्षकों/शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभिक 11 महीने के अनुबंध या विस्तारित अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर संविदा नियुक्ति नहीं रह जाती। इन प्रशिक्षकों/शिक्षकों ने दस साल से अधिक समय तक लगातार काम किया है, इसलिए इन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाएगा, क्योंकि समय के साथ और काम की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए, ऐसे पदों का स्वचालित रूप से सृजन हो जाता है।

### वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार से पूछा कि क्या इस बात की संभावना है कि वह जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उनकी हिरासत पर विचार कर सकती है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और पीबी वराले की पीठ ने कहा कि वांगचुक की स्वास्थ्य रिपोर्ट ठीक नहीं है और केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज को इस मामले में निर्देश लेने चाहिए। अदालत ने कहा कि दलीलों, जवाबी दलीलों और कानूनी पहलुओं के अलावा अदालत का एक अधिकारी होने के अलावा इस बात पर भी विचार करें। पांच महीने पहले 26 सितंबर 2025 को हिरासत संबंधी आदेश जारी किया गया था। पीठ ने कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति पर विचार करते समय हमने जो रिपोर्ट देखी है, उससे पता चलता है कि उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। कुछ आयु संबंधी और कुछ दूसरी समस्याएं हैं। क्या सरकार की ओर से पुनर्विचार किए जाने की कोई संभावना है? नटराज ने कहा कि संबंधित प्राधिकारियों से सुझाव लेंगे।

# पहले ही रोके जा सकते हैं कैंसर के 30 प्रतिशत मामले : संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- आईएआरसी के ताजा शोध के हवाले से किया गया दावा

विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र की कैंसर अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी (आईएआरसी) के एक ताज़ा अध्ययन में सामने आया है कि कैंसर के लगभग 30 प्रतिशत मामलों को पहले ही रोका जा सकता है। यह अध्ययन तंबाकू, शराब, उच्च बॉडी मास इंडेक्स, शारीरिक निष्क्रियता, वायु प्रदूषण और पराबैंगनी विकिरण सहित 30 रोकथाम योग्य कारणों पर आधारित है।

विश्व कैंसर दिवस,चार फरवरी के अवसर पर जारी इस अध्ययन में पहली बार नौ कैंसर पैदा करने वाले संक्रमणों को भी शामिल किया गया है, जैसे कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी), जो सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर का कारण बन सकता है। वर्ष 2020 में दुनिया भर में लगभग एक करोड़ मौतें इसी बीमारी से हुईं, जो कि लगभग हर छह मौतों में से एक का कारण है। अनुमान बताते हैं कि यदि वर्तमान रुझान जारी रहा, तो 2040 तक नए मामलों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, जो प्रभावी रोकथाम रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है।

### 185 देशों में किया गया अध्ययन

अध्ययन में 185 देशों और 36 प्रकार के कैंसर के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। इस तरह का अनुमान है कि वर्ष 2022 में कैंसर के कुल नये मामलों में से 37 प्रतिशत (लगभग 71 लाख) ऐसे थे जिन्हें रोका जा सकता था। डब्ल्यूएचओ के कैंसर नियंत्रण टीम के प्रमुख डॉ. आंद्रे इल्बावी ने कहा, देशों और जनसंख्या समूहों के स्वरूपों की जांच करके, हम अधिक विशिष्ट जानकारी दे सकते हैं ताकि कई कैंसर के मामलों को शुरू होने से पहले ही रोकने में मदद मिल सके।

## ऑनलाइन गेमिंग की घातक लत

# डिजिटल डेथ ट्रैप

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद (भारत सिटी सोसाइटी) में 4 फरवरी 2026 को एक ऐसी घटना घटी जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। यहां तीन सगी बहनों (निशिका 16, प्राची 14 और पाखी 12) ने नौवीं मंजिल से कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ये किशोरियां एक कोरियन लव गेम (जिसे वी आर कोरियन्स या लव गेम भी कहा जा रहा है) की बुरी तरह आदी थीं। उनके सुसाइड नोट में सॉरी पापा के साथ-साथ कोरियाई संस्कृति और गेम के प्रति उनके जुनून की झलक मिली, जहां उन्होंने लिखा था कि वे इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकतीं। यह मामला केवल एक दुर्घटना नहीं है, बल्कि उस डिजिटल मकड़जाल का हिस्सा है जो बच्चों को धीरे-धीरे वास्तविकता से काटकर मौत के मुहाने तक ले जाता है।



### मनोवैज्ञानिक कारण

- व्यवहार सुदृढ़ीकरण : ये गेम टास्क-आधारित हो सकते हैं। छोटे टास्क पूरे करने पर मिलने वाली डोपामाइन की लहर बच्चों को इसका आदी बना सकती है।
- भावनात्मक शून्यता और अलगाव : गेम की दुनिया में डूबे बच्चे स्कूल जाना बंद कर देते हैं और सामाजिक संबंधों से कट जाते हैं। गाजियाबाद की बहनें भी दो साल से स्कूल नहीं गई थीं।
- नियंत्रण खोना : किशोरों का मस्तिष्क पूरी तरह विकसित नहीं होता, जिससे वे सही-गलत का फैसला नहीं कर पाते। जब माता-पिता गेम पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो वे इसे अपनी पहचान पर हमला मानते हैं।
- आत्महत्या का संक्रमण : जब एक ही परिवार के बच्चे एक साथ गेम खेलते हैं, तो वे एक-दूसरे के व्यवहार को प्रभावित करते हैं, जिससे सामूहिक आत्मघाती कदम उठाने का जोखिम बढ़ जाता है।

### कानूनी स्थिति और प्रतिबंध

- आईटी एक्ट की धारा 69ए : सरकार उन ऐप्स या गेम्स को प्रतिबंधित कर सकती है जो सार्वजनिक व्यवस्था या सुरक्षा के लिए खतरा हों।
- ब्लू व्हेल पर कार्रवाई : भारत सरकार ने पूर्व में इंटरनेट दिग्गजों (गूगल, फेसबुक, इंस्टाग्राम) को निर्देश दिया था कि वे ब्लू व्हेल गेम के लिंक तुरंत हटा दें।
- वर्तमान स्थिति : हालांकि विशिष्ट 'कोरियन गेम्स' पर अभी राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध नहीं है, लेकिन पुलिस और साइबर एजेंसियां ऐसे संदिग्ध ऐप्स की जांच कर रही हैं।

### चेतावनी के संकेत

- अचानक से स्कूल जाना या पढ़ाई छोड़ देना।
- रात-रात भर जागकर फोन का इस्तेमाल करना।
- शरीर पर रहस्यमय कट या निशान होना।
- मोबाइल छीनने पर अत्यधिक गुस्सा या हिंसक व्यवहार करना।
- अकेले कमरे में बंद रहना और परिवार से दूरी बना लेना।

### बचाव के उपाय

- संवाद बढ़ाएं : बच्चों से बात करें। अहसास दिलाएं कि वे अकेले नहीं हैं।
- डिजिटल डिटॉक्स : फोन के इस्तेमाल के लिए समय सीमा तय करें। भोजन और सोते समय फोन का प्रयोग वर्जित करें।
- पैरेंटल कंट्रोल : मोबाइल में पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स का उपयोग करें ताकि आपत्तिजनक ऐप्स डाउनलोड न हो सकें।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डेनमार्क में ग्रेनेड विस्फोट में दो को जेल

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की एक अदालत ने कोपेनहेगन में इजराइली दूतावास के समीप ग्रेनेड विस्फोट करने के आरोप में दो स्वीडिश नागरिकों को क्रमश: 12 और 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। अक्टूबर 2025 में, डेनिश अभियोजक कार्यालय ने दो स्वीडिश नागरिकों पर अक्टूबर 2024 में कोपेनहेगन में इजराइली दूतावास के पास ग्रेनेड विस्फोट करके आतंकवादी हमला करने का आरोप लगाया। अभियोजकों ने कहा कि 18 और 20 वर्ष के युवक अज्ञात सहयोगियों की मदद से दूतावास परिसर में पांच हथगोले लाए, उनमें से दो को राजनयिक मिशन भवन पर फेंका लेकिन वे पास के एक आवासीय भवन में जा गिरे।

### यौन उत्पीड़न केस में भारतीय दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की एक संघीय जिला अदालत ने एक भारतीय नागरिक को विमान में महिला का यौन उत्पीड़न करने के मामले में दोषी करार दिया है। बिना वैध नागरिकता के रह रहे वरुण अरोड़ा (38) को मई में सजा सुनाई जाएगी और उसे दो साल तक की जेल की सजा हो सकती है। अदालती विवरण और मुकदमे में पेश किए गए सबूतों के अनुसार, अगस्त 2024 में रोड आइलैंड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए विमान के उतरने के दौरान अरोड़ा ने महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया था।

### पंजाब में ड्रोन से गिराई चार किग्रा हेरोइन

**तरनतारन।** पंजाब में तरन तारन पुलिस ने बुधवार को सीमा सुरक्षा बल के साथ संयुक्त अभियान में सीमा चौकी कालियान के कृषि क्षेत्रों से 3 .925 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि हेरोइन की खेप बरामद करने के अलावा पुलिस टीम ने एक डीजेआई मैट्रिस ड्रोन भी बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान स्थित तस्करों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से खेप पहुंचाने के लिए किया जाता था।

### उत्तरी नाइजीरिया में 13 लोगों की हत्या की

**अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने कम से कम 13 लोगों की हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता अबू बकर सादिक अलीयु ने एक बयान में कहा कि खतरनाक हथियारों से लैस हमलावरों ने मंगलवार को उत्तर पश्चिमी कटसीना राज्य के फास्करी क्षेत्र के डोमा गांव में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि दोषियों की पहचान करने के लिए जांच जारी है।

# ड्रोन हमले की घटना के बाद ईरान अमेरिका वार्ता की उम्मीद धूमिल

## अपने विमान वाहक पोत के करीब अमेरिका ने मार गिराया था ईरानी ड्रोन

- ईरान की सफाई, ड्रोन से टूट गया था संपर्क, कारणों की हो रही जांच

**काहिरा, एजेंसी**

ईरानी सशस्त्र बलों के एक ड्रोन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्रों में एक निरीक्षण मिशन पूरा किया, जिसके ठीक बाद अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है जिसने एक विमान वाहक के करीब आक्रामक रूप से आने की कोशिश की थी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने कहा कि ईरान का अपने एक ड्रोन से संपर्क टूट गया जिसके कारणों की जांच की रही है। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों तरफ से हुई इस आक्रामक कार्रवाई से दोनों देशों में बातचीत की उम्मीद प्रभावित हो सकती है।

अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इससे पहले कहा था कि अरब सागर में एक अमेरिकी एफ-35सी युद्धक विमान को ईरानी शाहेद-139 ड्रोन को मार गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा। ईरानी ड्रोन यूएसएस अब्राहम लिंकन की ओर अनावश्यक रूप से पैंतरेबाजी की, जब विमानवाहक पोत ईरानी तट से लगभग 800 किलोमीटर दूर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहा था। ड्रोन को आत्मरक्षा की कार्रवाई में मार गिराया गया। इस मुठभेड़ में कोई भी अमेरिकी सैनिक घायल नहीं हुआ और न ही किसी उपकरण को नुकसान पहुंचा। यह मुठभेड़ आने वाले दिनों में अमेरिका-ईरान वार्ता की अस्थायी संभावनाओं के बीच हुई है। इससे पहले दिन में, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने कहा था कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को अमेरिका के साथ निष्पक्ष एवं न्यायसंगत बातचीत करने का निर्देश दिया है। एक्स पर पेज़ेश्कियन ने कहा कि यह कदम क्षेत्रीय सरकारों द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वार्ता प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अनुरोध के बाद उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी वार्ता गरिमा, विवेक एवं तत्परता की सीमाओं में होनी चाहिए।



### ट्रंप से बैठक के बाद कोलंबिया के रुख में नरमी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने व्हाइट हाउस में लगभग दो घंटे तक चली बैठक को मैत्रीपूर्ण और सकारात्मक बताया है। महीनों से चले आ रहे तीखे बयानों और राजनयिक गतिरोध के बाद इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच संबंधों के सुधरने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के बाद ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। पेट्रो शानदार व्यक्ति हैं। उनका यह बयान चौंकाने वाला है क्योंकि कुछ ही हफ्ते पहले ट्रंप ने पेट्रो को बीमार और नशीली दवाओं का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति बताया था। पेट्रो ने भी सोशल मीडिया पर ट्रंप के साथ हाथ मिलाते हुए फोटो साझा की ।

### वार्ता का स्थान तय करने को विमर्श जारी

तुर्की ने इस मामले में मध्यस्थता की पेशकश की है लेकिन ईरान बातचीत के दायरे को सीमित करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी समाचार एजेंसी एक्सियोस ने कहा कि ईरान वार्ता स्थल के रूप में ओमान को प्राथमिकता देता है और अरब एवं मुस्लिम देशों को शामिल करने वाले व्यापक प्रारूप के बदले अमेरिका के साथ सीधी बातचीत करना चाहता है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बग़ाई ने कहा कि आगामी दिनों में होने वाली वार्ताओं के लिए स्थान तय करने के लिए विचार-विमर्श जारी है। बग़ाई ने कहा कि तुर्की, ओमान और कई अन्य क्षेत्रीय देशों ने वार्ताओं की मेज़बानी की इच्छा जताई है जिन्हें ईरान महत्व देता है।

# विदेश मंत्री जयशंकर व रुबियो ने व्यापार समझौते का किया स्वागत

- दोनों ने ऊर्जा, परमाणु, रक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों पर की चर्चा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हुए व्यापार समझौते का स्वागत किया और महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और खनन पर द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर मंगलवार को चर्चा की।

बुधवार को अमेरिका द्वारा आयोजित होने वाली पहली महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले, रुबियो ने वाशिंगटन डीसी में मंगलवार को विदेश मंत्रालय में जयशंकर के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। बैठक के बाद जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया आज दोपहर अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो से मिलकर बेहद प्रसन्नता हुई।

द्विपक्षीय सहयोग के एजेंडे, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई। उन्होंने लिखा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के जिन पहलुओं पर चर्चा हुई उनमें व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और प्रौद्योगिकी शामिल थे। हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न तंत्रों की बैठकें शीघ्र आयोजित करने पर सहमति बनी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट द्वारा जारी द्विपक्षीय बैठक के विवरण में कहा गया है कि रुबियो और जयशंकर ने राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी की सहमति से हुए व्यापार समझौते का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने नए आर्थिक अवसरों को खोलने और साझा ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए हमारे लोकतंत्रों के एक साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया। पिगॉट ने कहा कि रुबियो और जयशंकर ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, खनन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर चर्चा की।



अमेरिका में एक बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

### वित्त मंत्री बेसेंट से आर्थिक साझेदारी पर चर्चा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग आगे बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मिलकर खुशी हुई। भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुई। वहीं बेसेंट ने एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जयशंकर से मुलाकात करके अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि इस बातचीत के दौरान हमने आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के महत्व के साथ-साथ आपसी हित के अन्य राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा की।

## यूनान में तटरक्षक पोत से भिड़ी नाव, 15 लोगों की मौत

**एथेन्स।** यूनान के चियोस द्वीप पर एक तटरक्षक पोत से प्रवासियों की नाव टकराने के बाद 15 प्रवासियों की मौत हो गई है। यूनान के कथिमेरिनी अखबार ने एक रिपोर्ट में बताया कि यह नाव चियोस पहुंचने की कोशिश कर रही थी, ताकि प्रवासियों को यूनान में उतारा जा सके। स्थानीय तटरक्षक बलों ने उनका पीछा किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान दोनों नाव टकरा गईं और समंदर में डूबने से 15 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। दो तटरक्षकों और सात बच्चों एवं दो महिलाओं सहित 25 प्रवासियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया। 14 के शव पानी में मिले, एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## जापान व बांग्लादेश में रक्षा और तकनीक पर समझौता

**टोक्यो, एजेंसी**

- दोनों एक-दूसरे को करेंगे तकनीक और उपकरण का आदान-प्रदान

जापान और बांग्लादेश ने रक्षा उपकरणों और तकनीक के आदान-प्रदान को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जापान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया, तीन फरवरी को ढाका में जापान के बांग्लादेश स्थित राजदूत साइडा शिनिची और बांग्लादेश सरकार के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एसएम कमरुल हसन ने दोनों देशों की सरकारों के बीच रक्षा उपकरणों और प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौता उसी दिन से प्रभाव में आ गया है। बयान में कहा गया कि यह समझौता दोनों सरकारों के बीच संयुक्त रूप से निर्धारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए रक्षा उपकरणों और तकनीक के प्रबंधन का एक कानूनी ढांचा स्थापित करता है। इनमें वे परियोजनाएं भी शामिल होंगी जो अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में योगदान देंगी। समझौते के तहत यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि हस्तांतरित किए गए रक्षा उपकरणों और प्रौद्योगिकी का किसी तीसरे पक्ष को आगे स्थानांतरण या दुरुपयोग न हो। इसके लिए उपयुक्त नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था लागू की जाएगी। जापानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस समझौते से जापान और बांग्लादेश के बीच रक्षा सहयोग को मजबूती मिलेगी।

## सात फरवरी को मलेशिया जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार से मलेशिया की दो-दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जिसका मकसद व्यापार, निवेश, ऊर्जा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह प्रधानमंत्री मोदी की मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी, और अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदले जाने के बाद यह उनकी पहली यात्रा होगी।

इस यात्रा के दौरान मोदी मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मोदी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगे।

## गाजा में इजराइली हमले में 21 लोगों की गई जान

**दीर अल बलाह, एजेंसी**

- अपने एक सैनिक की मौत पर इजराइल का जवाबी हमला

गाजा में इजराइली गोलीबारी में कम से कम 21 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। वहीं, इजराइल का कहना है कि आतंकियों की तरफ से की गई गोलीबारी में उसका एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसने जवाबी कार्रवाई की। अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इजराइली गोलीबारी में मारे गए लोगों में सात महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं।

दस अक्टूबर, 2025 को लागू हुए संघर्षविराम के बाद से फलस्तीनियों की मौत की ये ताजा घटना है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस समझौते के लागू होने के बाद से इजराइली गोलीबारी में 530 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा शहर के शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ. मोहम्मद अबू सेल्मिया ने फेसबुक पोस्ट पर कहा कि गाजा पट्टी में हमारे लोगों के खिलाफ नरसंहार वाली जंग जारी है। संघर्षविराम कहां है? मध्यस्थ कहां हैं? अस्पताल ने बताया कि बुधवार सुबह इजराइली सैनिकों ने उत्तरी गाजा के तुफाह इलाके में एक इमारत पर गोलीबारी की। उसने बताया कि इस हमले में कम से कम 11 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर एक ही परिवार के थे।

## लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

**त्रिपोली।** लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे और कभी देश के सबसे शक्तिशाली उत्तराधिकारी माने जाने वाले 53 वर्षीय सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की हत्या कर दी गई है। द लीबिया आब्जर्वर ने जानकारी दी कि उनके राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला उस्मान अब्दुर्रहीम ने इस खबर की पुष्टि की है। इस घटना से लीबिया में वर्षों से चली आ रही उनकी स्थिति को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो गई है।यह घटना मंगलवार दोपहर पश्चिमी लीबिया के जिंतान शहर में हुई। बताया जा रहा है कि चार नकाबपोश बंदूकधारियों ने सैफ अल-इस्लाम के आवास पर हमला किया। हमलावरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले घर के बाहर लगे कैमरों को नष्ट कर दिया।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 5 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 6 फरवरी 00 .22 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तराफाल्गुनी 22 .57 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों की किसी बात पर आप नाराज हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके रचनात्मक विचारों की लोग प्रशंसा करेंगे। किसी भी प्रकार के व्यसन व बुरी आदतों से दूर रहें।

**वृष** — आज परिवार के साथ समय अवश्य बिताएं। आपकी योजनाओं में अचानक बदलाव आने से काम बिगड़ सकते हैं। आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** — आज आप कुछ नई स्किल्स पर काम कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध काफी अच्छे रहेंगे। आपका आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। आपको व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण पा लेंगे।

**कर्क** — आज प्रशासन से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। फाइनेंस को लेकर स्थिति मजबूत होगी। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे।

**सिंह** — आज उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आ रही परेशानियां दूर होंगी। समस्याओं का समाधान होने से आपका तनाव दूर होगा। परिवार के साथ उत्तम समय बिताएंगे। अपनी कार्यशैली में सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं।

**कन्या** — आज का दिन आपको काफी परेशान कर सकता है। मानसिक रूप से अस्थिरता महसूस करेंगे। अपने काम पर आपको अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। लंबी दूरी की यात्रा आज न करें। मित्रों के साथ झगड़ा हो सकता है।

**तुला** — आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। लोग आपकी बातों से अत्यंत प्रभावित रहेंगे। बच्चों की सफलता से आपको गौरव की अनुभूति होगी। दोस्तों की सलाह आपके लिए काफी काम आने वाली है। संपत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज अपने काम की गुणवत्ता में सुधार करना पड़ेगा। अपने कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनाएंगे। उच्च शिक्षण संस्थान के प्रवेश में आ रही बाधा दूर होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको पिता के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए।

**धनु** — आज यदि आप नौकरी बदलना चाह रहे हैं, तो दिन बहुत ही अच्छा है। उच्च अधिकारियों से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। ऐसे लोगों से दूर रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। धार्मिक यात्राओं की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज नई संपत्ति में बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपके काम के बिगड़ने की संभावना है। आपके विचारों में नकारात्मकता स्थान ले सकती है। अपनी गलतियों को लेकर पछतावा हो सकता है।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में काफी दिनों से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। बुद्धिजीवी लोगों का मार्गदर्शन लेने का अवसर प्राप्त होगा। आप अपने कार्यों को तय समय पर पूर्ण कर लेंगे। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मीन** — आज पुराना ऋण चुकाने के लिए दिन अनुकूल है। जॉब में आपको नयी टीम के साथ काम करना पड़ सकता है। धैर्यवान होकर अपना काम करें। फिलहाल अधिक अपेक्षा रखना उचित नहीं है। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में धन लाभ होगा।

## सुडोकू -52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | | | |
| | | 8 | | | 7 | | 5 | |
| 1 | | | | | 5 | | | 2 |
| | 2 | | | 5 | | | 3 | |
| 9 | | | 6 | | 2 | | | 5 |
| | 1 | | | 8 | | | 4 | |
| 4 | | | 1 | | | 5 | | 3 |
| | 6 | | 5 | | | 9 | | |
| | | | | 2 | | | | 8 |

### सुडोकू - 51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 4 |



> मेरी फिटनेस दिन-ब-दिन बेहतर हो रही है। मैं बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़ी मेहनत कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि मैं जल्द ही खेल के मैदान पर वापस आऊंगा। लोगों का सपोर्ट ने मेरा हौसला बढ़ाया है।
>
> –ऋषभ पंत


# स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार, 5 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### देविका ने सफलता का श्रेय सिंधु को दिया

**नई दिल्ली।** थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 की विजेता देविका सिहाग ने अपनी इस शानदार जीत का श्रेय दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के साथ कई महीनों के अभ्यास और मशहूर कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के मार्गदर्शन को दिया। हरियाणा की यह 20 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और सिंधू के बाद सुपर 300 महिला एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला शटलर बन गईं है। देविका ने पीटीआई वीडियो से कहा सिंधु दीदी के खेल को करीब से देखना और उनके साथ अभ्यास करना मेरे लिए बहुत मददगार साबित हुआ। वह बहुत अनुशासित और मेहनती हैं और इससे मुझे भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली।

### निराशा को पीछे छोड़ पाना मुश्किल : सलाहुद्दीन

**ढाका।** बांग्लादेश के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने बुधवार को कहा कि क्रिकेटरों के लिए आने वाले टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने की निराशा को पीछे छोड़ना मुश्किल है। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत न आने का फैसला किया और बाद में आईसीसी ने उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। यह पहली बार है जब बांग्लादेश टीम मैनेजमेंट के किसी सदस्य ने सबके सामने कहा है कि टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का मौका गंवाना पूरी तरह से निराशाजनक बात है।



सुमित नागल। एजेंसी

### अच्छी तैयारी करते दिख रहे हैं नागल

**बेंगलुरु।** भारत की डेविस कप टीम ने बुधवार को यहां एक कड़े और व्यवस्थित अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने धीरे-धीरे अपनी तीव्रता बढ़ाई क्योंकि टीम नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है। हाल ही में कूल्हे की चोट के बाद वापसी कर रहे नागल ने दक्षिणेश्वर सुरेश के साथ सत्र शुरू किया। शुरुआती पलों में नागल अपनी मूवमेंट को लेकर सतर्क दिखे लेकिन उन्होंने बेसलाइन से धीरे-धीरे लय पकड़ ली। दक्षिणेश्वर ने अपनी सर्विस में निरंतरता से प्रभावित किया जबकि नागल ने टाइमिंग और नियंत्रित शॉट लगाने पर ध्यान केंद्रित किया। पास के कोर्ट पर करण सिंह ने पहले युवा खिलाड़ी अर्णव पापर्कर के साथ अभ्यास किया और फिर साझेदार बदलकर बाएं हाथ के खिलाड़ी अनिरुद्ध चंद्रशेखर के साथ खेले।

# आरसीबी की निगाह दूसरे खिताब पर, मिथक तोड़ने उतरेगी दिल्ली



दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स (बाएं) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना महिला प्रीमियर लीग फाइनल से पहले ट्रॉफी के साथ। एजेंसी

**वडोदरा, एजेंसी**

**टीम**

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रॉड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, लुसी हैमिल्टन, चिनेले हेनरी, मारिजान काप, अलाना किंग, लिजेल ली, मिन्नू मणि, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, शैफाली वर्मा, नंदनी शर्मा, श्री चरणी, प्रगति सिंह, सुजाना, लॉरा वोलवार्ट।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), लॉरेन बेल, नादिन डी क्लर्क, ऋचा घोष, ग्रेस हैरिस, दयालन हेमलता, गौतमी नाइक, श्रेयांका पाटिल, कुमार प्रथ्योशा, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, सयाली सतघरे, लिन्से स्मिथ, पूजा वस्त्राकर, जॉर्जिया वोल, राधा यादव।

लीग चरण में खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके उत्साह से लबरेज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के फाइनल में दूसरा खिताब जीतने की कोशिश करेगी जबकि पिछले तीन बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स की टीम खिताबी मुकाबले में हार के मिथक को तोड़ने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन दोनों टीम के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह निश्चित है कि फाइनल में रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

पूर्व चैंपियन आरसीबी ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने की अपनी क्षमता भी साबित की है। इसी जुझारूपन की बदौलत उसने लगातार पांच जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए इतिहास रचा। वह डब्ल्यूपीएल में ऐसा करने वाली पहली टीम बन गई। इस सत्र में आरसीबी की किसी न किसी खिलाड़ी ने जरूरत के समय अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे

- **महिला प्रीमियर लीग का फाइनल शाम 7:30 बजे से**

उसे हराना किसी भी टीम के लिए चुनौती बन गई है। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी दूसरा खिताब जीतकर मुंबई इंडियंस की बराबरी करना चाहेगी। पिछले दो मैच में उसने शानदार प्रदर्शन करके अच्छी लय के साथ फाइनल में प्रवेश किया है। उसने यूपी वॉरियर्स को पिछले मैच में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्रेस हैरिस की 75 रन की तूफानी पारी से आठ विकेट से हराया जबकि गुजरात जाएंट्स के खिलाफ गौतमी नाइक की 73 रन की पारी की मदद से 2024 की चैंपियन टीम ने 61 रन से जीत दर्ज की थी।

आरसीबी की चिंता इस सत्र में उसके कुछ बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इनमें मंधाना, हैरिस, जॉर्जिया वोल और ऋचा घोष भी शामिल हैं लेकिन कुछ अवसरों पर उनका योगदान निर्णायक साबित हुआ है। वहीं तेज गेंदबाज़ नादिन डी क्लर्क और सायली सतघरे ने अहम मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लर्क ने इस सत्र में आठ मैचों में 15 विकेट लिए हैं जिनमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 22 रन देकर चार विकेट है। फाइनल में उनकी भूमिका निर्णायक साबित हो सकती हैं। श्रेयांका पाटिल टीम को स्पिन विभाग में मजबूती प्रदान करती हैं, जिसका प्रमाण गुजरात जायंट्स के खिलाफ मिली जीत में देखने को मिला, जिसमें उन्होंने पांच विकेट लिए थे। मंधाना की टीम की खासियत एक संतुलित और महत्वपूर्ण क्षणों में शानदार प्रदर्शन करना है।

# अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड से टकराएगा भारत

## सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया

| | | | |
|---|---|---|---|
| 115 | रन | 15 | चौके |
| 104 | गेंद | 02 | छक्के |

**हरारे, एजेंसी**

भारत ने आरोन जॉर्ज (115 रन) के शानदार शतक के साथ आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और आयुष म्हात्रे (62 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से बुधवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। भारत अब शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। यह अंडर-19 टूर्नामेंट में भारत का 10वां फाइनल होगा।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते वैभव सूर्यवंशी।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए फैसल शिनोजादा (110) और उजैरुल्लाह नियाजई (101) के शतकों की मदद से 310 रन बनाए। लेकिन भारत ने यह लक्ष्य 41.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस तरह अंडर-19 विश्व कप में भारत ने अब तक के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। आरोन (104 गेंद, 15 चौके, दो छक्के) ने बेहतरीन शॉट्स की मदद से शतक जड़ा। उन्हें सूर्यवंशी (33 गेंद, नौ चौके, चार छक्के) और म्हात्रे (59 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) का पूरा साथ मिला जिससे भारत का रन-रेट पूरे समय सात से ऊपर ही रहा।

सूर्यवंशी ने अपने चिर परिचित अंदाज में बाउंड्री की झड़ी लगाकर पारी को शानदार शुरुआत दी जिसमें ऑफ-स्पिनर वाहिदुल्लाह जादरान के खिलाफ उन्होंने कई बेहतरीन शॉट्स लगाए। इसमें किस्मत ने भी उनका साथ दिया क्योंकि नियाजाई ने अब्दुल अजीज की गेंद पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का कैच छोड़ दिया, तब वह 22 रन पर थे। लेकिन इसके बावजूद सूर्यवंशी ने काफी आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने तेज गेंदबाज नूरिस्तानी उमरजई की गेंद पर एक शानदार हेलीकॉप्टर शॉट से छक्का भी लगाया।

सूर्यवंशी ने अपनी पारी में बार बार पुल शॉट खेलने की कोशिश की जो आखिरकार उनके आउट होने का कारण बना। उमरजई की गेंद पर वह सर्कल के अंदर उस्मान सादात के हाथों कैच आउट हुए। इस तरह पहले विकेट की साझेदारी 93 रन पर खत्म हुई। लेकिन आरोन ने फिर म्हात्रे के साथ मिलकर 102 गेंद में 114 रन की साझेदारी की और 27वें ओवर में भारत को 200 के पार पहुंचाया। म्हात्रे इस टूर्नामेंट में अपनी लय पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और उन्होंने सही समय पर अर्धशतक जड़ा। एक बार फिर आरोन ने एंकर की भूमिका निभाई जबकि म्हात्रे ने टीम को जरूरी रन रेट से आगे रखने के लिए जोखिम भरे शॉट खेले।

- **आरोन जॉर्ज ने लगाया शतक वैभव सूर्यवंशी व आयुष म्हात्रे ने खेली विस्फोटक पारियां**



आरोन जॉर्ज।

## टी-20 विश्व कप : अभ्यास मैच

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 241 रनों का लक्ष्य दिया

**नवी मुंबई, एजेंसी**

- **ईशान किशन ने खेली ताबड़तोड़ पारी, 20 गेंदों पर जड़े 53 रन**

ईशान किशन की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट पर 240 रन बनाए। इशान ने 20 गेंद में सात छक्कों और दो चौकों के साथ 53 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक शर्मा (24) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की।

चोट के बाद वापसी कर रहे तिलक वर्मा ने भी 19 गेंद में तीन छक्कों और इतने ही चौकों से 45 रन बनाए। अक्षर पटेल (नाबाद 35), कप्तान सूर्यकुमार यादव (30) और हार्दिक पंड्या (30) ने भी उपयोगी पारियां खेली। उम्मीद है कि ईशान सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले टी20 विश्व कप मैच में अभिषेक के साथ पारी का आगाज करेंगे।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद इशान किशन और अभिषेक शर्मा ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। इशान ने लुंगी एनगिडी के पहले ओवर में दो छक्के मारे जबकि कागिसो रबादा की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। अभिषेक ने कोर्बिन बॉश पर लगातार तीन चौके मारे। इशान ने पांचवें ओवर में एनरिच नोर्किया की लगातार गेंदों पर तीन छक्के और एक चौके से 29 रन जोड़े। इशान ने क्वेना मफाका पर छक्के के साथ सिर्फ 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर रिटायर्ड आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में सात छक्के और दो चौके लगाए। भारत ने पावर प्ले में एक विकेट पर 83 रन बनाए। अभिषेक भी 24 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए।

चोट के बाद वापसी कर रहे वर्मा शानदार लय में दिखे। उन्होंने स्पिनर जॉर्ज लिंडे पर छक्के और चौके से शुरुआत की और फिर नोर्किया पर भी लगातार दो चौके मारे। भारत ने 10 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाए। मार्को यानसेन ने तिलक को बोल्ड किया। उन्होंने 19 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और तीन चौके मारे। सूर्यकुमार भी 16 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 30 रन बनाने के बाद मफाका की गेंद पर लिंडे को कैच दे बैठे।



अभ्यास मैच के दौरान शॉट लगाते ईशान किशन। एजेंसी

# पिस्टल शूटर ईशा सिंह ने दिलाए दो स्वर्ण पदक

## एशियाई चैंपियनशिप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ओलंपियन ईशा सिंह ने पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और भारत को टीम वर्ग में भी पीला तमगा दिलाने में मदद की, लेकिन विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल किए। उन्होंने चीनी ताइपे की दो निशानेबाजों चेंग येन चिंग (235.4, रजत) और यू ऐ वेन (217.7, कांस्य) के अलावा हमवतन सुरुचि सिंह की कड़ी चुनौती से पार पाकर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इस निशानेबाज ने पिछले साल चीन के निंगबो में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2024 में 19 वर्ष की आयु में जकार्ता में अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीता था। पहले 10 शॉट के चरण के बाद फाइनल में



- **विश्व चैंपियन सम्राट राणा को करना पड़ा कांस्य पदक से संतोष**

बढ़त बनाने वाली 19 वर्षीय सुरुचि एलिमिनेशन राउंड में पिछड़ गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने और आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं।

ईशा ने संयम बनाए रखते हुए 10.4 और उससे अधिक के तीन स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा मजबूत किया जबकि इस बीच चीनी ताइपे की दोनों निशानेबाज पिछड़ गई। क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि 576 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मनु और ईशा दोनों का स्कोर 575 रहा। इन तीनों ने फाइनल में जगह बनाई। सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंकों के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

इससे पहले विश्व चैंपियन सम्राट पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले साल काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सम्राट ने क्वालीफाइंग राउंड में 581 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।

# चेल्सी को हराकर आर्सेनल पहुंचा इंग्लिश लीग कप के फाइनल में

**लंदन, एजेंसी**

आर्सेनल ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। काई हावर्ट्ज ने मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में अपने पूर्व क्लब के खिलाफ स्टॉपेज टाइम में गोल किया जिससे आर्सेनल ने चेल्सी को 1-0 से हराया।

इस तरह से उसने कुल मिलाकर 4-2 के अंतर से जीत हासिल की। आर्सेनल की टीम ने 2020 से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है लेकिन इस सत्र में उसने अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।



गोल का प्रयास करते आर्सेनल के गैब्रियल मार्टिनेली (बाएं) और चेल्सी के ट्रेवोह चालोबा।

उसकी टीम प्रीमियर लीग में छह अंकों की बढ़त के साथ 2004 के बाद पहली बार इंग्लिश चैंपियन बनने की दौड़ में है और लगातार आठ जीत के बाद चैंपियंस लीग तालिका में भी शीर्ष पर है। इसके अलावा आर्सेनल एफए कप के चौथे दौर में भी पहुंच गया है। इंग्लिश लीग कप के फाइनल में आर्सेनल का मुकाबला 22 मार्च को मैनचेस्टर सिटी या न्यूकैसल से होगा। मैनचेस्टर सिटी की टीम सेमीफाइनल के पहले चरण के बाद 2-0 से आगे है।

# कोपा डेल रे के सेमीफाइनल में पहुंचा बार्सिलोना

**मैड्रिड।** लामिन यामल और रोनाल्ड अरौजो ने प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने मंगलवार को दूसरी श्रेणी की टीम अल्बासेटे को 2-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अल्बासेटे ने राउंड ऑफ 16 में रियाल मैड्रिड को हराकर सबको चौंका दिया था।

बार्सिलोना के सामने भी उसने अच्छी चुनौती पेश की। बार्सिलोना की सभी टूर्नामेंटों में खेले गए पिछले 17 मैचों में यह 16वीं जीत है। वह लगातार चौथी बार कोपा सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड को हराकर खिताब जीता था। बार्सिलोना स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है और रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे है। कोपा का सेमीफाइनल दो चरणों में खेला जाएगा। फाइनल अप्रैल में सेविला में होगा।

## कवायद

### चार साल बाद लौटे मुख्य कोच चाहते हैं टीम को जीत की पटरी पर लाना

# महिला हॉकी टीम में एकता वापस लाना चाहते मारिन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चार साल बाद भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच के तौर पर वापसी करने वाले शोर्ड मारिन का ध्यान टीम में एकता, अनुशासन और संस्कृति वापस लाने पर है। उनकी नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम बनाने पर टिकी हैं।

नीदरलैंड के 71 साल के कोच मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय टीम के प्रभारी थे और उनके मार्गदर्शन में महिला टीम ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया था। उन्होंने हरेंद्र सिंह की जगह ली है, जिनके मार्गदर्शन में भारत पिछली एफआईएच प्रो लीग में आखिरी स्थान पर रहा था और बाद में उसे एफआईएच नेशंस कप में खिसका दिया गया।

मारिन ने बुधवार को वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मेरा मुख्य



ध्यान एक इकाई बनाने पर है, जो बहुत जरूरी है, और संस्कृति वापस लाना है। एक टीम के तौर पर मिलकर काम करना, विश्व कप क्वालीफायर से पहले कम समय में अपना ज्ञान साझा करना, और यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है। उन्होंने कहा एक इकाई, अनुशासन और कार्य आधारित रवैया आपको पदक दिलाएगा। अच्छी बात यह है कि जो स्तर मैंने अब अभ्यास मुकाबलों में देखा है, वह बहुत बेहतर है। हालात बहुत बेहतर हैं, फिटनेस बेहतर है। 2017 में जब मैं जुड़ा था तो स्तर कम था लेकिन इन वर्षों में इसमें सुधार हुआ है।

मारिन ने कहा जब मैंने शुरू किया था उसकी तुलना में अब बहुत बेहतर स्तर है, उनमें गति है। जब मैं सवाल पूछता हूं तो मुझे अधिक जवाब मिलते हैं क्योंकि अब 80 प्रतिशत लड़कियां अंग्रेजी बोलती हैं, वे पढ़ाई कर रही हैं। सब कुछ बेहतर हुआ है। मारिन ने कहा कि वह एक-एक कदम करके आगे बढ़ेंगे क्योंकि टीम आने वाले महीनों में कुछ बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार हो रही है। यह मेरे लिए कदम दर कदम आगे बढ़ने का रवैया है। पहले वर्ल्ड कप क्वालीफायर और फिर नेशंस कप। मुझे पता है कि क्या करना है। मुझे पता है कि मैं 2028 में टीम को कैसा देखना चाहता हूं। टीम के सभी 29 खिलाड़ी मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं।

### आने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं पर हैं नजरें

महिला टीम की नजरें आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर, 2026 एशियाई खेल और ओलंपिक चक्र में आने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं पर टिकी हैं। मारिन ने कहा लक्ष्य लॉस एंजिलिस के लिए क्वालीफाई करना है और मेरे लिए यह एक बहुत, बहुत अच्छी और बड़ी चुनौती है। इसे हासिल करना आसान नहीं होगा, क्योंकि दूसरे देशों ने भी प्रगति की है। चुनौती यह है कि इतने सारे टूर्नामेंट आने वाले हैं और इसलिए मैंने 29 खिलाड़ियों की एक बड़ी टीम रखी है। उन्होंने कहा हर टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है, लेकिन आखिर में एशियाई खेल महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह ओलंपिक क्वालीफायर है।